80/5

स्वप्नवासवदत्तम्

(हिन्दीभाषान्तर-संस्कृतटीका-प्रसङ्गसहितकठिनस्थलविवेचन-टिप्पणी-भूमिकादिभिः सह संस्कृतम्)

25
Vinod Book Depot
Publishers & Distributors
PACCA DANGA, JAMMU
BOOKS ARE NOT RETURNABLE

संस्कर्ता

आचार्य जगदीशलाल शास्त्री

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली • मुम्बई • कलकत्ता • चेन्नई • बंगलोर
पुणे • वाराणसी • पटना

श्रीमहाकविभासविरचितं

स्वप्नवासवदत्तम्

(हिन्दीभाषान्तर-संस्कृतटीका-प्रसङ्गसहितकठिनस्थलविवेचन-
टिप्पणी-भूमिकादिभिः सह संस्कृतम्)

संस्कर्ता
आचार्य जगदीशलाल शास्त्री

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली • मुम्बई • कलकत्ता • चेन्नई • बंगलौर
पुणे • वाराणसी • पटना

पुनर्मुद्रण : दिल्ली, १९८५, १९८८, १९९०, १९९७

© मोतीलाल बनारसीदास

मोतीलाल बनारसीदास

बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
८, महालक्ष्मी चैम्बर, वार्डेन रोड, मुम्बई ४०० ०२६
१२०, रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, चेन्नई ६०० ००४
सनाज प्लाजा, सुभाष नगर, पुणे ४११ ००२
१६, सेन्ट मार्क्स रोड, बंगलौर ५६० ००१
८, कैमेक स्ट्रीट, कलकत्ता ७०० ०१७
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
चौक, वाराणसी २२१ ००१

मूल्यः रु० १५

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड,
दिल्ली ११० ००७ द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस,
ए-४५ नारायणा, फेज़-१, नई दिल्ली ११० ०२८ द्वारा मुद्रित

अनुक्रमणिका

१. भूमिका—भास का महत्त्व; देशकाल-निर्णय; भास की कृतियाँ और उनका संक्षिप्त परिचय; प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण।
२. स्वप्नवासवदत्त का मूल पाठ, संस्कृत टीका और हिन्दी-भाषान्तर।
३. परीक्षोपयोगी अंशों की प्रसङ्ग-सहित व्याख्या।
४. टिप्पणियाँ

पात्र-परिचय

प्रमुख पात्र

उदयन—वत्सदेश का नृपति।

यौगन्धरायण—उदयन का प्रधान मन्त्री।

विदूषक—उदयन का नर्मसचिव।

वासवदत्ता—अवन्तिराज प्रद्योत महासेन की पुत्री तथा वत्सनरेश उदयन की प्रिया पत्नी।

पद्मावती—मगधनरेश दर्शक की बहन तथा उदयन की पत्नी।

आवन्तिका—आवन्तिका के वेष में वासवदत्ता।

सामान्य पात्र

चेटी, प्रतीहारी, धात्री, काञ्चुकीय आदि।

वे पात्र, जिनका केवल नाम-निर्देश किया गया है, किन्तु जो रंगमंच पर नहीं आते—

प्रद्योत महासेन—अवन्तिराज, वासवदत्ता के पिता।

गोपालक और पालक—प्रद्योत महासेन के पुत्र।

अंगारवती—प्रद्योत महासेन की पत्नी, वासवदत्ता की माता।

दर्शक—मगधनरेश तथा पद्मावती का भ्राता।

महादेवी—पद्मावती और दर्शक की माता।

रुमण्वान्—उदयन का अमात्य।

पुष्पकभद्र—उदयन का राजज्योतिषी।

भूमिका

महाकवि भास का महत्त्व

महाकवि कालिदास ने अपने नाटक 'मालविकाग्निमित्र' में 'प्रख्यातयश' भास का उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट है कि कालिदास के समय में भास के नाटक ख्यात हो चुके थे।

'हर्षचरित' की भूमिका में बाणभट्ट ने भास के नाटक-गुणों का संक्षिप्त परिचय दिया है। बाण ने स्पष्ट लिखा है कि भास को अपने नाटकों से ख्याति मिली।

महाकवि राजशेखर ने 'स्वप्नवासवदत्त' की स्तुति की है। राजशेखर लिखते हैं कि भास के नाटकों की जब अग्नि-परीक्षा हुई तब केवल 'स्वप्न-वासवदत्त' बचा, अन्य नाटक जल गये।

जयदेव कवि ने भास को कविता-कामिनी का हास कहा है—'भासो हासः।' हास्य के प्रतीकभूत विदूषक का जैसा अपूर्व अभिनय 'स्वप्नवासवदत्त' में मिलता है, वैसा किसी अन्य नाटक में नहीं।

भास का समय

भास के समय का निर्धारण सरल नहीं है। श्रीगणपति शास्त्री का विचार है कि भास कौटिल्य और पाणिनि से भी प्राचीन हैं। इनके मतानुसार भास का काल पाँचवीं शती ई० पू० है। डाक्टर वार्नेट इस विचार से सहमत नहीं हैं। उनका कथन है कि भास-नाटक-चक्र का कल्पित कवि भास वास्तव में सातवीं शती के एक केरलीय कवि से अभिन्न है।

डॉक्टर लेस्नी, प्रिन्ट्ज, बनर्जी, सुकथंकर आदि विद्वानों ने भास के नाटकों की भाषा-संबंधी अंतरंग-परीक्षा के आधार पर माना है कि भास कालिदास से प्राचीन है। भास का समय अधिकांश विद्वानों ने ईसा-पूर्व तीसरी शती माना है।

भास की कृतियाँ

भास ने तेरह नाटक लिखे हैं, जिनका विभाजन इस प्रकार है—

१. प्रतिमा (राम-वनवास से रावण-वध तक)
२. अभिषेक (राम का राज्याभिषेक)
३. पञ्चरात्र (महाभारत से सम्बद्ध)
४. मध्यमव्यायोग " " "
५. दूतघटोत्कच " " "
६. कर्णभार " " "
७. दूतवाक्य " " "
८. ऊरुभंग " " "
९. बालचरित (महाभागवत में वर्णित कृष्ण के चरित्र से सम्बद्ध)
१०. दरिद्रचारुदत्त (लोककथा पर आधारित)
११. अविमारक " " "
१२. प्रतिज्ञायौगन्धरायण (राजा उदयन की कथा पर आधारित)
१३. स्वप्नवासवदत्त " " " "

भास के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

प्रतिमा

प्रतिमा नाटक में भास ने राम के वन-गमन की घटना से लेकर रावण की मृत्यु तक की घटनाओं का वर्णन किया है।

प्राचीन काल में मृत राजाओं की प्रतिमाएँ मन्दिर में रखी जाती थीं। राजा दशरथ की मूर्त्ति भी इस रीति के अनुसार राज-मन्दिर में रखी गई। भरत अपने मामा के घर से जब लौटे तब मन्त्री उन्हें उस राज-मन्दिर में ले गये। दशरथ की मूर्त्ति को वहाँ देखकर भरत को उनकी मृत्यु का भेद खुला। इसी से नाटक का नाम 'प्रतिमा' हुआ है।

अभिषेक

अभिषेक में किष्किन्धा, सुन्दर और लंका-कांडों के कथानक का तथा राम के अभिषेक का वर्णन मिलता है।

पञ्चरात्र

जब द्रोण ने पांडवों को आधा राज्य देने के लिए दुर्योधन से कहा तब दुर्योधन ने प्रतिज्ञा की कि पाँच रातों में यदि पांडव मिल गये तो मैं उन्हें आधा राज्य दे दूंगा। द्रोण के प्रयत्न से पांडव मिल गये और दुर्योधन ने उन्हें आधा राज्य दे दिया। महाभारत में यह घटना नहीं मिलती।

मध्यमव्यायोग, दूतघटोत्कच, कर्णभार, दूतवाक्य और ऊरुभंग—ये नाटक महाभारत की विशिष्ट घटनाओं से संबद्ध हैं।

बालचरित

यह नाटक कृष्ण के बालचरित से संबद्ध है।

दरिद्रचारुदत्त

इस नाटक में दरिद्र, किन्तु चरित्रवान् ब्राह्मण चारुदत्त और रूपवती नगर वेश्या वसन्तसेना का विशुद्ध प्रेम वर्णित है।

अविमारक

इस नाटक में प्रेमकथा का चित्रण बहुत ही सुन्दर, सरस और सजीव है।

प्रतिज्ञायौगन्धरायण

वत्सराज उदयन को उज्जयिनी के नरेश महासेन ने कृत्रिम हाथी के छल से पकड़ लिया था। उदयन के नीति-निपुण मंत्री यौगन्धरायण ने उदयन को ही बन्धन से मुक्त नहीं बल्कि राजकुमारी वासवदत्ता का भी कपट से अपहरण कराया। इस रूपक में यौगन्धरायण की छल-नीति का मनोहर ढंग से प्रदर्शन हुआ है।

स्वप्नवासवदत्त

4.1 इस नाटक में वत्सराज उदयन का मगध की राजकुमारी पद्मावती से विवाह का वर्णन मिलता है। वासवदत्ता के जीवित रहते उदयन दूसरा

विवाह करना नहीं चाहते थे। मन्त्रियों ने वासवदत्ता को अग्निदाह में दग्ध घोषित करके किन्तु वास्तव में उसे छिपाकर उदयन का पद्मावती से विवाह योजित किया और पद्मावती के भाई राजा दर्शक की सहायता से आरुणि को परास्त किया। इस नाटक की सभी घटनाएँ स्वाभाविक हैं।

प्रमुख पात्रों के चरित्र

उदयन

वत्सराज उदयन नायक है। वह संगीत-कला में अद्वितीय है। मृदुप्रकृति, दर्शनीय, कलासक्त आदि गुणों के कारण हम उसे 'धीरललित' नायक कह सकते हैं।

नाटक के पहले तीन अंकों में हम उसे मंच पर नहीं देखते। चौथे अंक में ही वह मंच पर आता है; किन्तु पहले, दूसरे और तीसरे अंक में हम अन्य पात्रों के मुँह से उसका पर्याप्त परिचय प्राप्त कर लेते हैं।

पहले अंक में ब्रह्मचारी के मुँह से उसके चरित्र का कुछ ज्ञान हमें होता है। ब्रह्मचारी कहता है कि जब राजा ने सुना कि वासवदत्ता आग में जल गई तब वह आग में कूदकर अपने प्राण देने को तैयार हो गया। उसके दर्द को ब्रह्मचारी ने उसी के शब्दों में व्यक्त किया है। "इह तया सह हसितम्, इह तया सह कथितम्, इह तया सह पर्युषितम्, इह तया सह कुपितम्, इह तया सह शयितम्" आदि उदयन के परिदेवन हृदय पर एक तीव्र आघात पहुँचाते हैं।

वासवदत्ता के प्रति उदयन की इस मार्मिक संवेदना का तापसी पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। वह भी उदयन की प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकी है—

"स खलु गुणवान् नाम राजा य आगन्तुकेनाप्येवं प्रशस्यते।"

उसके रूप के बारे में तो चेटी ने उसे धनुष-बाण-रहित साक्षात् कामदेव माना है—"ननु शरचापहीनः कामदेवः।"

इन्हीं गुणों के कारण राजा दर्शक की बहिन पद्मावती उसपर मुग्ध है।

वासवदत्ता ने पद्मावती के इस आकर्षण का समर्थन किया है—'अयमपि जन एवमुन्मादितः ।'

वासवदत्ता की मृत्यु से दुःखित उदयन का पद्मावती के साथ शीघ्र विवाह कैसे हुआ ? इसके उत्तर में दूसरे अंक में धाय कहती है—

"आगमप्रधानानि सुलभपर्यवस्थानानि महापुरुषहृदयानि भवन्ति ।"

क्या उदयन ने स्वयं पद्मावती से विवाह करने का प्रस्ताव रखा ? उत्तर में धाय का कहना है कि वे किसी अन्य प्रयोजन से वहाँ आये थे । उनकी कुलीनता, विज्ञान, आयु और रूप को देखकर महाराज दर्शक ने स्वयं उनसे अनुरोध किया । पद्मावती से विवाह हो जाने के बाद भी वे वासवदत्ता को नहीं भूले । इस संबंध में पद्मावती कहती है कि "वे अनुकूल नायक हैं । वासवदत्ता के गुणों का स्मरण करते हुए भी वे मेरे समक्ष आँसू नहीं बहाते ।"

चौथे अंक में जब हम उदयन को प्रथम बार मंच पर देखते हैं तब हम उन्हें पद्मावती के प्रेम में मग्न पाते हैं । वे शेफालिका के पुष्पों से सुवासित प्रमदवन में भ्रमर-भ्रमरियों के परस्पर प्रेम की रीति में अपना मनोविनोद करते हैं । उन्हें मधुकर-मधुकरियों का वियोग सह्य नहीं है ।

पद्मावती के प्रति उन्हें अगाध प्रेम है, किन्तु वह प्रेम वासवदत्ता की स्मृति को नहीं भुला सका । दृढ़ प्रेम को भुलाना सरल नहीं है—

'दुःखं त्यक्तुं बद्धमूलोऽनुरागः'

वे गुणी हैं । गुणज्ञ भी हैं । वासवदत्ता के गुणों की पहचान रखते हैं ।

उनके विलासमय जीवन व्यतीत करने के फलस्वरूप आरुणि ने उनके राज्य का अधिकांश छीन लिया है । दर्शक की सहायता से जब वे आरुणि पर अभियान करने को प्रस्तुत हैं तब उनकी उक्ति में ओजस्विता है । वहाँ भी उन्होंने अपनी उदारता का परिचय दिया है, शत्रु की वीरता को सराहा है—'तमारुणिं दारुणकर्मदक्षम् ।'

महासेन प्रद्योत के सन्देश में उनकी वीरता की प्रशंसा है, किन्तु उदयन युद्ध में सफलता का श्रेय प्रद्योत, दर्शक, यौगन्धरायण और रुमण्वान् को देते हैं । इससे उनकी गुणज्ञता प्रकट होती है ।

यौगन्धरायण

यौगन्धरायण धैर्यशील, नीति-निपुण, दक्ष आयोजक, प्रत्युत्पन्नमति, गुणज्ञ, सतर्क और स्वामिभक्त मंत्री था। जब उसने देखा कि राज्य का अधिकांश भूभाग आरुणि ने छीन लिया है तब उसने मगधराज दर्शक से सहायता लेकर आरुणि को परास्त करने की योजना बनाई। वासवदत्ता के जीवित रहते उदयन दूसरा विवाह नहीं करना चाहते थे। इधर यौगन्धरायण की इच्छा थी कि मगधराज दर्शक की बहिन पद्मावती के साथ उदयन का विवाह हो जाय, जिससे दर्शक से सहायता मिल सके।

वह आशावादी था। उसे अपनी बुद्धि पर पूरा विश्वास था। उसमें धैर्य परा काष्ठा को पहुँच गया था। योजना-निर्माण के साथ-साथ योजना को सफल बनाने की उसमें पूरी शक्ति थी।

'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' से हमें ज्ञात होता है कि वह किस प्रकार उदयन को प्रद्योत के बंधन से छुड़ा लाया और साथ में वासवदत्ता का भी अपहरण कराया। 'स्वप्नवासवदत्त' में उसका एकमात्र ध्येय शत्रु को हराकर राज्य का उद्धार करना है।

प्रथम अंक से ही उसकी योजना का पूरा परिचय मिल जाता है। वासवदत्ता को पद्मावती के आश्रय में रखना अतीव बुद्धिमत्ता का कार्य था। उसकी आत्मा निर्भीक और निश्शंक थी।

प्रथम अंक के बाद हम उसे छठे अंक में देखते हैं। उसकी योजना सफल हो गई। वासवदत्ता की त्यागवृत्ति ने उसकी योजना को सफल बनाया। उसने दर्शक की सहायता से रुमण्वान् के नेतृत्व में आरुणि पर विजय पाई। तो भी उदयन के समक्ष प्रकट होने के समय वह कुछ शंकित है। वह मन में कहता है—

प्रच्छाद्य राजमहिषीं नृपतेर्हिताथं
कामं मया कृतमिदं हितमित्यवेक्ष्य।
सिद्धेऽपि नाम मम कर्मणि पार्थिवोऽसौ
किं वक्ष्यतीति हृदयं परिशङ्कितं मे॥

उदयन उसके गुणों से भलीभाँति परिचित हैं। यद्यपि वह वासवदत्ता के छिपाने और उसे पद्मावती के आश्रय में रखने के बारे में पूछते हैं तो भी उन्हें उसपर पूरा भरोसा है। यौगन्धरायण के चरित्र का यथार्थ चित्रण तो उदयन के ही निम्नांकित पद्य से हो जाता है—

मिथ्योन्मादेश्च युद्धैश्च शास्त्रदृष्टैश्च मन्त्रितैः।
भवद्यत्नैः खलु वयं मज्जमानाः समुद्धृताः॥

विदूषक

विदूषक का नाम वसंतक है। वह प्रायः राजा का मनोविनोद करता है। विकृत अंग, वाक्य और वेष से वह दर्शकों को हँसाता है। उसे भोजनभट्ट भी कहते हैं। मोदक उसे सदा ही प्रिय हैं।

नाटक में वह पहली बार चौथे अंक में आता है। पद्मावती के विवाह पर बहुत खा लेने के कारण उसे अजीर्ण हो गया है। वैसे तो वह महलों में रहता है, अंतःपुर की बावलियों में नहाता है, किन्तु अब पाचन-शक्ति के दुर्बल हो जाने से उसे नींद नहीं आती। वह हँसाने में निपुण है। उदर-विकार के कारण उसे भोजन अभीष्ट नहीं। तभी तो वह दासी से कहता है—"सर्वमानयतु भवती वर्जयित्वा भोजनम्। अधन्यस्य मम कोकिलानामक्षिपरिवर्त्त इव कुक्षिपरिवर्त्तः संवृत्तः।"

उसकी कल्पनाएँ भी विचित्र हैं; सुनकर प्रत्येक श्रोता को हँसी आयेगी। चौथे अंक के प्रमदवन-दृश्य में देखिए—"उताहो असनकुसुमसञ्चितं व्याघ्रचर्माविगुण्ठितमिव पर्वततिलकं नाम शिलापट्टकं गता भवेत्।"

इसी दृश्य में वह उड़ते हुए सारस पक्षियों की कतार की आकाश में फैली हुई बलदाऊ की भुजाओं से तुलना करता है। इस प्रकार की कल्पनाएँ श्रोतागण को अवश्य ही मुग्ध करेंगी।

जब वह हँसाता है तब उसके हँसाने के कई प्रकार होते हैं। उनमें भ्रांति भी एक प्रकार है। पाँचवें अंक में पद्मावती सिर-दर्द से पीड़ित है। उदयन और वह दोनों उसे देखने को जाते हैं। एक पुष्पमाला तोरण से गिरकर मार्ग में हवा के झकोरों से हिल रही है। वह उसे सर्प समझता है। अपने अनूठे अभिनय से दर्शकों को हँसाता है।

समुद्रगृह में जब वह उदयन को कहानी सुनाने लगता है तब वह भूल करता है—'नगर ब्रह्मदत्त, राजा काँपिल्य'। उदयन उसकी भूल को सुधारते हैं। वह उस सुधार को बार-बार रटता है—'राजा ब्रह्मदत्त, नगर काँपिल्य।' उसकी भूल दर्शकों को हँसाती है।

शीत से बचाने के लिए वह अपनी चद्दर लाने जाता है। जब लौटकर आता है तब उदयन उससे कहते हैं कि वासवदत्ता जीवित है। जब वे शय्या पर सो रहे थे, शय्या से लटकते हुए उनके हाथ को वह शय्या पर रखकर कहीं चली गई। विदूषक इस बात को नहीं मानता और कहता है कि मित्र, तुमने अवन्तिसुन्दरी नाम की यक्षिणी को देखा होगा, जो इस नगर में रहती है।

विदूषक को प्रायः भोजनभट्ट कहते हैं। पद्मावती के विवाह पर उसने बहुत खा लिया था; अतः उसके उदर में विकार हो गया। प्रमदवन में भी जब उदयन उससे पूछते हैं कि तुझे कौन अधिक प्रिय है—अब पद्मावती अथवा तब वासवदत्ता? वह उत्तर में कहता है कि उसे पद्मावती अधिक प्रिय है; क्योंकि वह उसे अच्छा भोजन खिलाती है—"स्निग्धेन भोजनेन मां प्रत्युद्गच्छति।"

नाटकों में प्रायः विदूषक की दुर्दशा को दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया जाता है। इस नाटक में भी उसकी दुर्दशा के कई उदाहरण मिलते हैं। प्रमदवन में धूप से बचने के लिए जब उदयन और विदूषक माधवीलता के मंडप में जाना चाहते हैं, तब पद्मावती की दासी मंडप की लता को हिला देती है, जिससे लता पर बैठे हुए भ्रमर विदूषक का पीछा करते हैं। वह चिल्लाता है—"दास्याः पुत्रैर्मधुकरैः पीडितोऽस्मि।"

वसंतक एक प्रतिभाशाली व्यक्ति है। प्रमदवन में शेफालिका के गुच्छों में फूल न देखकर वह अनुमान लगाता है कि पद्मावती अवश्य वहाँ आई होगी और उसने शेफालिका के फूल चुने होंगे।

इसी दृश्य में जब उदयन वासवदत्ता की याद में आँसू बहा रहा है, वह उसके लिए मुँह धोने का जल लाने जाता है। मार्ग में पद्मावती से भेंट हो जाने पर वह कहता है कि कास-फूलों की धूलि हवा से प्रेरित होकर उदयन

की आँख में आ गिरी। उनकी आँख से आँसू बहने लगे हैं। उनके लिए मैं मुँह धोने का जल ला रहा हूँ।

वह उदयन को उचित मंत्रणा भी देता है। दर्शक ने एक राजसभा बुलाई है—आरुणि पर आक्रमण करने के संबंध में। विदूषक उदयन से कहता हैं कि हमें स्वयं ही दर्शक के साथ सभा में पहुँचना चाहिए। आमंत्रण की प्रतीक्षा करना ठीक नहीं है। सभा का आयोजन करके दर्शक ने हमारा सम्मान किया है। अच्छा होगा कि हम स्वयं वहाँ पहुँचकर उसका सम्मान करें—"सत्कारो हि सत्कारेण प्रतीष्टः प्रीतिमुत्पादयति।"

प्रतिभाशाली, प्रत्युत्पन्नमति और योग्य परामर्शदाता होने के साथ-साथ वह गंभीर भी है। वासवदत्ता की याद में जब उदयन अत्यंत दुःखित हैं, वह उन्हें धैर्य बँधाता है—'धारयतु धारयतु भवान्।' स्वप्न-दृश्य में जब उदयन नहीं मानते कि वासवदत्ता मर चुकी है तब वह कहता है—'मेदानीमनर्थं चिन्तयित्वा।' जब घोषवती वीणा को देखकर उदयन फिर व्यथित होते हैं तब वह कहता है—'अब आप अधिक संताप न करें।"

इस नाटक में विदूषक को बहुत कम स्थान मिला है। चौथे और पाँचवें अंक में हम उसे उदयन के साथ देखते हैं। छठे अंक के आरम्भ में फिर हम उसे मंच पर देखते हैं। वीणा-दर्शन से संतप्त उदयन को वह धैर्य बँधा रहा है। उदयन उसे कह रहे हैं कि तुम वीणा को कारीगरों से ठीक करा लाओ। विदूषक चला जाता है। उसके संबंध में हम फिर कुछ नहीं सुनते।

वासवदत्ता

वासवदत्ता वत्सराज उदयन की पत्नी थी। वह मालव-देश के नरेश प्रद्योत महासेन की पुत्री थी। भास के प्रतिज्ञायौगन्धरायण से हमें ज्ञात होता है कि उदयन कभी प्रद्योत के बंदी रहे थे। वहाँ उन्होंने वासवदत्ता को संगीत की शिक्षा दी थी। उन दोनों का आपस में प्रेम इतना बढ़ गया कि जब मंत्री यौगन्धरायण ने उदयन को बन्धन से छुड़ाया तब वासवदत्ता उदयन के साथ चली आई।

स्वप्नवासवदत्त में उदयन को उस समय की याद आती है जब वासवदत्ता उदयन के सामने वीणा बजाती हुई अपनी सुध भूल जाती थी और उसका

हाथ वीणा के तारों पर न पड़कर शून्य में ही चलता था।

उदयन के साथ आते समय उसे अपने बन्धुजनों की याद आई। उसकी आँखों में आँसू भर आये, पर उसने आँसुओं को उदयन की छाती पर ही गिराया।

वासवदत्ता के प्रेम में त्याग की भावना थी। उसने पतिहित को ही अपना हित समझा। जब देश का अधिकांश छिन गया, केवल कौशाम्बी बची, तब उसने पति के सम्मान और प्रजा के हित की रक्षा के लिए मन्त्री की योजना को सफल बनाने का भार अपने पर लिया। उसकी दक्षता और त्याग हमारे हृदय में उसके प्रति अतुल श्रद्धा उत्पन्न करते हैं।

गुप्तवास का समय उसकी परीक्षा का काल था। ऐसी दशा में महान् पुरुषों का भी हृदय काँप उठता है। किन्तु नारी होकर भी उसने वह कार्य कर दिखाया, जिसे कुशल पुरुष भी सरलता से नहीं कर सकता। उसने इस लोकोक्ति को पुष्ट किया कि प्रेम स्वयं मार्ग दिखलाता है और त्याग स्वयं न देता है।

उसने आत्माभिमान को कभी नहीं त्यागा, किन्तु बड़ों का सदा आदर किया। तपोवन के आश्रम में जब भट मार्ग से लोगों को हटाने लगे तब उससे नहीं रहा गया। वह बोल उठी—'परिश्रम से वैसा कष्ट नहीं होता जैसा अपमान से होता है।' तो भी पद्मावती के प्रति उसे घृणा नहीं हुई। पद्मावती राजकुमारी थी, उसके प्रति वासवदत्ता के मन में बहिन का-सा स्नेह उमड़ आया। वह उसकी कुलीनता, रूप और मधुर वाणी पर मुग्ध हो गई। जब उसे मालूम हुआ कि उसके पिता प्रद्योत अपने पुत्र गोपालक के लिए उसकी माँग कर रहे हैं तब उसने उसे अपना ही समझा। किन्तु जब दासी से उसे पता चला कि वह उदयन से विवाह करना चाहती है तब उसे आश्चर्य नहीं हुआ। वह पद्मावती की गुणज्ञता पर प्रसन्न हुई।

वासवदत्ता का नारी-हृदय अति कोमल था। उसने कई बार उदयन के दुख में आँसू बहाये। पहले अंक में जब ब्रह्मचारी के मुँह से उसने उदयन की व्यथा सुनी, तब उसकी आँखें आँसुओं से भर गईं। चौथे अंक में भी उदयन को देखकर उसकी वैसी ही दशा हुई। किन्तु ऐसे अवसर इस नाटक में नहीं आए जबकि पद्मावती को उसका व्यवहार बुरा लगा हो। दूसरे अंक में उसने

पद्मावती से हँसी-मजाक भी किया है। पद्मावती गेंद खेल रही है। वासवदत्ता उससे कहती है—'बहिन ! गेंद खेलते-खेलते ललाई के बढ़ जाने से तुम्हारे हाथ मानों पराए हो रहे हैं।' यहाँ 'राग' से 'प्रेम' का अर्थ भी निकलता है और 'परकीय' शब्द से उदयन का भी संकेत होता है। इसी प्रकार 'अभित इव तेऽद्य वरमुखं पश्यामि'—इस वाक्य में वर मुख का अर्थ 'सुन्दर मुख' अथवा 'वर का मुख' दोनों हो सकता है।

अज्ञातवास में रहस्य खुल जाने के कई अवसर आए हैं, किन्तु वासवदत्ता ने अपने अज्ञातवास का रहस्य नहीं खुलने दिया। एक बार तो उसे झूठ भी बोलना पड़ा है। जब लतामण्डप के भीतर से वह उदयन को देखती है और उसकी आँखें आँसुओं से भर जाती हैं तब दासी को आश्चर्य होने लगता है। तब वासवदत्ता उत्तर में कहती है कि भ्रमरों ने कास के फूलों को हिला दिया है। मेरी आँखों में फूलों की धूलि पड़ जाने से पानी भर आया है। इसी प्रकार जब धाय पद्मावती से कहती है कि तुम्हारा उदयन के साथ वाग्दान-सम्बन्ध हो गया तब वासवदत्ता कहती है—बहुत बुरा हुआ। जब धाय उससे पूछती है—क्यों ? तब वह कहती है कि बुरा इसलिए हुआ कि उदयन, जो वासवदत्ता के शोक में अति सन्तप्त थे, अब पद्मावती से विवाह करने को शीघ्र ही तैयार हो गये। उसी दृश्य में जब वह कहती है कि उदयन दर्शनीय है तब पद्मावती उससे पूछती है कि तुम कैसे जानती हो ? वह घबराकर कहती है कि ऐसा उज्जयिनी के लोग कहते हैं। इस प्रकार उसके प्रत्युत्पन्नमति होने के कई उदाहरण इस नाटक में मिलते हैं।

अज्ञातवास में उसे कुछ ऐसे भी अवसर मिले हैं, जब वह अकेले में अपना दुख प्रकट कर सकी है। कैसे मार्मिक हैं उसके ये शब्द—"अहमपि शय्यायां दुःखं विनोदयामि यदि निद्रां लभे।"

दैव की निष्ठुरता पर भी उसने दो आँसू बहाये हैं—'अहो अकरुणाः खल्वीश्वराः।' किन्तु अज्ञातवास में उसे उदयन का वास्तविक परिचय मिला है जब उदयन स्पष्ट शब्दों में कह देते हैं कि मुझे पद्मावती की अपेक्षा वासवदत्ता अधिक प्रिय है। अज्ञातवास भी इस प्रकार लाभदायक सिद्ध हुआ है। वह कहती है—'अज्ञातवासोऽप्यत्र बहुगुणः सम्पद्यते।'

स्वप्न-दृश्य में उदयन अर्धनिद्रा में उससे पूछ रहे हैं—"क्या तुम रुष्ट हो ? यदि रुष्ट नहीं तो गृहने क्यों नहीं पहनी ?"

पद्मावती से ब्याह होने के बाद भी वासवदत्ता के प्रति उदयन के ऐसे उद्‌गार उसके हृदय की दशा के परिचायक तो हैं ही, किन्तु इस बात के भी साक्षी हैं कि वासवदत्ता में कुछ अलौकिक, असाधारण आकर्षक गुण रहे होंगे, जिन्हें भुलाना उदयन के लिए अति दुष्कर था।

अन्त में वासवदत्ता के प्रकट होने पर पद्मावती लज्जित सी होकर वासवदत्ता से क्षमा चाहती है—"मैंने तुम्हारे साथ सखी के समान व्यवहार किया जबकि मुझे गुरुजन के सदृश व्यवहार करना था।" किन्तु वासवदत्ता जानती है कि इसमें पद्मावती का दोष नहीं। उसके प्रति वासवदत्ता का भगिनिका-स्नेह स्थिर रहता है।

पद्मावती

पद्मावती उदयन की पत्नी थी। वह इस नाटक की नायिका है। जब मंत्रियों की योजना के अनुसार वासवदत्ता अज्ञात होकर रहने लगी तब उदयन ने मंत्रियों के कथन पर विश्वास कर वासवदत्ता को ग्रामदाह में दग्ध हुआ समझा। फिर उसने राजा दर्शक की बहिन पद्मावती के साथ ब्याह किया। आरुणि पर विजय पाने के लिए दर्शक से संबंध जोड़ना आवश्यक था। प्राचीन साहित्यकारों के अनुसार उदयन पद्मावती का ब्याह अर्थ-शृंगार कहलाता है।

तो भी पद्मावती में राजकुमारी के सभी आकर्षक गुण मिलते हैं। चौथे अङ्क में जब उदयन पद्मावती की अपेक्षा वासवदत्ता को अधिक महत्त्व देते हैं तब विदूषक पद्मावती को विशेष महत्त्व देता है। "तत्रभवती पद्मावती तरुणी, दर्शनीया, अकोपना, अनहङ्कारा, मधुरवाक्, सदाक्षिण्या। अयं चापरो महान् गुणः, स्निग्धेन भोजनेन मां प्रत्युद्‌गच्छति कुत्र नु गत आर्यवसन्तक इति।" विदूषक के इस कथन में पद्मावती के सभी गुण आ जाते हैं।

उसके रूपवती होने की पुष्टि वासवदत्ता की उक्ति से भी होती है। पहले अङ्क में जब वासवदत्ता उसे देखती है तब वह मन में कहती है—"अभिजनानुरूपं खल्वस्या रूपम्।" उदयन भी उसके रूप की प्रशंसा करते हैं—"रूपवती प्रिया को पाकर आज मेरा शोक मन्द-सा हो गया है।"

रूपवती तो वह है ही, किन्तु साथ ही वह मधुरभाषिणी भी है। जब वह तपोवन में तापसी को सविनय नमन करती है—'आर्ये वन्दे !' तब वासवदत्ता उसकी मधुर वाणी को सराहती है—'नहि रूपमेव वागपि खल्वस्या मधुरा।'

रूपवती और मधुरवाक् होने के साथ-साथ वह उदार भी है। कंचुकी उसे धर्मप्रिया कहता है। वह तपस्वियों को मनचाही वस्तुएँ देकर उन्हें सन्तुष्ट करने में ही अपना कल्याण समझती है। तपोवन में प्रायः प्रार्थी नहीं मिलते, किन्तु जब उसे प्रार्थी मिल जाता है, तब वह अपना तपोवन-आगमन सफल समझती है और जब कंचुकी प्रार्थी यौगन्धरायण की प्रार्थना को नहीं मानता, तब वह उससे कहती है—'आर्य ! प्रथममुद्घोष्य कः किमिच्छतीत्ययुक्तमिदानीं विचारयितुम्।'

सहानुभूति और संवेदना उसकी नस-नस में भरी है। ब्रह्मचारी जब उदयन की वेदना का वर्णन करते-करते उसकी मूर्च्छा का वर्णन करता है तब वह घबरा जाती है।

मन्त्री यौगन्धरायण वासवदत्ता को आवन्तिका के वेष में धरोहर रखते हैं। पद्मावती धरोहर का पालन-पोषण सावधानी से करती है। उसका व्यवहार सभी के साथ अच्छा है। जब वासवदत्ता उससे मजाक करती है तब उसे बुरा नहीं लगता।

पद्मावती को मालूम है कि उदयन को वासवदत्ता अधिक प्रिय है। यद्यपि उदयन वासवदत्ता की याद में पद्मावती के सामने नहीं रोये, तो भी उसने उन्हें वासवदत्ता की याद में छिपकर रोते हुए देखा है, वासवदत्ता को अधिक गौरव देते हुए छिपकर सुना है। वह रुष्ट नहीं हुई। वह इसमें भी उदयन का बड़प्पन देखती है।

वासवदत्ता की स्मृति में उदयन रो रहे हैं। विदूषक मुंह धोने के लिए जल ला रहा है। पद्मावती को यह सब मालूम है तो भी जब विदूषक उससे कहता है कि कास फूलों की धूलि उदयन की आँख में पड़ गई है, मैं उनके लिए मुखोदक ला रहा हूँ, तब पद्मावती को बुरा नहीं लगता। वह कहती है—'अहो सदाक्षिण्यस्य जनस्य परिजनोऽपि सदाक्षिण्य एव भवति।'

उसका स्वभाव अति सरल है। वह जिसे अपना समझती है, उस पर पूरा विश्वास करती है, चाहे वह व्यक्ति उससे कपट ही क्यों न कर रहा हो। उदयन को देखकर वासवदत्ता की आँखें आंसुओं से भर जाती हैं। वासवदत्ता उसका यथार्थ कारण पद्मावती से छिपाना चाहती है और कहती है कि कास-पुष्प की धूलि के पड़ने से मेरी आँखें आँसू से भर गई हैं। पद्मावती को उसके असत्य भाषण पर कुछ भी सन्देह नहीं होता।

पद्मावती शिरोवेदना से पीड़ित है। इससे न केवल उदयन, बल्कि वासव-दत्ता भी चिन्तित है। उसके सरल स्वभाव पर उसका सम्पूर्ण परिवार मुग्ध है। जब महासेन प्रद्योत, कंचुकी और धाय को उदयन के पास भेजते हैं और उदयन पद्मावती से कहता है—'क्या तुमने सुना कि महासेन ने कंचुकी और धाय को भेजा है', तब पद्मावती कहती है कि 'मुझे अपने बंधुओं का ल-वृत्तान्त सुनना अच्छा लगता है।' तो भी वह सन्देश सुनने के समय दयन के पास ठहरना नहीं चाहती। किन्तु उदयन उसे अपने पास ही बिठाते हैं।

महासेन का सन्देश क्या होगा ?—इसके बारे में वह उदयन से कम उद्विग्न नहीं है।

वासवदत्ता के चित्र को देखकर उसे एक साथ हर्ष और उद्वेग होते हैं। सम्भवत: उद्वेग इसलिए कि यदि आवन्तिका ही वासवदत्ता है तब उसने उसके साथ साधारण सखी-जैसा व्यवहार किया, जो उचित नहीं था। वासव-दत्ता के प्रकट होने पर वह सिर झुकाकर क्षमा माँगती है। उसकी सरलता से प्रभावित होकर उदयन वासवदत्ता के पुनर्मिलन पर भी उसे नहीं भूलते। वे जब महासेन से मिलने जाते हैं, पद्मावती को भी साथ ले जाते हैं।

———

श्रीभासविरचितं

स्वप्नवासवदत्तम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः—

उदयनवेन्दुसवर्णावासवदत्ताबलौ बलस्य त्वाम् ।
पद्मावतीर्णपूर्णौ वसन्तकम्रौ भुजौ पाताम् ॥१॥

उदयकालिकः यः नवः नूतनः इन्दुः चन्द्रः तेन समानः वर्णः ययोः तौ । आसवेन मद्येन दत्तम् अर्पितम् आसमन्तात् बलं सामर्थ्यं (यद्वा अबलं बलाभावः) याभ्यां तौ । पद्मायाः लक्ष्म्याः अवतीर्णेन अवतारेण (भावे क्तः), यद्वा पद्मस्य कमलस्य अवतीर्णः अवतारः तेन, पूर्णौ समृद्धौ । वसन्तः मधुमासः तद्वत् कम्रौ कमनीयौ । बलस्य बलभद्रस्य । भुजौ बाहू । त्वां युष्मान् सभ्यानित्यर्थः । पातां रक्षताम् ।

अत्र उदयन-वासवदत्ता-पद्मावती-वसन्तकानां प्रधानपात्राणां नामनिर्देशेन मुद्रालंकारः । तल्लक्षणं यथा—सूच्यार्थसूचनं मुद्रा प्रकृतार्थपरैः पदैः ॥१॥

(नान्दी के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—

नवोदित चन्द्रमा के समान उज्ज्वल (उदयनवेन्दुसवर्णौ), मदिरापान से सबल (आसवदत्ताबलौ), कमल के सदृश कोमल (पद्मावतीर्णपूर्णौ), वसन्त-ऋतु के तुल्य सुन्दर (वसन्तकम्रौ) बलराम की भुजाएँ (बलस्य भुजौ) आपकी रक्षा करें (त्वां पाताम्) ॥१॥*

---

* यहाँ पर 'आसवदत्ताबलौ' का विग्रह इस प्रकार होगा—आसवेन दत्तम् आसमन्ताद् बलं याभ्यां तौ । 'आसवदत्ताबलौ' का अन्य अर्थ भी हो सकता है—'मदिरापान से दुर्बल' । इस पक्ष में 'आसवदत्तांबलौ' का विग्रह इस प्रकार होगा—आसवेन दत्तम् अबलं याभ्यां तौ ।

'पद्मावतीर्णपूर्णौ' के भी दो अर्थ सम्भव हैं—(१) पद्मस्य अवतीर्णेन पूर्णौ—कमल की अवतीर्ण शोभा वा कोमलता से पूर्ण अर्थात् कमलतुल्य कोमल, अथवा (२) पद्मायाः अवतीर्णेन पूर्णौ—लक्ष्मी की शोभा से युक्त ।

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि । अये ! किन्नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते ? अज्ञ ! पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह । [उत्सरतोत्सरतार्याः ! उत्सरत]

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम् ।

भृत्यैर्मगधराजस्य स्निग्धैः कन्यानुगामिभिः ।
धृष्टमुत्सार्यते सर्वस्तपोवनगतो जनः ॥२॥

(निष्क्रान्तः)

स्थापना ।

मगधराजस्य (समासान्तष्टच्) मगधाधीशस्य दर्शकस्य । स्निग्धैः स्नेहपूर्णैः । कन्यां कुमारीं पद्मावतीमिति यावत् अनुगन्तुं सेवितुं शीलं येषां तैः । भृत्यैः सेवकैः । तपोवनगतः तपःसाधनं वनं तपोवनं (मध्यमपदलोपिकर्म०) तद् गतः (द्वितीया श्रितेति तत्पुरुषः) । सर्वः सकलः । जनः लोकः । धृष्टं बलात् । उत्सार्यते दूरीक्रियते ॥२॥

आपलोगों से मेरा यह निवेदन है—अये ! ज्योंही मैं आपलोगों से कुछ कहने लगा, यह कैसी आवाज कान में आ पड़ी ? अच्छा, देखता हूँ ।

(नेपथ्य में)

हटो, हटो; लोगो, हटो ।

सूत्रधार—अच्छा, समझ में आ गया ।

मगधराज के (मगधराजस्य) स्नेही (स्निग्धैः) सेवक (भृत्यैः), जो कि राजपुत्री की सेवा के लिए साथ आए हैं (कन्यानुगामिभिः), तपोवन के सभी लोगों को (सर्वः तपोवनगतः जनः) उद्दंडता से(धृष्टम्)हटा रहे हैं (उत्सार्यते) ॥२॥

(सूत्रधार चला जाता है)

(प्रस्तावना समाप्त)

(प्रविश्य)

भटौ—उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह । [उत्सरतोत्सरतार्याः ! उत्सरत]

(ततः प्रविशति परिव्राजकवेषो यौगन्धरायण आवन्तिकावेषधारिणी वासवदत्ता च)

यौगन्धरायणः—(कर्णं दत्वा) कथमिहाप्युत्सार्यते ?

कुतः—

धीरस्याश्रमसंश्रितस्य वसतस्तुष्टस्य वन्यैः फलै-
र्मानार्हस्य जनस्य वल्कलवतस्त्रासः समुत्पाद्यते ।
उत्सिक्तो विनयादपेतपुरुषो भाग्यैश्चलैर्विस्मितः
कोऽयं भो निभृतं तपोवनमिदं ग्रामीकरोत्याज्ञया ॥३॥

धीरस्य धैर्ययुक्तस्य । आश्रमं तपोवनं संश्रितस्य आश्रितस्य । वसतः वासं कुर्वतः । वन्यैः वने भवैः । फलैः आम्रादिभिः । तुष्टस्य सन्तोषं प्राप्तस्य । मानार्हस्य मानमर्हतीति मानार्हस्तस्य आदरणीयस्य । वल्कलवतः चीर-वाससः । जनस्य लोकस्य । त्रासः भयम् । समुत्पाद्यते जन्यते । भोः इत्यनादरे । उत्सिक्तः उद्धतः । विनयात् सौजन्यात् । अपेतपुरुषः अपेताः रहिताः पुरुषाः यस्य सः । चलैः अस्थिरैः । भाग्यैः भागधेयैः । विस्मितः गर्वितः । अयं कः पुरुषः । इदं पुरोवर्ति । निभृतं शान्तम् । तपोवनम् आश्रमस्थानम् । आज्ञया उत्सारणादेशेन । ग्रामीकरोति (अभूततद्भावे च्विः) ग्रामसमतां नयति ॥३॥

(प्रवेश करके)

सिपाही—हटो, हटो; लोगो, हटो ।

(संन्यासी के वेष में यौगन्धरायण और अवन्तिदेश की नारी के वेष में वासवदत्ता का प्रवेश)

यौगन्धरायण—(कान लगा कर) क्या यहाँ भी लोगों को हटाया जा रहा है ?

तपोवन में रहने वाले (वसतः), वानप्रस्थ अथवा संन्यासी (आश्रम-संश्रितस्य), वन के फलों से सन्तुष्ट (वन्यैः फलैः तुष्टस्य), सम्मानयोग्य

वासवदत्ता—अय्य ! को एसो उस्सारेदि ? [आर्य ! क एष उत्सारयति ?]

यौगन्धरायणः—भवति ! यो धर्मादात्मानमुत्सारयति ।

वासवदत्ता—अय्य ! णहि एव्वं वत्तुकामा, अहंवि णाम उस्सारइदव्वा होमित्ति ।[आर्य ! नह्येवं वक्तुकामा, अहमपि नामोत्सारयितव्या भवामीति ।]

यौगन्धरायणः—भवति ! एवमनिर्ज्ञातानि दैवतान्यप्यवधूयन्ते ।

वासवदत्ता—अय्य ! तह परिस्समो परिखेदं ण उप्पादेदि जह अय्यं परिभवो । [आर्य ! तथा परिश्रमः परिखेदं नोत्पादयति यथायं परिभवः]

यौगन्धरायणः—भुक्तोज्झित एष विषयोऽत्रभवत्या, नात्र चिन्ता कार्या । कुतः—

(मानार्हस्य), वल्कलधारी (वल्कलवतः) धैर्यशील मनुष्य को (धीरस्य जनस्य) क्योंकर (कुतः) डराया जा रहा है (त्रासः समुत्पाद्यते) ? अहो ! कौन है यह (भोः कोऽयम्) घमंडी पुरुष (उत्सिक्तः), जिसके सेवक उद्दंड हैं (विनयात् अपेतपुरुषः), जो चंचल धनवैभव से गर्वित होकर (चलैः भाग्यैः विस्मितः) इस शान्त तपोवन को (इदं निभृतं तपोवनम्) (अपने) आदेश से (आज्ञया) गाँव-सा बना रहा है (ग्रामीकरोति) ? ॥३॥

वासवदत्ता—आर्य ! यह कौन हटा रहा है ?

यौगन्धरायण—आर्ये ! जो अपने को धर्म से हटा रहा है ।

वासवदत्ता—आर्य ! मेरे कहने का यह तात्पर्य नहीं । मैं पूछती हूँ—क्या मैं भी हटाई जाऊँगी ?

यौगन्धरायण—इस प्रकार अनजाने देवताओं का भी तिरस्कार हो जाता है ।

वासवदत्ता—आर्य ! परिश्रम मुझे वैसा कष्ट नहीं देता जैसा कि यह अपमान ।

यौगन्धरायण—आपने भी इस प्रकार को पहले अपनाया था, अब त्याग दिया । इसकी चिन्ता करना व्यर्थ है । क्योंकि—

पूर्वं त्वयाप्यभिमतं गतमेवमासी-
च्छ्लाघ्यं गमिष्यसि पुनर्विजयेन भर्त्तुः ।
कालक्रमेण जगतः परिवर्त्तमाना
चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः ॥४॥

भटौ—उस्सरह अय्या ! उस्सरह । [उत्सरतार्याः ! उत्सरत]

(ततः प्रविशति काञ्चुकीयः)

काञ्चुकीयः—सम्भषक ! न खलु न खलूत्सारणा कार्या । पश्य—

पूर्वं पुरा । त्वयापि भवत्यापि । एवम् ईदृशम् । अभिमतम् इष्टम् । गतं प्रस्थितम् । आसीत् । पुनः भूयः । भर्तुः पत्युः । विजयेन राज्यप्राप्ति-लक्षणेन । श्लाघ्यं प्रशंसनीयं यथा स्यात्तथा । गमिष्यसि यास्यसि । कालक्रमेण अनुकूलप्रतिकूलकालानुसारेण । परिवर्तमाना भ्रमन्ती । जगतः लोकस्य । भाग्यपङ्क्तिः दैवपरम्परा । चक्रस्य रथाङ्गस्य अराणां नेमिकाष्ठानां पङ्क्तिरिव श्रेणिरिव गच्छति । यथा चक्रारपङ्क्तिः उपरि अधश्च गच्छति तथैव लोकस्य शुभाशुभानि भाग्यानि समयक्रमेण परिवर्तन्ते । तथा हि—नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥४॥

आपको भी (त्वया अपि) पहले (पूर्वम्) इस प्रकार चलना (एवं गतम्) अभीष्ट था (अभिमतम् आसीत्) । पति की विजय होने पर (भर्त्तुः विजयेन) आप फिर (पुनः) (उसी प्रकार) गौरव से चलोगी (श्लाघ्यं गमिष्यसि) । समय के बदलने से (कालक्रमेण) बदलनेवाली (परिवर्त्तमाना) संसार की भाग्यरेखा (जगतः भाग्यपङ्क्तिः) पहिये के अरों की भाँति (चक्रारपङ्क्तिः इव) चलती है (गच्छति) ॥४॥

सिपाही—हटो, लोगो, हटो ।

(कंचुकी का प्रवेश)

कञ्चुकी—संभषक ! हटाओ नहीं, हटाओ नहीं, देखो—

परिहरतु भवान् नृपापवादं
न परुषमाश्रमवासिषु प्रयोज्यम् ।
नगरपरिभवान् विमोक्तुमेते
वनमभिगम्य मनस्विनो वसन्ति ॥५॥

उभौ—अय्य ! तह । [आर्य ! तथा]

(निष्क्रान्तौ)

यौगन्धरायणः—हन्त ! सविज्ञानमस्य दर्शनम् । वत्से ! उपसर्पावस्तावदेनम् ।

वासवदत्ता—अय्य ! तह । [आर्य ! तथा]

यौगन्धरायणः—(उपसृत्य) भोः ! किङ्कृतेयमुत्सारणा ?

काञ्चुकीयः—भोस्तपस्विन् !

भवान् । नृपस्य राज्ञः दर्शकस्य अपवादं निन्दां परिहरतु वर्जयतु । आश्रमवासिषु तपस्विषु विषये भवता परुषं निष्ठुरं न प्रयोज्यं न प्रयोक्तव्यम् । मनस्विनः शान्तचित्ताः । एते तापसाः । नगरपरिभवान् नगरसुलभान् अनादरान् । विमोक्तुं परिहर्तुम् । वनम् अरण्यम् । अभिगम्य आगत्य । वसन्ति श्रयन्ते ॥५॥

आप (भवान्) राजा की निंदा (नृपापवादं) न होने दें (परिहरतु) । आश्रमवासियों के साथ (आश्रमवासिषु) कठोर व्यवहार (परुषम्) नहीं करना चाहिए (न प्रयोज्यम्) । ये सदाचारी लोग (एते मनस्विनः) नगर के अपमानों से बचने के लिए ही (नगरपरिभवान् विमोक्तुम्) वन में आकर (वनम् अभिगम्य) रहते हैं (वसन्ति) ॥५॥

दोनों—आर्य ! अच्छा । (दोनों चले जाते हैं)

यौगन्धरायण—अहा ! (कैसे) अच्छे हैं इसके विचार ! बेटी ! चलो इसके पास चलें ।

वासवदत्ता—आर्य ! अच्छा ।

यौगन्धरायण—(पास जाकर) लोगों को क्यों हटाया जा रहा है ?

कंचुकी—तापस !

यौगन्धरायणः—(आत्मगतम्) तपस्विन्निति गुणवान् खल्वयमालापः। अपरिचयात्तु न श्लिष्यते मे मनसि।

काञ्चुकीयः—भोः! श्रूयताम्। एषा खलु गुरुभिरभिहितनामधेयस्यास्माकं महाराजदर्शकस्य भगिनी पद्मावती नाम। सैषा नो महाराजमातरं महादेवीमाश्रमस्थामभिगम्यानुज्ञाता तत्रभवत्या राजगृहमेव यास्यति। तदद्यास्मिन्नाश्रमपदे वासोऽभिप्रेतोऽस्याः। तद् भवन्तः—

तीर्थोदकानि समिधः कुसुमानि दर्भान्
स्वैरं वनादुपनयन्तु तपोधनानि।
धर्मप्रिया नृपसुता नहि धर्मपीडा-
मिच्छेत् तपस्विषु कुलव्रतमेतदस्याः ॥६॥

तीर्थोदकानि तीर्थस्य पवित्रस्य जलाशयस्य उदकानि जलानि। समिधः काष्ठानि। कुसुमानि पुष्पाणि। दर्भान् कुशान्। (इमानि) तपोधनानि तपस्साधनानि। स्वैरं स्वेच्छया। वनात् अरण्यात्। उपनयन्तु आनयन्तु। हि यतः। धर्मप्रिया धर्मानुरागिणी। नृपसुता राजपुत्री पद्मावती। तपस्विषु तपोधनेषु। धर्मपीडां धर्मबाधाम्। न इच्छेत् न वाञ्छेत्। एतत् धर्माचरणम्। अस्याः राजसुतायाः। कुलव्रतं वंशाचरणम्। अस्तीति शेषः ॥६॥

यौगन्धरायण—(मन में) 'तापस' शब्द से आमंत्रण करना प्रशंसा प्रकट करता है, किन्तु ऐसा आमंत्रण कभी पहले किसी ने नहीं किया, अतः मुझे अच्छा नहीं लगता।

कंचुकी—सुनिए। यह हमारे महाराज दर्शक की, जिनका 'दर्शक' नाम गुरुजनों ने (यथार्थ ही) रखा है, बहन पद्मावती है। यह हमारे महाराज की वानप्रस्थी माता महादेवी से मिलकर फिर उनकी आज्ञा पाकर राजगृह को ही लौट रही हैं। तो आज यह इसी आश्रम में रहना चाहती हैं। अतः आप—

तीर्थजल (तीर्थोदकानि), लकड़ी (समिधः), फूल (कुसुमानि) और कुश आदि (दर्भान्) तपस्या की सामग्री को (तपोधनानि) यथेष्ट (स्वैरम्) वन से ले आवें (वनाद् उपनयन्तु)। राजकुमारी (नृपसुता) धर्मप्रिया है। यह

यौगन्धरायणः—(स्वगतम्) एवम् ! एषा सा मगधराजपुत्री पद्मावती नाम, या पुष्पकभद्रादिभिरादेशिकैरादिष्टा स्वामिनो देवी भविष्यतीति। ततः—

प्रद्वेषो बहुमानो वा सङ्कल्पादुपजायते।
भर्तृदाराभिलाषित्वादस्यां मे महती स्वता ॥७॥

वासवदत्ता—(स्वगतम्) राअदारिअत्ति सुणिअ भइणिआसिणेहो वि मे एत्थ संपज्जइ। [राजदारिकेति श्रुत्वा भगिनिकास्नेहोऽपि मेऽत्र सम्पद्यते]

(ततः प्रविशति पद्मावती सपरिवारा चेटी च)

प्रद्वेषः वैरम्। बहुमानः अत्यादरः। वा। संकल्पात् मनोव्यापारात्। उपजायते उद्भवति। भर्तुः स्वामिनः दाराः भार्या इति भर्तृदाराः (दारशब्दः पुंसि बहुवचने च प्रयुज्यते) तान् अभिलषतीति भर्तृदारालाषी तस्य भावः तस्मात्। मे मम यौगन्धरायणस्य। अस्यां पद्मावत्याम्। महती अनल्पा। स्वता आत्मीयबुद्धिः। अस्तीति शेषः ॥७॥

तपस्वियों के धर्मकार्य में विघ्न (तपस्विषु धर्मपीडाम्) नहीं डालना चाहती (नहि इच्छेत्)। यह (एतत्) इसके (अस्याः) कुल का नियम है (कुलव्रतम्) ॥६॥

यौगन्धरायण—(मन में) ऐसा ! यह वही मगध की राजकुमारी पद्मावती है, जो पुष्पकभद्र आदि ज्योतिषियों के कथनानुसार महाराज उदयन की रानी बनेगी। क्योंकि—

वैर (प्रद्वेषः) अथवा सम्मान (बहुमानो वा) मन की भावना से होता है (संकल्पादुपजायते)। क्योंकि मैं चाहता हूँ कि यह हमारे स्वामी की पत्नी बने अतः (भर्तृदाराभिलाषित्वाद्) इसके प्रति (अस्यां) मेरे मन में आत्मीयता की भावना हो रही है (मे महती स्वता) ॥७॥

वासवदत्ता—(मन में) 'पद्मावती राजकुमारी है' यह सुनकर मेरा इस के प्रति बहन का-सा स्नेह भी हो रहा है।

(सखियों-सहित पद्मावती तथा उसकी दासी का प्रवेश)

चेटी—एदु एदु भट्टिदारिआ, इदं अस्समपदं पविसदु । [एत्वेतु भर्तृदारिका, इदमाश्रमपदं प्रविशतु]

(ततः प्रविशत्युपविष्टा तापसी)

तापसी—साअदं राअदारिआए । [स्वागतं राजदारिकायै]

वासवदत्ता—(स्वगतम्) इअं सा राअदारिआ । अभिजणाणुरूवं खु से रूवं । [इयं सा राजदारिका । अभिजनानुरूपं खल्वस्या रूपम् ।]

पद्मावती—अय्ये ! वंदामि । [आर्ये ! वन्दे]

तापसी—चिरं जीव । पविस जादे ! तवोवणाणि णाम अदिहिजणस्स सअगेहं । [चिरं जीव । प्रविश जाते ! तपोवनानि नामातिथिजनस्य स्वगेहम्]

पद्मावती—भोदु भोदु । अय्ये ! विस्सत्थम्हि । इमिणा बहुमाणवअणेण अणुग्गहिदम्हि । [भवतु भवतु । आर्ये ! विश्वस्तास्मि । अनेन बहुमानवचनेनानुगृहीतास्मि]

वासवदत्ता—(स्वगतम्) णहि रूवं एव्व, वाआ वि खु से महुरा । [नहि रूपमेव, वागपि खल्वस्या मधुरा]

तापसी—भद्दे ! इमं दाव भद्दमुहस्स भइणिअं कोच्चि राआ ण वरेदि ? [भद्रे ! इमां तावद् भद्रमुखस्य भगिनिकां कश्चिद् राजा न वरयति ?]

दासी—आइए, राजकुमारी जी, आइए । इस आश्रम में प्रवेश कीजिए ।

(बैठी हुई तापसी का प्रवेश)

तापसी—राजकुमारी ! आपका स्वागत है ।

वासवदत्ता—(मन में) यह वही राजकुमारी है । ठीक इसका रूप उच्च कुल के अनुरूप है ।

पद्मावती—आर्ये ! मैं आपको प्रणाम करती हूँ ।

तापसी—चिरकाल तक जीओ, वत्से ! आओ, तपोवन तो अतिथियों का अपना ही घर है ।

पद्मावती—अच्छा, आर्ये ! मैं निश्चिन्त हो गई । आपके इस आदर-वचन से मैं कृतकृत्य हो गई ।

वासवदत्ता—(मन में) केवल रूप ही नहीं, इसकी वाणी भी मधुर है ।

तापसी—भद्रे ! क्या कोई राजा हमारे भद्रमुख राजा की इस बहन की माँग नहीं करता ?

चेटी—अत्थि राआ पज्जोदो णाम उज्जइणीए। सो दारअस्स कारणादो दूदसम्पादं करेदि। [अस्ति राजा प्रद्योतो नामोज्जयिन्याः। स दारकस्य कारणाद् दूतसम्पातं करोति]

वासवदत्ता—(आत्मगतम्) भोदु भोदु। एसा अ अत्तणीया दाणिं संवुत्ता। [भवतु भवतु। एषा चात्मीयेदानीं संवृत्ता।]

तापसी—अर्हा खु इअं आइदी इमस्स बहुमाणस्स। उभआणि राअउलाणि महत्तराणि त्ति सुणीअदि। [अर्हा खल्वियमाकृतिरस्य बहुमानस्य। उभे राजकुले महत्तरे इति श्रूयते।]

पद्मावती—अय्य! किं दिट्ठो मुणिजणो अत्ताणं अणुग्गहीदुं। अभिप्पेदप्पदाणेण तवस्सिजणो उवणिमंतीअदु दाव को किं एत्थ इच्छदित्ति। [आर्य! किं दृष्टो मुनिजन आत्मानमनुग्रहीतुम्? अभिप्रेतप्रदानेन तपस्विजन उपनिमन्त्र्यतां तावत् कः किमत्रेच्छतीति।]

काञ्चुकीयः—यदभिप्रेतं भवत्या। भो भोः आश्रमवासिनस्तपस्विनः! शृण्वन्तु शृण्वन्तु भवन्तः, इहात्रभवती मगधराजपुत्री अनेन विस्रम्भेणोत्पादितविस्रम्भा धर्मार्थमर्थेनोपनिमन्त्रयते।

दासी—उज्जयिनी का राजा प्रद्योत है। उसने अपने पुत्र के लिए दूत भेजा है।

वासवदत्ता—(मन में) यह तो अब मेरी अपनी हो गई।

तापसी—सचमुच यह आकृति इस सम्मान के योग्य ही है। सुना जाता है कि दोनों राजकुल बड़े ऊँचे हैं।

पद्मावती—आर्य! क्या कोई ऐसा मुनि मिला है, जो (कुछ वस्तु लेकर) हमें अनुगृहीत करे। जो वस्तु उन्हें चाहिए, वह मिलेगी, ऐसा कहकर मुनियों से पूछो कि कौन-सी वस्तु किसे चाहिए।

कञ्चुकी—जैसा आप चाहती हैं, वैसा ही होगा। आश्रमवासी मुनियो! आप सुन लें कि यह मगधराजकुमारी आपके द्वारा किये गये अभिनन्दन से प्रोत्साहित होकर धर्मलाभ के लिए आपको दान देने के लिए आमन्त्रित करती है—

कस्यार्थः कलशेन को मृगयते वासो यथानिश्चितं
दीक्षां पारितवान् किमिच्छति पुनर्देयं गुरोर्यद् भवेत् ।
आत्मानुग्रहमिच्छतीह नृपजा धर्माभिरामप्रिया
यद्यस्यास्ति समीप्सितं वदतु तत् कस्याद्य किं दीयताम् ॥८॥

यौगन्धरायणः—(आत्मगतम्) हन्त ! दृष्ट उपायः । (प्रकाशम्) भोः ! अहमर्थी ।

पद्मावती—दिट्ठिआ सहलं मे तपोवणाभिगमणं । [दिष्ट्या सफलं मे तपोवनाभिगमनम् ।]

कस्य तापसस्य । कलशेन घटेन । अर्थः प्रयोजनम् । कः तापसः । वासः वस्त्रम् । मृगयते वाञ्छति । कः तापसः । यथानिश्चितम् यथाध्यवसितम् । दीक्षाम् अध्ययनं शिक्षामितियावत् । पारितवान् समापितवान् । पुनः भूयः । किं वस्तु । इच्छति ईहते । यत् वस्तु । गुरोः आचार्यस्य । देयं दक्षिणात्वेन दातव्यम् । भवेत् स्यात् । इह अस्मिन् आश्रमे । धर्मे अभिरामः अभिरुचिः येषां ते धर्माभिरामाः धर्मानुरागिणः, ते प्रियाः यस्याः सा, यद्वा धर्मोऽभिरामः प्रियश्च यस्याः सा । नृपजा राजसुता । आत्मानुग्रहं स्वधन्यताम् । इच्छति अभिलषति । यस्य तपस्विनः । यत् वस्तु । समीप्सितम् अभीष्टम् । अस्ति वर्तते । सः तापसः । तद् वस्तु । वदतु कथयतु । अद्य अस्मिन् दिवसे काले वा । कस्य तपस्विनः । किं वस्तु । दीयतां समर्प्यताम् । तदुच्यतामिति शेषः ॥८॥

किसे (कस्य) कलश चाहिए (कलशेन अर्थः) ? कौन (कः) वस्त्र चाहता है (वासः मृगयते)? किसने अपनी निश्चित (यथानिश्चितं) शिक्षा को समाप्त किया है (दीक्षां पारितवान्) ? वह क्या चाहता है (पुनः किम् इच्छति) जो उसे गुरुदेव को देना है (यद् गुरोः देयं भवेत्) ? धार्मिक जनों में श्रद्धालु राजकुमारी (धर्माभिरामप्रिया नृपजा) इस आश्रम में (इह) अपना कल्याण (आत्मानुग्रहम्) चाहती है (इच्छति) । जो वस्तु (यद्) जिसे (यस्य) चाहिए (समीप्सितम् अस्ति) वह कहे (तत् वदतु), किसे (कस्य) आज (अद्य) क्या दिया जाय (किं दीयताम्) ? ॥८॥

यौगन्धरायण—(मन में) अहा ! मुझे अच्छा उपाय सूझा । (प्रकट) अजी ! मैं प्रार्थी हूँ ।

पद्मावती—मैं कृतार्थ हुई । तपोवन में मेरा आना सफल हुआ ।

तापसी—संतुट्ठतवस्सिजणं इदं अस्समपदं । आअंतुएण इमिणा होदव्वं । [सन्तुष्टतपस्विजनमिदमाश्रमपदम् । आगन्तुकेनानेन भवितव्यम् ।]

काञ्चुकीयः—भोः किं क्रियताम् ?

यौगन्धरायणः—इयं मे स्वसा । प्रोषितभर्तृकामिमामिच्छाम्यत्रभवत्या कञ्चित् कालं परिपाल्यमानाम् । कुतः—

कार्यं नैवार्थैर्नापि भोगैर्न वस्त्रै-
र्नाहं काषायं वृत्तिहेतोः प्रपन्नः ।
धीरा कन्येयं दृष्टधर्मप्रचारा
शक्ता चारित्रं रक्षितुं मे भगिन्याः ॥९॥

(मम) अर्थैः धनैः । कार्यं प्रयोजनम् । नैव नास्ति । भोगैः भोग-साधनैः द्रव्यविशेषैः । अपि कार्यं न । वस्त्रैः वसनैः । अपि कार्यं न । अहं यौगन्धरायणः । वृत्तिहेतोः जीविकार्थम् । काषायं कषायेण रक्तं गैरिकं वस्त्रं परिव्राजकवेषम् इत्यर्थः । न प्रपन्नः नाङ्गीकृतवान् । धीरा पण्डिता मनस्विनी च । दृष्टः अवगतः धर्मस्य प्रचारः आचरणं यया सा । इयं पुरोवर्तिनी । कन्या मगधराजपुत्री । मे मम । भगिन्याः स्वसुः । चारित्रं शीलम् । रक्षितुं पातुम् । शक्ता समर्था ॥९॥

तापसी—इस आश्रम में तो सब तापस सन्तुष्ट हैं ? यह कोई बाहर से आया होगा ।

कञ्चुकी—तो तुम्हें क्या चाहिए ?

यौगन्धरायण—यह मेरी बहन है । इसका पति परदेश में गया है । मैं चाहता हूँ कि कुछ समय के लिए आप इसे अपनी देखरेख में रखें । क्योंकि—

मुझे न धन से प्रयोजन है (अर्थैः नैव कार्यम्), न भोग्य वस्तुओं से (नापि भोगैः), न वस्त्रों से (न वस्त्रैः) । जीविका के लिए (वृत्तिहेतोः) मैंने गेरुआ वस्त्र (अहम् काषायम्) नहीं पहना है (न प्रपन्नः) । यह राजकन्या (इयं कन्या) धीर स्वभाव की है (धीरा) । इसकी धर्मख्याति से हम परिचित हैं (दृष्टधर्मप्रचारा) । यह मेरी बहन के चरित्र की (मे भगिन्याः चारित्रं) रक्षा कर सकती है (रक्षितुं शक्ता) ॥९॥

वासवदत्ता—(आत्मगतम्) हं, इह मं णिक्खिविदुकामो अय्ययोगंधरायणो ! होदु, अविआरिअ कमं ण करिस्सदि । [हम्, इह मां निक्षेप्तुकाम आर्ययौगन्धरायणः ! भवतु, अविचार्य क्रमं न करिष्यति ।]

काञ्चुकीयः—भवति ! महती खल्वस्य व्यपाश्रयणा । कथं प्रतिजानीमः ? कुतः—

सुखमर्थो भवेद् दातुं सुखं प्राणाः सुखं तपः ।
सुखमन्यद् भवेत्सर्वं दुःखं न्यासस्य रक्षणम् ॥१०॥

पद्मावती—अय्य ! पढमं उग्घोसिअ को किं इच्छदित्ति अजुत्त दारिणं विआरिदुं । जं एसो भणादि, तं अणुचिट्ठदु अय्यो । [आर्य ! प्रथममुद्घोष्य कः किमिच्छतीत्ययुक्तमिदानीं विचारयितुम् । यदेष भणति तदनुतिष्ठत्वार्यः ।]

काञ्चुकीयः—अनुरूपमेतद् भवत्याभिहितम् ।

अर्थः द्रव्यम् । दातुम् अर्पयितुम् । सुखं सुकरम् । भवेत् स्यात् । प्राणासवः दातुम् अर्पयितुं सुखं सुकरम् । तपः तपःफलं दातुम् अर्पयितुम् सुखं सुकरम् । अन्यत् इतरत् । सर्वं सकलम् । दातुम् अर्पयितुम् सुखं सुकरम् । भवेत् स्यात् । परं न्यासस्य निक्षेपस्य । रक्षणं परिपालनम् । दुःखं दुष्करम् ॥१०॥

वासवदत्ता—(मन में) आर्य यौगन्धरायण मुझे यहीं सौंपना चाहते हैं ! अच्छा, वे बिना सोचे कोई काम न करेंगे ।

कञ्चुकी—इसकी यह आश्रय-प्रार्थना बहुत बड़ी है; कैसे मान लें ? क्योंकि—

धन (अर्थः), प्राण (प्राणाः) और तप का फल (तपः) देना सरल है (दातुं सुखम्) । अन्य सब कुछ देना सरल है (अन्यत् सर्वं सुखं भवेत्) । किन्तु धरोहर की रक्षा करना (न्यासस्य रक्षणं) बहुत कठिन है (दुःखम्) ॥१०॥

पद्मावती—आर्य ! किसे क्या चाहिए—पहले ऐसी घोषणा करके अब पीछे हटना उचित नहीं है । जो यह कहे वैसा करना होगा ।

कञ्चुकी—आपने यह ठीक कहा ।

चेटी—चिरं जीवतु भट्टिदारिआ एवं सच्चवादिणी। चिरं जीवतु भर्तृदारिका एवं सत्यवादिनी]

तापसी—चिरं जीवदु भद्दे ! [चिरं जीवतु भद्रे !]

काञ्चुकीयः—भवति ! तथा। (उपगम्य) भोः ! अभ्युपगतमत्रभवता भगिन्याः परिपालनमत्रभवत्या।

यौगन्धरायणः—अनुगृहीतोऽस्मि तत्रभवत्या। वत्से ! उपसर्पात्रभवतीम्।

वासवदत्ता—(आत्मगतम्) का गई। एसा गच्छामि मंदभाआ [का गतिः ? एषा गच्छामि मन्दभागा]

पद्मावती—भोदु भोदु। अत्तणीआ दाणिं संवुत्ता। [भवतु भवतु। आत्मीयेदानीं संवृत्ता।]

तापसी—जा ईदिसी से आइदी, इयं वि राअदारिअत्ति तक्केमि। [या ईदृश्यस्या आकृतिः, इयमपि राजदारिकेति तर्कयामि]

चेटी—सुट्ठु अय्या भणादि। अहं वि अणुहूदसुहत्ति पेक्खामि [सुष्ठु आर्या भणति। अहमप्यनुभूतसुखेति प्रेक्षे।]

दासी—ऐसी सत्यवक्ता राजकुमारी चिरकाल तक जीवित रहें।

तापसी—भद्रे ! चिरकाल तक जिओ।

कञ्चुकी—राजकुमारी ! अच्छा। (यौगन्धरायण के पास जाकर) श्रीमन्, श्रीमती ने आपकी बहन की देखभाल करना मान लिया है।

यौगन्धरायण—श्रीमती ने मुझ पर बड़ी कृपा की है। बेटी ! इनके पास जाओ।

वासवदत्ता—(मन में) क्या करूँ ? मैं अभागिनी अब जाती हूँ।

पद्मावती—अच्छा, अब यह अपनी हो गईं।

तापसी—इसकी जैसी आकृति है इससे मैं समझती हूँ कि यह भी राजकुमारी है।

दासी—आप ठीक कह रही हैं। मैं भी समझती हूँ कि इसने सुख भोगे हैं।

यौगन्धरायणः—(आत्मगतम्) हन्त भोः ! अर्धमवसितं भारस्य । यथा मन्त्रिभिः सह समर्थित तथा परिणमति । ततः प्रतिष्ठिते स्वामिनि तत्रभवतीमुपनयतो मे इहात्रभवती मगधराजपुत्री विश्वासस्थानं भविष्यति । कुतः—

पद्मावती नरपतेर्महिषी भवित्री
दृष्टा विपत्तिरथ यैः प्रथमं प्रदिष्टा ।
तत्प्रत्ययात्कृतमिदं नहि सिद्धवाक्या-
न्युत्क्रम्य गच्छति विधिः सुपरीक्षितानि ॥११॥

यैः पुष्पकभद्रादिभिः आदेशिकैः । प्रथमं पूर्वम् । विपत्तिः राज्यापहरणरूपा विपद् । दृष्टा अवलोकिता, सूचितेत्यर्थः । (तैरेव आदेशिकैः) अथ अनन्तरम् । पद्मावती । मगधराजपुत्री । नरपतेः उदयनस्य । महिषी पत्नी । भवित्री भाविनी । प्रदिष्टा कथिता । तत्प्रत्ययात् आदेशिकविश्वासात् । इदं वासवदत्ताया निक्षेपरूपेण स्थापनम् । कृतं विहितम् । हि यतः । विधिः दैवम् । सुपरीक्षितानि सम्यक् विवेचितानि । सिद्धवाक्यानि दैवज्ञवचांसि उत्क्रम्य उल्लङ्घ्य । न गच्छति न व्रजति । सिद्धवाक्यानुसारेण वर्तते इत्यर्थः ॥११॥

यौगन्धरायण—(मन में)अहा! कार्य का आधा भार तो समाप्त हुआ । मन्त्रियों के साथ जैसी मंत्रणा की थी वैसा ही फल हो रहा है । जब स्वामी पुनः राज्य पा लेंगे और मैं वासवदत्ता को उनके पास पहुँचाऊँगा तब श्रीमती मगधराजकुमारी, वासवदत्ता के चरित्र की साक्षिणी होगी । क्योंकि—

पद्मावती महाराज की पत्नी होंगी (पद्मावती नरपतेः महिषी भवित्री)—यह उन सिद्धों ने कहा है (प्रदिष्टा), जिन्होंने उदयन पर आनेवाली राज्यनाशरूपी विपत्ति को पहले ही देख लिया था (यैः विपत्तिः प्रथमं दृष्टा) । उनपर विश्वास करके(तत्प्रत्ययात्)हमने यह सब काम किया है (इदं कृतम्) । क्योंकि भाग्य (विधिः) सिद्ध पुरुषों के सुपरीक्षित वचनों का (सुपरीक्षितानि सिद्धवाक्यानि) अतिक्रमण नहीं करता है (उत्क्रम्य नहि गच्छति) ॥११॥

(ततः प्रविशति ब्रह्मचारी)

ब्रह्मचारी—(ऊर्ध्वमवलोक्य) स्थितो मध्याह्नः। दृढमस्मि परिश्रान्तः। अथ कस्मिन् प्रदेशे विश्रमयिष्ये ? (परिक्रम्य) भवतु, दृष्टम्। अभितस्तपोवनेन भवितव्यम्। तथाहि—

विस्रब्धं हरिणाश्चरन्त्यचकिता देशागतप्रत्यया
वृक्षाः पुष्पफलैः समृद्धविटपाः सर्वे दयारक्षिताः।
भूयिष्ठं कपिलानि गोकुलधनान्यक्षेत्रवत्यो दिशो
निस्सन्दिग्धमिदं तपोवनमयं धूमो हि बह्वाश्रयः ॥१२॥

और भी, घोषवती ! तू बहुत ही स्नेहहीन है, जो तू उस बेचारी का तुझे जाँघों पर उठाना, बगल में दबाना, थक जाने पर सुख से स्तनों के बीच रखना, मेरे विरह में रोना, बाजों के बजते-बजते हँस-हँसकर मुझसे बातें करना आदि सब बातों को भूल गई है ॥२॥

विदूषक—अब आप अधिक सन्ताप न करें ।

राजा—मित्र, ऐसा न कहो ।

बहुत दिनों से सोये पड़े मेरे प्रेम को वीणा ने जगा दिया । किन्तु जिसे यह वीणा अतिप्यारी थी, उस देवी को मैं नहीं देख रहा हूँ ॥३॥

वसन्तक ! शिल्पिजनसकाशान्नवयोगां घोषवतीं कृत्वा शीघ्रमानय ।

विदूषकः—जं भवं आणवेदि । [यद् भवानाज्ञापयति ।]

(वीणां गृहीत्वा निष्क्रान्तः)

(प्रविश्य)

प्रतीहारी—जेदु भट्टा । एसो खु महासेणस्स सआसादो रैब्भसगोत्तो कंचुईओ देवीए अंगारवदीए पेसिदा अय्या वसुंधरा णाम वासवदत्ताधत्ती अ पडिहारं उवट्ठिदा । [जयतु भर्त्ता ! एषा खलु महासेनस्य सकाशाद् रैभ्यसगोत्रः काञ्चुकीयो देव्याऽङ्गारवत्या प्रेषिताऽऽर्या वसुन्धरा नाम वासवदत्ताधात्री च प्रतीहारमुपस्थितौ ।]

राजा—तेन हि पद्मावती तावदाह्वयताम् ।

प्रतीहारी—जं भट्टा आणवेदि । [यद् भर्त्ताऽऽज्ञापयति]

(निष्क्रान्ता)

राजा—किन्नु खलु शीघ्रमिदानीमयं वृत्तान्तो महासेनेन विदितः ?

(ततः प्रविशति पद्मावती प्रतीहारी च)

प्रतीहारी—एदु एदु भट्टिदारिआ ! [एत्वेतु भर्तृदारिका !]

वसन्तक ! घोषवती को कारीगरों से ठीक कराकर ले आओ ।

विदूषक—जैसी आपकी आज्ञा । (वीणा लेकर चला जाता है ।)

(आकर)

प्रतीहारी—महाराज की जय हो ! महासेन के पास से यह रैभ्य सगोत्र कंचुकी और देवी अङ्गारवती द्वारा भेजी गई वासवदत्ता की धाय वसुन्धरा —दोनों द्वारपाल के पास खड़े हैं ।

राजा—तब पद्मावती को बुला लाओ ।

प्रतीहारी—जैसी आपकी आज्ञा । (चली जाती है ।)

राजा—क्या महासेन ने यह समाचार शीघ्र ही जान लिया ?

(पद्मावती और प्रतीहारी का प्रवेश)

प्रतीहारी—राजकुमारी ! इधर आइए, इधर आइए ।

पद्मावती—जेदु अय्यउत्तो । [जयत्वार्यपुत्रः ।]

राजा—पद्मावति ! किं श्रुतम्—महासेनस्य सकाशाद् रैभ्यसगोत्रः कांचुकीयः प्राप्तः, तत्रभवत्या चाङ्गारवत्या प्रेषितार्या वसुन्धरा नाम वासवदत्ताधात्री च प्रतीहारमुपस्थितावेति ।

पद्मावती—अय्यउत्त ! पिअं मे जादिकुलस्स कुसलवुत्तंतं सोदुं । [आर्यपुत्र ! प्रियं मे ज्ञातिकुलस्य कुशलवृत्तान्तं श्रोतुम् ।]

राजा—अनुरूपमेतद् भवत्याऽभिहितम्—वासवदत्तास्वजनो मे स्वजन इति । पद्मावति ! आस्यताम् । किमिदानीं नास्यते ?

पद्मावती—अय्यउत्त ! किं मए सह उवविट्ठो एदं जणं पेक्खिस्सदि ? [आर्यपुत्र ! किं मया सहोपविष्ट एतं जनं प्रेक्षिष्यते ?]

राजा—कोऽत्र दोषः ?

पद्मावती—अय्यउत्तस्स अवरो परिग्गहो त्ति उदासीणं विअ होदि । [आर्यपुत्रस्यापरः परिग्रह इत्युदासीनमिव भवति ।]

पद्मावती—आर्यपुत्र की जय हो ।

राजा—पद्मावती ! क्या तुमने सुना कि महासेन के पास से रैभ्यसगोत्र कंचुकी और महारानी अंगारवती द्वारा भेजी गई वासवदत्ता की धाय वसुन्धरा द्वारपाल के पास खड़े हैं ?

पद्मावती—आर्यपुत्र ! बन्धुजनों का कुशल-समाचार सुनना मुझे प्रिय है।

राजा—आपने यह उचित कहा है कि वासवदत्ता के बन्धुजन मेरे बन्धुजन हैं । पद्मावती ! बैठो, इस समय तुम क्यों नहीं बैठती ?

पद्मावती—आर्यपुत्र ! क्या आप मेरे साथ बैठकर उनसे मिलेंगे ?

राजा—इसमें क्या बुरा है ?

पद्मावती—आर्यपुत्र का यह दूसरा विवाह है ऐसा सोचकर उन्हें बुरा लगेगा ।

राजा—कलत्रदर्शनार्हं जनं कलत्रदर्शनात् परिहरतीति बहुदोषमुत्पादयति। तस्मादास्यताम्।

पद्मावती—जं अय्यउत्तो आणवेदि। (उपविश्य) अय्यउत्त! तादो वा अंबा वा किं णु भणिस्सदि त्ति आविग्गा विअ संवुत्ता। [यदार्यपुत्र आज्ञापयति। (उपविश्य) आर्यपुत्र! तातो वाऽम्बा वा किन्नु खलु भणिष्यतीत्याविग्नेव संवृत्ता।]

राजा—पद्मावति! एवमेतत्।

किं वक्ष्यतीति हृदयं परिशङ्कितं मे
कन्या मयाप्यपहृता न च रक्षिता सा।
भाग्यैश्चलैर्महदवाप्तगुणोपघातः
पुत्रः पितुर्जनितरोष इवास्मि भीतः ॥४॥

किं वक्ष्यति कं सन्देशं कथयिष्यति। इति। मे मम। हृदयं मनः। परिशङ्कितं भयग्रस्तं वर्तत इति शेषः। मया वत्सराजेन। कन्या वासवदत्ता। अपहृता अपनीता। सा। न च रक्षिता न च पालिता। चलैः अस्थिरैः। भाग्यैः प्रारब्धैः। महत्सु गुरुजनेषु अवाप्तः प्राप्तः गुणानां दयादाक्षिण्यादीनाम् अपघातः भङ्गः येन सः। पितुः जनकस्य। जनितः उत्पादितः रोषः क्रोधः येन स तादृशः। पुत्र इव तनय इव। भीतः शङ्कितः। अस्मि ॥४॥

राजा—नहीं। जो स्त्री को देखने का अधिकारी है, उसे स्त्री को देखने से रोकने पर बहुत बुराई होती है। इसलिए बैठ जाओ।

पद्मावती—जो आर्यपुत्र की आज्ञा। (बैठकर) आर्यपुत्र! पिता या माता ने क्या सन्देश भेजा होगा—इस चिन्ता में कुछ उद्विग्न-सी हो रही हूँ।

राजा—पद्मावती! तुमने ठीक कहा है।

मेरा हृदय शंकित है कि वे क्या कहेंगे। मैंने उनकी पुत्री का अपहरण किया किन्तु मैं उसकी रक्षा न कर सका। अस्थिर भाग्यों के चक्कर में आकर मैं गुरुजनों का अपराधी बना। जैसे पिता को क्रोधित कर पुत्र उनसे डरता है, वैसे ही मैं इस समय उनसे डर रहा हूँ ॥४॥

पद्मावती—ण किं सक्कं रक्खिदुं पत्तकाले । [न किं शक्यं रक्षितुं प्राप्तकाले ।]

प्रतीहारी—एसो कंचुईओ धत्ती अ पडिहारं उवट्ठिदा ।[एषः काञ्चुकीयो धात्री च प्रतीहारमुपस्थितौ ।]

राजा—शीघ्रं प्रवेश्यताम् ।

प्रतीहारी—जं भट्टा आणवेदि । [यद् भर्त्ताऽऽज्ञापयति ।]

(निष्क्रान्ता)

(ततः प्रविशति काञ्चुकीयो धात्री प्रतीहारी च)

काञ्चुकीयः—भोः !

सम्बन्धिराज्यमिदमेत्य महान् प्रहर्षः
स्मृत्वा पुनर्नृपसुतानिधनं विषादः ।
किं नाम दैव ! भवता न कृतं यदि स्याद्
राज्यं परैरपहृतं कुशलं च देव्याः ॥५॥

इदम् । सम्बन्धिनः उदयनसम्बन्धिनः दर्शकनृपस्य । राज्यम् । एत्य प्राप्य । महान् भूयान् । प्रहर्षः प्रमोदः । पुनः भूयः । नृपसुतायाः वासवदत्तायाः ।

पद्मावती—मृत्युकाल आ जाने पर कोई किसी को नहीं बचा सकता ।

प्रतीहारी—कंचुकी और धाय दोनों द्वारपाल के पास खड़े हैं ।

राजा—तो उन्हें शीघ्र ले आओ ।

प्रतीहारी—जो स्वामी की आज्ञा । (चली जाती है ।)

(कंचुकी, धाय और प्रतीहारी का प्रवेश)

कंचुकी—अहा !

सम्बन्धी के राज्य में आकर मुझे महान् हर्ष हो रहा है । राजकुमारी की मृत्यु का स्मरण कर दुख भी होता है । हे भाग्य ! शत्रु से अपहृत राज्य की प्राप्ति के साथ देवी वासवदत्ता के जीवित रहने का शुभ-समाचार—यदि ये दोनों बातें एक साथ हो जातीं तो आपने क्या न किया होता ? ॥५॥

प्रतीहारी—एसो भट्टा, उपसप्पदु अय्यो । [एष भर्त्ता, उपसर्पत्वार्यः ।]
काञ्चुकीयः—(उपेत्य) जयत्वार्यपुत्रः ।
धात्री—जेदु भट्टा । (जयतु भर्त्ता ।)
राजा—(सबहुमानम्) आर्य !

पृथिव्यां राजवंश्यानामुदयास्तमयप्रभुः ।
अपि राजा स कुशली मया काङ्क्षितबान्धवः ॥६॥

काञ्चुकीयः—अथ किम् ? कुशली महासेनः । इहापि सर्वगतं कुशलं पृच्छति ।

निधनं मरणम् । स्मृत्वा विचिन्त्य । विषादः खेदः । परैः शत्रुभिः । अपहृतम् आयत्तीकृतम् । राज्यं वत्सैकदेशाधिपत्यं पुनरधिगतं भवेत् इति शेषः । देव्याः वासवदत्तायाः । कुशलं क्षेमं च । स्याद् भवेत् । तर्हि दैव विधे । भवता त्वया-किम् । हितम् इष्टम् । न कृतं न सम्पादितम् । स्यात् भवेत् । सर्वमपि कृतं स्यादिति भावः ॥५॥

पृथिव्यां लोके । राजवंश्यानां राजवंशोद्भवानां राज्ञाम् । उदयास्तमय-प्रभुः उदयः उत्कर्षः अस्तमयः विनाशः तयोः प्रभुः समर्थः । मया उदयनेन सह । काङ्क्षितबान्धवः काङ्क्षितं बान्धवं बन्धुत्वं येन सः, यद्वा काङ्क्षितः अभिलषितः चासौ बान्धवः बन्धुश्च । असौ नृपः प्रद्योतः । अपि किम् । कुशली कुशलेन क्षेमेण वर्तते ॥६॥

प्रतीहारी—यह हैं महाराज ! आप इनके पास चलिए।
कंचुकी—(पास पहुँच कर) आर्यपुत्र की जय हो ।
धाय—महाराज की जय हो ।
राजा—(आदर से) आर्य !

पृथिवी पर राजाओं के उत्थान तथा पतन करने में समर्थ, मेरे साथ सम्बन्ध बनाने को इच्छुक राजा महासेन सकुशल तो हैं ? ॥६॥

राजा—(आसनादुत्थाय) किमाज्ञापयति महासेनः ?

काञ्चुकीयः—सदृशमेतद् वैदेहीपुत्रस्य । नन्वासनस्थेनैव भवता श्रोतव्यो महासेनस्य सन्देशः ।

राजा—यदाज्ञापयति महासेनः । (उपविशति)

काञ्चुकीयः—दिष्ट्या परैरपहृतं राज्यं पुनः प्रत्यानीतमिति ।

कुतः—

कातरा येऽप्यशक्ता वा नोत्साहस्तेषु जायते ।
प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते ॥७॥

राजा—आर्य ! सर्वमेतन्महासेनस्य प्रभावः । कुतः—

ये पुरुषाः । कातराः भीरवः । अपि वा । अशक्ताः असमर्थाः सन्ति । तेषु । उत्साहः उद्यमः । न जायते नोत्पद्यते । हि नूनम् । प्रायेण बहुशः । नरेन्द्रश्रीः राज्यलक्ष्मीः । सोत्साहैः उत्साहसम्पन्नैः । एव । पुरुषैः । भुज्यते सेव्यते ॥७॥

पूर्वं पुरा । अहम् । अवजितः निगृहीतः । पुनः भूयः । सुतैः पुत्रैः । सह

कंचुकी—हाँ । महासेन सकुशल हैं । यहाँ भी सबका कुशल पूछते हैं ।

राजा—(आसन से उठकर) महासेन का क्या आदेश है ?

कंचुकी—यह (आसन से उठकर सन्देश सुनना) वैदही-पुत्र के सदृश ही शिष्टाचार है । महासेन के सन्देश को आप आसन पर बैठे ही सुनें ।

राजा—महासेन की जो आज्ञा । (बैठ जाता है) ।

कंचुकी—"आपने शत्रु द्वारा अपहृत राज्य सौभाग्य से पाया ।" क्योंकि—

जो कायर और असमर्थ होते हैं, उनमें उत्साह नहीं होता । प्रायः उत्साही वीर ही राज्यलक्ष्मी का उपभोग करते हैं ॥७॥

राजा—यह सब महासेन का ही प्रभाव है । क्योंकि

अहमवजितः पूर्वं तावत्सुतैः सह लालितो
दृढमपहृता कन्या भूयो मया न च रक्षिता ।
निधनमपि च श्रुत्वा तस्यास्तथैव मयि स्वता
ननु यदुचितान् वत्सान् प्राप्तुं नृपोऽत्र हि कारणम् ॥८॥

काञ्चुकीयः—एष महासेनस्य सन्देशः । देव्याः सन्देशमिहात्रभवती कथयिष्यति ।

राजा—हा अम्ब ।

षोडशान्तःपुरज्येष्ठा पुण्या नगरदेवता ।
मम प्रवासदुःखार्त्ता माता कुशलिनी ननु ? ॥९॥

साकम् । लालितः पालितः । मया । कन्या प्रद्योतपुत्री वासवदत्ता । अपहृता अपनीता । भूयः पुनश्च । न रक्षिता न पालिता । तस्याः वासवदत्तायाः । निधनं मरणम् । अपि । श्रुत्वा आकर्ण्य । तथैव पूर्ववदेव । मयि मद्विषये । स्वता आत्मीयता । ननु । उचितान् युक्ताधिकारविषयान् । वत्सान् वत्स-देशान् । प्राप्तुम् अधिगन्तुम् । नृपः प्रद्योतः । हि एव । कारणं निमित्तम् ॥८॥

षोडशान्तःपुरज्येष्ठा षोडशानाम् अन्तःपुराणां राजदाराणां मध्ये ज्येष्ठा प्रधाना । पुण्या पवित्राचरणा । नगरदेवता सर्वजनमाननीयेत्यर्थः । मम मे । माता जननी अङ्गारवती । प्रवासदुःखार्ता प्रवासः देशान्तरगमनं तस्य दुःखेन पीडया आर्ता पीडिता । कुशलिनी कुशलयुक्ता । ननु किम् ? ॥९॥

पहले उन्होंने मुझे जीता । अपने पुत्रों के साथ मुझे पाला । उनकी कन्या को मैं साहस से भगा लाया । फिर उसे बचा नहीं सका । उसकी मृत्यु भी सुनकर उनका मुझपर वही प्रेम बना हुआ है । निश्चित ही अपने उचित वत्स राज्य को पाने में महाराज महासेन ही कारण हैं ॥८॥

कंचुकी—यह महासेन का सन्देश है । महारानी का सन्देश आर्या वसुन्धरा सुनाएँगी ।

राजा—हाय माता !

सोलह रानियों में प्रमुख, नगर की प्रमुख देवता, मेरे प्रवास के दुख में पीड़ित माता अंगारवती ठीक तो हैं ? ॥९॥

धात्री—अरोआ भट्टिणी भट्टारं सव्वगदं कुसलं पुच्छदि
[अरोगा भट्टिनी भर्त्तारं सर्वगतं कुशलं पृच्छति ।]

राजा—सर्वगतं कुशलमिति ? अम्ब ! ईदृशं कुशलम् ।

धात्री—मा दाणिं भट्टा अदिमत्तं संतप्पिदुं । [मेदानीं भर्त्तातिमात्रं सन्तप्तुम् ।]

काञ्चुकीयः—धारयत्वार्यपुत्रः ! उपरताऽप्यनुपरता महासेनपुत्री एवमनुकम्प्यमानाऽऽर्यपुत्रेण । अथवा—

कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले
रज्जुच्छेदे के घटं धारयन्ति ?
एवं लोकस्तुल्यधर्मो वनानां
काले काले छिद्यते रुह्यते च ॥१०॥

मृत्युकाले मरणावसरे । कः जनः । कं जनम् । रक्षितुं त्रातुम् । शक्तः समर्थः ? न कोऽपीत्यर्थः । रज्जोः गुणस्य । छेदे भंगे सति । घटं कुम्भं जलपात्रं वा । के जनाः । धारयन्ति । न केऽपीत्यर्थः । एवम् अनेन प्रकारेण । लोकः जनः । वनानां वृक्षाणाम् तुल्यधर्मा तुल्यः समानः धर्मः यस्य सः तादृशः । काले काले समये समये । छिद्यते छिन्नो भवति । रुह्यते उत्पद्यते च ॥१०॥

धाय—महारानी सकुशल हैं । आपका सपरिवार कुशल-मंगल पूछती हैं ।

राजा—सपरिवार कुशल-मंगल ? माता ! यहाँ तो मेरी ऐसी दशा है ।

धाय—महाराज ! अब आप अधिक शोक न करें ।

कंचुकी—आप धीरज रखें । महासेन की पुत्री मृत होने पर भी मृत नहीं जबकि आप उसके प्रति इतनी सहानुभूति रखते हैं । अथवा—

मृत्यु का समय उपस्थित हो जाने पर कौन किसे बचा सकता है ? जब रस्सी टूट जाती है, कौन घड़े को गिरने से रोक सकता है ? इसी तरह मनुष्य भी वृक्षों के ही समान है—समय-समय पर मरता है और समय-समय पर जन्म लेता है ॥१०॥

राजा—आर्य ! मा मैवम्,

महासेनस्य दुहिता शिष्या देवी च मे प्रिया ।
कथं सा न मया शक्या स्मर्तुं देहान्तरेष्वपि ॥११॥

धात्री—आह भट्टिणी—उवरदा वासवदत्ता । मम वा महासेणस्स वा जादिसा गोवालअपालआ, तादिसो एव्व तुमं पुढमं एव्व अभिप्पेदो जामादुअत्ति । एदण्णिमित्तं उज्जइणिं आणीदो । अणग्गिसक्खिअं वीणाववदेसेण दिण्णा । अत्तणो चवलदाए अणिव्वुत्तविवाहमंगलो एव्व गदो । अह अ अम्हेहिं तव अ वासवदत्ताए अ पडिकिदिं चित्तफलआए आलिहिअ विवाहो णिव्वुत्तो। एसा चित्तफलआ तव सआसं पेसिदा । एदं पेक्खिअ णिव्वुदो होहि । [आह भट्टिनी—उपरता वासवदत्ता । मम वा महासेनस्य वा यादृशौ गोपालकपालकौ तादृश एव त्वं प्रथममेवाभिप्रेतो जामातेति । एतन्निमित्तमुज्जयिनीमानीतः । अनग्निसाक्षिकं वीणाव्यपदेशेन दत्ता । आत्मनश्चपलतयाऽनिर्वृत्तविवाहमंगल एव

महासेनस्य प्रद्योतस्य । दुहिता पुत्री । मे मम । प्रिया अभिमता । शिष्या वीणादिकलासु शिक्षणीया प्रिया च आसीत् । सा वासवदत्ता । देहान्तरेषु जन्मान्तरेषु अपि । कथं केन प्रकारेण । मया उदयनेन । स्मर्तुं चिन्तयितुम् । न शक्या न पार्या ॥११॥

राजा—आर्य ! ऐसा न कहो ।

वह महासेन की पुत्री मेरी शिष्या थी, मेरी प्रिय पत्नी थी । जन्म-जन्मान्तर में भी मैं उसे कैसे भूल सकता हूँ ॥११॥

धात्री—महारानी ने कहा है—"वासवदत्ता मर गई । तुम मेरे या महाराज के लिए गोपाल तथा पालक जैसे प्रिय पुत्र हो । हमने पहले ही तुझे दामाद मान लिया था । इसीलिए तुम उज्जयिनी में लाये गये थे । अग्नि को साक्षी न बनाकर वीणा सिखाने के बहाने उसे तुझे समर्पण किया था । किन्तु अपनी चञ्चलता के कारण, विवाह किए बिना ही तुम भाग गये । तब हम

गतः। अथ चावाभ्यां तव च वासवदत्तायाश्च प्रतिकृतिं चित्रफलकायामालिख्य विवाहो निर्वृत्तः। एषा चित्रफलका तव सकाशं प्रेषिता। एतां दृष्ट्वा निर्वृतो भव।

राजा—अहो ! अतिस्निग्धमनुरूपं चाभिहितं तत्रभवत्या।

वाक्यमेतत् प्रियतरं राज्यलाभशतादपि।
अपराद्धेष्वपि स्नेहो यदस्मासु न विस्मृतः ॥१२॥

पद्मावती—अय्यउत्त ! चित्तगदं गुरुअणं पेक्खिअ अभिवादेदुं इच्छामि। [आर्यपुत्र ! चित्रगतं गुरुजनं दृष्ट्वाभिवादयितुमिच्छामि।]

धात्री—पेक्खदु पेक्खदु भट्टिदारिआ। [चित्रफलकां दर्शयति।] [पश्यतु पश्यतु भर्तृदारिका।]

पद्मावती—(दृष्ट्वाऽऽत्मगतम्)हं, अदिसदिसी खु इअं अय्याए आवन्तिआए। (प्रकाशम्) अय्यउत्त ! सदिसी खु इअं अय्याए ? (दृष्ट्वाऽऽत्मगतम्) हम् ! अति-

---

एतद् इदम्। वाक्यं वचः। राज्यलाभशताद् अभि बहुराज्यप्राप्तेरपि। प्रियतरं सविशेषं प्रियम्। अस्तीति शेषः। यत् यतः अपराद्धेष्वपि कृतापराधेष्वपि। अस्मासु मयि। स्नेहः वात्सल्यम्। न विस्मृतः न विस्मृतिं नीतः ॥१२॥

दोनों ने तुम्हारे और वासवदत्ता के चित्र को फलक पर उतारकर तुम दोनों का विवाह कर दिया। वह चित्र-फलक तुम्हारे पास भेजा है। इसे देखकर तुम धीरज धरो।

राजा—अहो ! महारानी ने अतिप्रिय तथा अपने अनुरूप ही कहा है।

यह वाक्य सैकड़ों राज्यों के लाभ से भी प्रियतर है; क्योंकि वे मेरे अपराधी होने पर भी अपना प्रेम नहीं भूले हैं ॥१२॥

पद्मावती—आर्यपुत्र ! चित्र में गुरुजन (वासवदत्ता) को देखकर मैं प्रणाम करना चाहती हूँ।

धात्री—देखिए, राजकुमारी जी, देखिए। (चित्रपट दिखाती है।)

पद्मावती—(देखकर मन में) यह तो आवन्तिका के बहुत सदृश है।

सदृशी खल्वियमार्याया आवन्तिकायाः । (प्रकाशम्) आर्यपुत्र ! सदृशी खल्वियमार्यायाः ?

राजा—न सदृशी । सैवेति मन्ये । भोः कष्टम् ।

अस्य स्निग्धस्य वर्णस्य विपत्तिर्दारुणा कथम् ।
इदं च मुखमाधुर्यं कथं दूषितमग्निना ॥१३॥

पद्मावती—अय्यउत्तस्स पडिकिदिं पेक्खिअ जाणामि इअ अय्याए सदिसी ण वेत्ति । [आर्यपुत्रस्य प्रतिकृतिं दृष्ट्वा जानामीयमार्यायाः सदृशी न वेति ।]

धात्री—पेक्खदु पेक्खदु भट्टिदारिआ । [पश्यतु पश्यतु भर्तृदारिका ।]

पद्मावती—(दृष्ट्वा) अय्यउत्तस्स पडिकिदीए सदिसदाए जाणामि इअं अय्याए सदिसीत्ति । [आर्यपुत्रस्य प्रतिकृत्याः सदृशतया जानामीयमार्यायाः सदृशीति ।]

अस्य स्निग्धस्य प्रियस्य । वर्णस्य रूपस्य । दारुणा भीषणा । विपत्तिर्विनाशः । कथं केन प्रकारेण । अभूत् । इदम् अलौकिकम् । मुखमाधुर्यम् आननसौन्दर्यम् । अग्निना । वह्निना । कथं केन प्रकारेण । दूषितं विध्वंसितम् ॥१३॥

(प्रकट)—आर्यपुत्र ! क्या यह आर्या के सदृश है ?

राजा—सदृश ही नहीं, मैं समझता हूँ कि यह वही है । हाय !

इस सुन्दर रूप पर ऐसी दारुण विपत्ति कैसे आ पड़ी ? मुख की इस सुन्दरता को अग्नि ने कैसे दूषित किया ? ॥१३॥

पद्मावती—आर्यपुत्र के चित्र को देखकर ही मैं जानूँगी कि यह दूसरा चित्र आर्या (वासवदत्ता) के सदृश है या नहीं ।

धाय—राजकुमारी जी, देखिए ।

पद्मावती—(देखकर) आर्यपुत्र के चित्र की आर्यपुत्र की आकृति से समानता को देखकर मैं समझती हूँ कि यह दूसरा चित्र आर्या (वासवदत्ता) की आकृति के समान ही होगा ।

राजा—देवि ! चित्रदर्शनात् प्रभृति प्रहृष्टोद्विग्नामिव त्वां पश्यामि। किमिदम् ?

पद्मावती—अय्यउत्त ! इमाए पडिकिदीए सदिसी इह एव्व पडिवसदि। [आर्यपुत्र ! अस्याः प्रतिकृत्याः सदृशीहैव प्रतिवसति।]

राजा—किं वासवदत्तायाः ?

पद्मावती—आम। [आम्]

राजा—तेन हि शीघ्रमानीयताम्।

पद्मावती—अय्यउत्त! मम कण्णाभावे केणावि बम्हणेण मम भइणिअत्ति ण्णासो णिक्खित्तो। पोसिदभत्तुओ परपुरुसदंसणं परिहरदि। ता अय्यं मए सह आअदं पेक्खिअ जाणादु अय्यउत्तो। [आर्यपुत्र ! मम कन्याभावे केनापि ब्राह्मणेन मम भगिनिकेति न्यासो निक्षिप्तः। प्रोषितभर्तृका परपुरुषदर्शनं परिहरति। तदार्यां मया सहागतां दृष्ट्वा जानात्वार्यपुत्रः।]

राजा—देवी ! चित्र-दर्शन से मैं तुझे प्रसन्न और उद्विग्न-सा देख रहा हूँ। यह क्या है ?

पद्मावती—आर्यपुत्र ! इस चित्र के सदृश एक नारी यहीं पर रहती है।

राजा—क्या वासवदत्ता के सदृश ?

पद्मावती—हाँ।

राजा—तो उसे शीघ्र ले आओ।

पद्मावती—आर्यपुत्र ! जब मैं कन्या थी, किसी ब्राह्मण ने 'यह मेरी बहन है'—ऐसा कह कर मेरे पास उसे धरोहर के रूप में रखा था। उसका पति परदेश में चला गया है, अतः वह किसी अन्य पुरुष का मुँह नहीं देखती। तो मेरे साथ आने पर उसे आर्या (धाय) देखें और तब आर्यपुत्र जानेंगे (कि वह वासवदत्ता है कि नहीं)।

राजा—

यदि विप्रस्य भगिनी व्यक्तमन्या भविष्यति ।
परस्परगता लोके दृश्यते रूपतुल्यता ॥१४॥

(प्रविश्य)

प्रतीहारी—जेदु भट्टा । एसो उज्जइणीओ बम्हणो, भट्टिणीए हत्थे मम भइणिअत्ति ण्णासो णिक्खित्तो तं पडिग्गहिदुं पडिहारं उवट्ठिदो । [जयतु भर्त्ता । एष उज्जयिनीयो ब्राह्मणः, भट्टिन्या हस्ते मम भगिनिकेति न्यासो निक्षिप्तः, तं प्रतिग्रहीतुं प्रतीहारमुपस्थितः ।]

राजा—पद्मावति ! किन्नु स ब्राह्मणः ?

पद्मावती—होदव्वं । [भवितव्यम् ।]

राजा—शीघ्रं प्रवेश्यतामभ्यन्तरसमुदाचारेण स ब्राह्मणः ।

प्रतीहारी—जं भट्टा आणवेदि । [यद् भर्ताऽऽज्ञापयति ।]

(निष्क्रान्ता)

यदि चेत् । विप्रस्य ब्राह्मणस्य । भगिनी स्वसा । (तर्हि) व्यक्तं स्पष्टम् । अन्या इतरा । भविष्यति । लोके जगति । परस्परगता पारस्परिकी । रूपतुल्यता वर्णसदृशता । दृश्यते अवलोक्यते, विद्यते इत्यर्थः ॥१४॥

राजा—यदि वह ब्राह्मण की बहन है तो वह अवश्य ही अन्य होगी । संसार में एक-दूसरे के रूप की समानता दीख पड़ती है ॥१४॥

(आकर)

प्रतीहारी—महाराज की जय हो ! "स्वामिनी के पास मैंने अपनी बहन को धरोहर के रूप में रखा था, उसे लेने आया हूँ ।" ऐसा कहकर उज्जैन का यह ब्राह्मण द्वारपाल के पास खड़ा है ।

राजा—पद्मावती ! क्या वही ब्राह्मण है ?

पद्मावती—सम्भव है ।

राजा—उचित सम्मान के साथ उस ब्राह्मण को शीघ्र ही भीतर लाओ ।

प्रतीहारी—जो महाराज का आदेश । (चली जाती है ।)

राजा—पद्मावति ! त्वमपि तामानय ।

पद्मावती—जं अय्यउत्तो आणवेदि । [यदार्यपुत्र आज्ञापयति ।

(निष्क्रान्ता)

(ततः प्रविशति यौगन्धरायणः प्रतीहारी च)

यौगन्धरायणः—(आत्मगतम्) भोः !

प्रच्छाद्य राजमहिषीं नृपतेर्हितार्थं
कामं मया कृतमिदं हितमित्यवेक्ष्य ।
सिद्धेऽपि नाम मम कर्मणि पार्थिवोऽसौ
किं वक्ष्यतीति हृदयं परिशङ्कितं मे ॥१५॥

प्रतीहारी—एसो भट्टा । उपसप्पदु अय्यो । [एष भर्त्ता । उपसर्पत्वार्यः] ।

नृपतेः राज्ञः । हितार्थं लाभाय । राजमहिषीं राज्ञः उदयनस्य महिषीं पत्नीं वासवदत्ताम् । प्रच्छाद्य संगोप्य । मया यौगन्धरायणेन । कामं स्वैरम् । हितं लाभम् । अपहृतराज्यप्राप्तिरूपम् । अवेक्ष्य अवधार्य । इदं वासवदत्ता-गोपनम् । कृतं विहितम् । मम । कर्मणि गोपनकार्ये । सिद्धेऽपि प्राप्तफलेऽपि । असौ । पार्थिवः राजा उदयनः । किं वक्ष्यति किम् अभिधास्यति । इति एवम् । मे मम । हृदयं मनः । परिशङ्कितं शङ्काकुलम् । वर्तते इति शेषः ॥१५॥

राजा—पद्मावती ! तुम भी उसे लाओ ।

पद्मावती—आर्यपुत्र की जो आज्ञा । (चली जाती है ।)

(यौगन्धरायण और प्रतीहारी का प्रवेश)

यौगन्धरायण—(मन में) ओह !

राजा के हित के लिए महारानी वासवदत्ता को छिपाकर 'इसी में उनका हित होगा' यह समझकर मैंने यह सही काम किया । मेरे सभी कार्य सिद्ध हो जाने पर भी वह राजा क्या कहेंगे—इस प्रकार मेरा मन व्याकुल हो रहा है ॥१५॥

प्रतीहारी—ये महाराज हैं, उनके पास चलें ।

यौगन्धरायणः—(उपसृत्य) जयतु भवान् जयतु ।

राजा—श्रुतपूर्व इव स्वरः । भो ब्राह्मण ! किं भवतः स्वसा पद्मावत्या हस्ते न्यास इति निक्षिप्ता ?

यौगन्धरायणः—अथ किम् ?

राजा—तेन हि त्वर्यतां त्वर्यतामस्य भगिनिका ।

प्रतीहारी—जं भट्टा आणवेदि । (निष्क्रान्ता) [यद्भर्त्ताज्ञापयति]

(ततः प्रविशति पद्मावती आवन्तिका प्रतीहारी च)

पद्मावती—एदु एदु अय्या । पिअं दे णिवेदेमि । [एत्वेत्वार्या । प्रियं ते निवेदयामि ।]

आवन्तिका—किं किं । [किं किम् ?]

पद्मावती—भादा दे आअदो । [भ्राता ते आगतः ।]

आवन्तिका—दिट्ठिआ दाणिं पि सुमरदि । [दिष्ट्येदानीमपि स्मरति ।]

यौगन्धरायण—(पास जाकर) जय हो, महाराज की जय हो ।

राजा—यह स्वर तो पहले सुना हुआ-सा मालूम पड़ता है । ऐ ब्राह्मण! क्या आपने बहन को पद्मावती के पास धरोहर के रूप में रखा था ?

यौगन्धरायण—हाँ !

राजा—तो इनकी बहन को शीघ्र ही यहाँ लाओ ।

प्रतीहारी—महाराज का जो आदेश । (चली जाती है ।)

(पद्मावती, आवन्तिका और प्रतीहारी का प्रवेश)

पद्मावती—आओ आओ आर्या ! इधर आओ । मैं तुझे प्रिय समाचार सुनाती हूँ ।

आवन्तिका—क्या, क्या ?

पद्मावती—तुम्हारा भाई आया है ।

आवन्तिका—सौभाग्य से मुझे वह अब भी भूला नहीं ।

पद्मावती—(उपसृत्य) जेदु अय्यउत्तो । एसो ण्णासो । [जयत्वार्यपुत्रः । एष न्यासः ।]

राजा—निर्यातय पद्मावति ! साक्षिमन्न्यासो निर्यातयितव्यः । इहात्रभवान् रैभ्यः, अत्रभवती चाधिकरणं भविष्यतः ।

पद्मावती—अय्य ! णीअदां दारिणं अय्या । [आर्य ! नीयतामिदानीमार्या ।

धात्री—(आवन्तिकां निर्वर्ण्य) अम्मो ! भट्टिदारिआ वासवदत्ता ! [अम्मो ! भर्तृदारिका वासवदत्ता !]

राजा—कथं महासेनपुत्री ? देवि प्रविश त्वमभ्यन्तरं पद्मावत्या सह ।

यौगन्धरायणः—न खलु न खलु प्रवेष्टव्यम् । मम भगिनी खल्वेषा ।

राजा—किं भवानाह ? महासेनपुत्री खल्वेषा ।

यौगन्धरायणः—भो राजन् !

पद्मावती—(पास पहुँचकर) आर्यपुत्र की जय हो ! यह है धरोहर ।

राजा—पद्मावती ! धरोहर को चुकता करो । साक्षियों के सामने धरोहर लौटानी चाहिए । इसमें श्रीमान् रैभ्य और आर्या वसुन्धरा न्यायसभिक होंगे ।

पद्मावती—आर्य ! अब आर्या को ले जाइए ।

धाय—(आवन्तिका को देखकर) अहो ! यह तो राजकुमारी वासवदत्ता है ।

राजा—क्या महासेन की पुत्री ? देवी ! तुम पद्मावती के साथ भीतर (रनवास में) जाओ ।

यौगन्धरायण—भीतर मत भेजिए, भीतर मत भेजिए । यह तो मेरी बहन है ।

राजा—आप क्या कह रहे हैं ? यह तो महासेन की पुत्री है ।

भरतानां कुले जातो विनीतो ज्ञानवाञ्छुचिः ।
तन्नार्हसि बलाद्धर्त्तुं राजधर्मस्य देशिकः ॥१६॥

राजा—भवतु, पश्यामस्तावद् रूपसादृश्यम् । संक्षिप्यतां जवनिका ।

यौगन्धरायणः—जयतु स्वामी ।

वासवदत्ता—जेदु अय्यउत्तो । [जयत्वार्यपुत्रः ।]

राजा—अये ! असौ यौगन्धरायणः । इयं महासेनपुत्री ।

किन्नु सत्यमिदं स्वप्नः सा भूयो दृश्यते मया ।
अनयाऽप्येवमेवाहं दृष्टया वञ्चितस्तदा ॥१७॥

भरतानां भरतवंशजानाम् । कुले वंशे । जातः उत्पन्नः । विनीतः विनयोपेतः । ज्ञानवान् विवेकशीलः । शुचिः शुद्धाचारः । राजधर्मस्य राजोचितकर्तव्यस्य । देशिकः प्रवर्तकः । [त्वं ममैतां भगिनीम्] बलात् हठात् । हर्तुं ग्रहीतुम् । न अर्हसि न योग्योऽसि ॥१६॥

किन्नु । इदं पूर्वोक्तं दृश्यम् । सत्यम् असत्यं वा । सा पूर्वं समुद्रगृहे दृष्टा । भूयः पुनः अस्मिन् समये । दृश्यते विलोक्यते । अनया वासवदत्तया । दृष्टया विलोकितया । अपि । तदा तस्मिन् काले । समुद्रगृहे इति शेषः । अहम् । एवमेव । वञ्चितः विप्रलब्धः ॥१७॥

यौगन्धरायण—राजन् ! भरत-वंश में आपका जन्म हुआ है । आप विनयशील हैं, ज्ञानवान् हैं और शुद्धात्मा हैं । राजधर्म के प्रवर्त्तक होकर आपको मेरी बहन का बलपूर्वक अपहरण सुहाता नहीं है ॥१६॥

राजा—अच्छा, हम आकृति की सदृशता देखते हैं । घूँघट उठाइये ।

यौगन्धरायण—महाराज की जय हो !

वासवदत्ता—आर्यपुत्र की जय हो !

राजा—ओह ! यह है यौगन्धरायण ! और यह है महासेन की पुत्री (वासवदत्ता) !

क्या यह सत्य है अथवा स्वप्न है जो मैं फिर से देख रहा हूँ । पहले भी मैं इसी प्रकार इसे देखकर इससे ठगा गया था ॥१७॥

यौगन्धरायणः—स्वामिन् ! देव्यपनयेन कृतापराधः खल्वहम् । तत् क्षन्तुमर्हति स्वामी । (इति पादयोः पतति)

राजा—(उत्थाप्य) यौगन्धरायणो भवान् ननु ।

मिथ्योन्मादैश्च युद्धैश्च शास्त्रदृष्टैश्च मन्त्रितैः ।
भवद्यत्नैः खलु वयं मज्जमानाः समुद्धृताः ॥१८॥

यौगन्धरायणः—स्वामिभाग्यानामनुगन्तारो वयम् ।

पद्मावती—अम्महे ! अय्या खु इअं । अय्ये ! सहीजणसमुदाआरेण अजाणंतीए अदिक्कंदो समुदाआरो । ता सीसेण पसादेमि । [अहो ! आर्या खल्वियम् । आर्ये ! सखीजनसमुदाचारेणाऽजानन्त्याऽतिक्रान्तः समुदाचारः । तच्छीर्षेण प्रसादयामि ।]

मिथ्योन्मादैः अवास्तविकैः चित्तविभ्रमचेष्टितैः । युद्धैः संग्रामैः । शास्त्रदृष्टैः शास्त्रमन्त्रितैः । (ईदृशैः) भवद्यत्नैः भवदुद्योगैः । खलु नूनम् । मज्जमानाः अधो गच्छन्तः । वयम् । समुद्धृताः उन्नमिताः । विपदः बहिर्निष्कासिता इत्यर्थः ॥१८॥

यौगन्धरायण—स्वामिन् ! महारानी को छिपाकर मैंने अपराध किया है । महाराज क्षमा करें । (पाँवों पर गिरता है ।)

राजा—(उठकर) आप सत्य ही यौगन्धरायण हो ।

पागलपन के झूठे बहाने, युद्ध, शास्त्रोक्त मन्त्रणा एवं आपके द्वारा किए गए उपायों से निश्चित ही डूबते हुए हम बचाए गए ॥१८॥

यौगन्धरायण—स्वामी के भाग्यों के साथ ही हमारा भाग्य भी जुड़ा है ।

पद्मावती—अहो ! यह आर्या वासवदत्ता हैं ! आर्ये ! अज्ञानवश मैंने आपके साथ सखी-जैसा व्यवहार करके शिष्टाचार का उल्लंघन किया है । इसलिए मैं प्रणाम द्वारा आपकी प्रसन्नता चाहती हूँ ।

वासवदत्ता—(पद्मावतीमुत्थाप्य) उट्ठेहि उट्ठेहि। अविहवे ! उट्ठेहि। अत्थिसअ णाम सरीरं अवरद्धइ। (उत्तिष्ठोत्तिष्ठाविधवे ! उत्तिष्ठ, अर्थिस्वं नाम शरीरमपराध्यति।]

पद्मावती—अणुग्गहिदम्हि। [अनुगृहीताऽस्मि]

राजा—वयस्य यौगन्धरायण ! देव्यपनये का कृता ते बुद्धिः ?

यौगन्धरायणः—कौशाम्बीमात्रं परिपालयामीति।

राजा—अथ पद्मावत्या हस्ते किं न्यासकारणम् ?

यौगन्धरायणः—पुष्पकभद्रादिभिरादेशिकैरादिष्टा स्वामिनो देवी भविष्यतीति।

राजा—इदमपि रुमण्वता ज्ञातम् ?

यौगन्धरायणः—स्वामिन् ! सर्वैरेव ज्ञातम्।

राजा—अहो ! शठः खलु रुमण्वान्।

यौगन्धरायणः—स्वामिन् ! देव्याः कुशलनिवेदनार्थमद्यैव प्रतिनिवर्त्ततामत्रभवान् रैभ्योऽत्रभवती च।

वासवदत्ता—(पद्मावती को उठाकर) उठो, उठो, सौभाग्यवती ! उठो। प्रार्थी (यौगन्धरायण) का यह धरोहर-रूपी शरीर ही अपराधी है।

पद्मावती—आपकी महती कृपा।

राजा—मित्र यौगन्धरायण ! देवी के छिपाने का क्या प्रयोजन था ?

यौगन्धरायण—(यही कि) केवल कौशाम्बी पर ही हमारा अधिकार रह गया था (राज्य का अन्य भाग शत्रु के हाथ में चला गया था) इसलिए।

राजा—पद्मावती के हाथ में इन्हें धरोहर रूप में रखने का क्या कारण ?

यौगन्धरायण—पुष्पकभद्र आदि ज्योतिषियों का कथन था कि पद्मावती आपकी रानी होंगी।

राजा—क्या यह रुमण्वान् को मालूम था ?

यौगन्धरायण—महाराज ! सभी जानते थे।

राजा—अहो ! रुमण्वान् बड़ा धूर्त्त है।

यौगन्धरायण—महाराज ! देवी वासवदत्ता का कुशल वृत्तान्त कहने के लिए आज ही आर्य रैभ्य और आर्या वसुन्धरा को वापस भेज दीजिए।

राजा—न, न । सर्व एव वयं यास्यामो देव्या पद्मावत्या सह ।

यौगन्धरायणः—यदाज्ञापयति स्वामी ।

(भरतवाक्यम्)

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥१९॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

षष्ठोऽङ्कः समाप्तः

स्वप्नवासवदत्तं समाप्तम् ।

———

सागरपर्यन्ताम् सागराः समुद्राः पर्यन्ताः मर्यादा यस्याः ताम् । हिमवान् हिमालयो विन्ध्यः विन्ध्याचलश्च तौ कुण्डले कर्णाभरणे यस्याः ताम् । एकम् आतपत्रं छत्रम् अङ्कः चिह्नं यस्याः ताम् । इमाम् । महीं पृथ्वीम् । नः अस्माकम् । राजसिंहः नृपतिवरः । प्रशास्तु पालयतु ॥१९॥

राजा—नहीं, नहीं । हम सभी देवी पद्मावती को साथ लेकर वहाँ जायेंगे ।

यौगन्धरायण—जैसा महाराज का आदेश ।

(भरतवाक्य)

अद्वितीय राजछत्र से चिह्नित, समुद्र-पर्यन्त इस पृथिवी का, जिसके हिमालय और विन्ध्याचल दो कुण्डल हैं, हमारे राजसिंह नरेश पालन करें ॥१९॥

(सब चले जाते हैं ।)

छठा अङ्क समाप्त

स्वप्नवासवदत्त समाप्त

———

परिशिष्ट

'स्वप्नवासवदत्त' के परीक्षोपयोगी अंशों की प्रसंगसहित व्याख्या

प्रथम अंक

(१) एवमनिर्ज्ञातानि दैवतान्यप्यवधूयन्ते ।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है । यह यौगन्धरायण की उक्ति है ।

महाराज दर्शक की बहन पद्मावती अपनी माता महादेवी से मिलने के लिए तपोवन के आश्रम को चली । सिपाहियों ने तपोवन के मार्ग से लोगों को हटाना शुरू किया । वासवदत्ता को यह अच्छा नहीं लगा । उसने मन्त्री यौगन्धरायण से पूछा कि कौन मनुष्य लोगों को हटा रहा है ? वासवदत्ता के प्रश्न के उत्तर में यौगन्धरायण ने कहा कि जो मनुष्य मार्ग से लोगों को हटा रहा है, वह अपने को धर्म से हटा रहा है । उसके कथन का अभिप्राय यह था कि तपोवन में मार्ग से लोगों को हटाना पाप है ।

इस पर वासवदत्ता ने कहा कि मेरे पूछने का अभिप्राय यह नहीं है । मैं तो यह पूछना चाहती हूँ कि क्या मुझे भी हटाया जाएगा ? उत्तर में यौगन्धरायण ने कहा कि हाँ, आपको भी हटाया जायगा; क्योंकि हटाने वाले लोग नहीं जानते कि आप महासेन प्रद्योत की पुत्री तथा वत्सराज उदयन की पत्नी हैं । अज्ञानवश तो देवताओं का भी अपमान हो जाता है ।

(२) तथा परिश्रमः परिखेदं नोत्पादयति यथाऽयं परिभवः ।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है । यह वासवदत्ता की उक्ति है ।

मगध नरेश दर्शक की बहन पद्मावती अपनी माता महादेवी से मिलने

के लिए तपोवन के आश्रम को चली। उसके सिपाहियों ने मार्ग से लोगों को हटाना शुरू किया। वासवदत्ता को यह अच्छा नहीं लगा।

यौगन्धरायण और वासवदत्ता दोनों गुप्त वेष में वहाँ आये थे। दोनों ने मार्ग में अनेक कष्टों का अनुभव किया होगा। वासवदत्ता बहुत थक गई थी, किन्तु थकावट की उसे चिन्ता नहीं हुई। वह इस विचार से दुःखित थी कि उसे भी मार्ग से हटाया जायगा। उक्त वाक्य में वह यौगन्धरायण से कह रही है कि श्रम से उसे ऐसा कष्ट नहीं हुआ जैसा कि अपमान से होने वाला है।

(३) **कालक्रमेण जगतः परिवर्त्तमाना**
चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः।

यह वाक्य भासकृत स्वप्नवासवदत्त के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह यौगन्धरायण की उक्ति है।

तपोवन में पद्मावती के आने पर मार्ग से लोगों को हटाया जा रहा है। वासवदत्ता चिन्तित है कि उसे भी मार्ग से हटाया जायगा। शारीरिक परिश्रम से उत्पन्न कष्ट की अपेक्षा अपमान से उत्पन्न कष्ट अधिक भीषण होता है। इस पर यौगन्धरायण उसे इस प्रकार धीरज बँधाता है—

एक समय था जब तुम भी इसी प्रकार चलती थी। जब पुनः तुम्हारे पति को राज्य-लाभ होगा तब तुम इसी प्रकार चलोगी। भाग्य सदा एक-सा नहीं रहता। कभी अच्छे दिन आते हैं और कभी बुरे। रथ का पहिया जब घूमता रहता है तब उसका जो भाग नीचे है, वह ऊपर आ जाता है और फिर वही ऊपर का भाग नीचे चला जाता है। वैसे ही मनुष्य का भाग्य कभी उन्नत और कभी अवनत हो जाता है।

(४) **न परुषमाश्रमवासिषु प्रयोज्यम्।**

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह काञ्चुकीय की उक्ति है।

मगध नरेश दर्शक की बहन पद्मावती जब अपनी माता महादेवी से

मिलने के लिए तपोवन में आई और उसके सिपाही मार्ग में से लोगों को हटाने लगे तब काञ्चुकीय ने आकर सम्भषक से कहा कि लोगों को मत हटाओ। आश्रमवासियों के साथ कठोरता का व्यवहार करना उचित नहीं। इससे राजा की निन्दा होती है। ये तपोवन के लोग नगर में होने वाले अपमानों से बचने के हेतु वन में आकर बसे हैं। इनके साथ नागरिकों का-सा व्यवहार करना उचित नहीं है।

काञ्चुकीय के कहने पर सिपाही मार्ग से लोगों को हटाना बन्द कर देते हैं।

(५) हन्त सविज्ञानमस्य दर्शनम्।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है।

यह यौगन्धरायण की उक्ति है। मगध-नरेश दर्शक की बहन पद्मावती अपनी माता महादेवी से मिलने के लिए तपोवन में आई। उसके सिपाही मार्ग से लोगों को हटाने लगे। तब काञ्चुकीय ने आकर उन सिपाहियों को रोका और कहा कि यह तपोवन है। यहाँ रहने वाले लोगों को यदि तुम मार्ग से हटाओगे तो राजा की निन्दा होगी। अपमान से बचने के लिए तो ये लोग यहाँ आकर बसे हैं।

उक्त वाक्य में यौगन्धरायण ने काञ्चुकीय की प्रशंसा की है। वह उसके विचार से सहमत है।

(६) प्रद्वेषो बहुमानो वा सङ्कल्पादुपजायते।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह यौगन्धरायण की उक्ति है।

महाराज दर्शक की बहन पद्मावती को देखकर यौगन्धरायण के मन में उसके प्रति विशेष आदर उत्पन्न हुआ। पुष्पकभद्र आदि ज्योतिषियों से उसे ज्ञात हुआ था कि पद्मावती उदयन की पत्नी होगी। वह पद्मावती को

स्वामिनी समझने लगा। विवाह-सम्बन्ध के होने से पूर्व ही उसके प्रति उसका आदर जाग्रत हो उठा। वह सोचने लगा कि द्वेष और आदर अपने मन की विचार-शक्ति से ही उत्पन्न होते हैं, क्योंकि मैं इसे अपने राजा उदयन की पत्नी के रूप में देख रहा हूँ अतः मेरा इसके प्रति आदर-भाव उत्पन्न हुआ है।

(७) **तपोवनानि नामातिथिजनस्य स्वगेहम्।**

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' नाटक के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह तापसी की उक्ति है।

महाराज दर्शक की बहन पद्मावती अपनी माता महादेवी के दर्शनार्थ तपोवन को आई। स्वागतकारिणी तापसी को उसने प्रणाम किया—'आर्ये वन्दे !' तापसी ने उसे आशीर्वाद दिया—'चिरं जीव' और कहा कि तपोवन अतिथियों का अपना घर है। इस पर पद्मावती ने अपना आगमन सफ समझा।

(८) **दुःखं न्यासस्य रक्षणम्।**

वह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' नाटक के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह काञ्चुकीय की उक्ति है।

महाराज दर्शक की बहन पद्मावती ने सभी तापसों को आमन्त्रित किया। वह उन्हें उनकी अभीष्ट वस्तु प्रदान करने को तैयार हो गई। काञ्चुकीय ने घोषणा की—"कलश किसे चाहिए ? कौन वस्त्र का इच्छुक है ? किसे अपना शिक्षण पूर्ण करके गुरु को कितनी दक्षिणा देनी है ?"

इस घोषणा को सुनकर यौगन्धरायण काञ्चुकीय के समक्ष आकर अपनी माँग प्रस्तुत करता है—"मेरी बहन आवन्तिका कुछ दिनों के लिए पद्मावती का आश्रय चाहती है। उसका पति विदेश में गया है। जब तक वह लौटता नहीं, तक तक मेरी बहन पद्मावती के पास रहेगी।"

यौगन्धरायण की माँग सुनकर काञ्चुकीय घबरा जाता है। वह उसकी माँग को स्वीकार करना नहीं चाहता। वह कहता है कि 'धरोहर की रक्षा

करना कठिन है। इसकी अपेक्षा तो धन देना, प्राण देना और तप करना भी कठिन नहीं है।'

किन्तु पद्मावती काञ्चुकीय के इस विचार से सहमत नहीं हुई। जबकि पहले ही घोषणा कर दी गई कि जो व्यक्ति जिस वस्तु की माँग करे, वह उसे दी जाएगी, तब किसी भी प्रार्थना को ठुकराना उचित नहीं होगा।

(९) नहि सिद्धवाक्यान्युत्क्रम्य गच्छति विधिः सुपरीक्षितानि।

यह वाक्य भासकृत स्वप्नवासवदत्त के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह यौगन्धरायण की उक्ति है।

जब यौगन्धरायण तपोवन में आया तब पद्मावती भी अकस्मात् वहाँ आ पहुँची। पद्मावती ने आकर घोषणा करा दी कि कोई भी तापस किसी भी इष्ट वस्तु को माँगे, वह उसे देगी। पद्मावती का तपोवन में आना और उक्त प्रकार की घोषणा कराना—दोनों ऐसे सुअवसर पर हुए, जैसे कि वे योजना के अन्तर्गत हों। इस प्रकार मन्त्रियों की योजना को सफल बनाने में दैव ने भी साथ दिया। आदेशिकों ने कई बातें पहले से ही कह दी थीं। उन्होंने पहले ही कह दिया था कि उदयन के राज्य का बहुत-सा भाग शत्रु के हाथ में चला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि उदयन का पद्मावती से विवाह होगा। पहली बात पूरी उतरी। शत्रु ने वत्सदेश का बहुत-सा भाग छीन लिया। अब दूसरी बात भी—उदयन का पद्मावती से विवाह—पूरी उतरनी चाहिए।

यौगन्धरायण का कथन है कि दैव सिद्धों के आदेशानुसार चलता है। सिद्धों का वचन कभी असत्य नहीं होता। उनके वचन में विश्वास रखते हुए यौगन्धरायण ने वासवदत्ता को पद्मावती के हाथ सौंपा।

(१०) सर्वजनसाधारणमाश्रमपदं नाम।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है।

यह काञ्चुकीय की उक्ति है।

पद्मावती, आवन्तिका के वेष में वासवदत्ता, परिव्राजक के वेष में यौगन्धरायण, और काञ्चुकीय तपोवन में एक साथ बैठे हुए बातचीत कर रहे थे। इतने में वहाँ एक ब्रह्मचारी आया। महिलाओं को देखकर वह कुछ व्याकुल हो गया। इस पर काञ्चुकीय ने उससे कहा कि आप व्याकुल न हों। तपोवन के आश्रम में कोई भी व्यक्ति आ सकता है। यह स्थान सभी के लिए प्रवेश्य है।

(११) सकाम इदानीमार्ययौगन्धरायणो भवतु।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से उद्धृत किया गया है। वासवदत्ता आत्मगत कह रही है।

ब्रह्मचारी उदयन की शोकावस्था के सम्बन्ध में इस प्रकार सुना रहा था कि जब उदयन को मालूम हुआ कि वासवदत्ता और यौगन्धरायण दोनों अग्नि में जल गये तब वह उसी अग्नि में कूदने लगा, किन्तु मन्त्रियों ने उसे रोका। तब वह वासवदत्ता के गहनों को छाती से लगाकर मूर्छित हो गया।

ब्रह्मचारी द्वारा वर्णित उदयन की शोक-दशा को सुनकर सभी उपस्थित जन दुःखित हुए, किन्तु वासवदत्ता अपने मन में आर्य यौगन्धरायण को कोसने लगी। मूर्छा-दशा में यदि उदयन ने प्राण त्याग दिये तो यौगन्धरायण की पूरी योजना विफल हो जाएगी—यह सोचकर वासवदत्ता ने मन में व्यंग्यपूर्ण शब्दों में कहा कि अब आर्य यौगन्धरायण का मनोरथ पूरा हो।

(१२) धन्या सा स्त्री यां तथा वेत्ति भर्त्ता
भर्त्तुः स्नेहात् सा हि दग्धाऽप्यदग्धा।

यह अवतरण भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के प्रथम अङ्क से लिया गया है। यह ब्रह्मचारी की उक्ति है।

उदयन को जब वासवदत्ता की मृत्यु का पता चला, तब वह पृथ्वी पर लोटने लगा। उसका शरीर धूलि से भर गया। वह सहसा उठकर—'हा वासवदत्ता! हा अवन्तिराजकुमारी! हा प्रियशिष्या' आदि बहुत विलाप करने लगा। उसे इतना दुख हुआ जितना कभी किसी चकवे को भी प्रिया-

वियोग में नहीं होता। कोई भी विरही इतना सन्तप्त नहीं होगा। धन्य है वह नारी, जिसे पति वैसा मानता है। वास्तव में वही पतिप्रिया है। जलने पर भी वह नहीं जली। वह उसके हृदय में रहकर सदैव जीवित है।

द्वितीय अङ्क

(१३) सर्वजनमनोऽभिरामं खलु सौभाग्यं नाम।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के द्वितीय अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह पद्मावती की उक्ति है।

वासवदत्ता, पद्मावती और उसकी दासी एक साथ बैठी बातचीत कर रही थीं। वासवदत्ता को मालूम था कि पद्मावती का सम्बन्ध उसके भाई से होने वाला है। इसलिए वासवदत्ता ने उसे 'भविष्यन्महासेनवधु' कहा। इसपर पद्मावती ने पूछा कि यह महासेन कौन है? वासवदत्ता ने कहा कि उज्जयिनी के राजा प्रद्योत का यह नाम है। बहुत सेना होने के कारण उसका यह नाम पड़ा है। तब दासी ने कहा कि पद्मावती महासेन के पुत्र से विवाह करना नहीं चाहती अपितु वत्सराज उदयन को चाहती है। तब वासवदत्ता ने पूछा —क्यों? दासी ने कहा इसलिए कि वह दयालु है। फिर दासी ने पूछा कि यदि वह राजा रूपवान् न हो। पद्मावती के उत्तर से पहले ही वासवदत्ता ने कहा कि वह रूपवान् है—इस प्रकार उज्जयिनी के लोग कहते हैं। वासवदत्ता की इस उक्ति पर पद्मावती को लेशमात्र भी संदेह नहीं हुआ। वह समझती थी कि उज्जयिनी के लोगों ने उसे कई बार देखा होगा और उसकी प्रशंसा की होगी; क्योंकि सुन्दरता सबके मन को लुभाती है।

(१४) आगमप्रधानानि सुलभपर्यवस्थानानि महापुरुषहृदयानि भवन्ति।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के द्वितीय अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह धाय की उक्ति है।

वासवदत्ता, पद्मावती और उसकी दासी एक साथ बैठी हुई विनोद-वार्त्ता में व्यस्त थीं। इतने में पद्मावती की धाय ने आकर कहा कि राज-

कुमारी पद्मावती का वत्सराज उदयन के प्रति वाग्दान हो गया। इस पर वासवदत्ता ने पूछा कि उदयन स्वस्थ तो हैं? उत्तर में धाय ने कहा कि स्वस्थ हैं और उन्होंने राजकुमारी पद्मावती को स्वीकार भी कर लिया है। तब वासवदत्ता ने सहसा कहा कि बहुत बुरा हुआ। जब धाय ने पूछा कि इसमें क्या बुरा हुआ, तब वासवदत्ता ने कहा कि इसमें बुरा कुछ नहीं हुआ, किन्तु यह आश्चर्य की बात है कि वासवदत्ता के लिए इतना सन्तप्त होकर अब एकदम उदासीन हो गए। तब धाय ने उसे समझाया कि महान् व्यक्तियों के हृदय शास्त्रों के उपदेशों से प्रभावित होकर सहज ही अपनी प्रकृति पर आ जाते हैं। अतः वासवदत्ता की मृत्यु का शोक उनके मन में स्थायी नहीं रहा। शास्त्रों में लिखा है कि मृत्यु अनिवार्य है। मृतक के लिए शोक नहीं करना चाहिए। महापुरुषों की यह विशेषता है कि वे गम्भीर होते हैं। शोक उन्हें दबा नहीं सकता।

तृतीय अंक

(१५) अहो अकरुणाः खल्वीश्वराः।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के तृतीय अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह वासवदत्ता की उक्ति है।

उदयन का पद्मावती से विवाह हो गया। इससे पूर्व उदयन के हृदय पर वासवदत्ता का ही अधिकार था। अब वे पद्मावती के हो गये; अतः वासवदत्ता अतीव चिन्तित है। शिलापट्ट पर बैठी हुई शून्य-हृदय-सी वह दुःखित हो रही है।

इतने में एक दासी ने आकर उससे कहा कि हमारी स्वामिनी कह रही हैं कि तुम राजकुमारी पद्मावती के लिए सौभाग्य-माला तैयार करो। वासवदत्ता पहले से ही दुःखित थी। इस सन्देश से वह और भी दुःखित हुई और कहने लगी कि ऐसा काम करना भी मेरे भाग्य में लिखा था! हाय, दैव निश्चित ही निर्दय है।

यह वाक्य 'स्वप्नवासवदत्त' के पञ्चम अङ्क में भी आया है। वहाँ भी यह वासवदत्ता की उक्ति है। पद्मावती की दासी वासवदत्ता से कह रही है कि राजकुमारी पद्मावती शिरोवेदना से पीड़ित हैं। उनके मस्तक पर लगाने को वह अनुलेपन लाई है।

वासवदत्ता सुनकर घबरा जाती है। उसे पता है कि उदयन पद्मावती को ब्याहकर वासवदत्ता के शोक को कथंचित् रोक सके हैं। अब पद्मावती को अस्वस्थ सुनकर वे पूर्ववत् दुःखी होंगे। उक्त शब्दों में वह दैव को कोस रही है। दैव अतीव निर्दय है।

यहाँ पर पति-प्रेम का उच्च आदर्श प्रस्तुत किया गया है। पद्मावती के अस्वस्थ होने पर वासवदत्ता इसलिए दुःखित है कि उदयन पद्मावती को अस्वस्थ देखकर स्वयं अस्वस्थ हो जायेंगे।

(१६) अयुक्तं परपुरुषसङ्कीर्त्तनं श्रोतुम्।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के तृतीय अंक से उद्धृत किया गया है। यह वासवदत्ता की उक्ति है। वासवदत्ता और उसकी दासी एक साथ बैठी हुई विनोद-वार्त्तालाप कर रही हैं।

पद्मावती का उदयन के साथ विवाह हो गया। वासवदत्ता दासी से पूछती है—क्या तूने वर को देखा है? दासी 'हाँ' में उत्तर देती हैं। वासवदत्ता पूछती है कि क्या वह रूपवान् है? तब दासी कहती है कि हाँ, वह कामदेव के सदृश है। वासवदत्ता दासी से चुप रहने को कहती है। दासी पूछती है कि तुम मुझे मना क्यों कर रही हो? वासवदत्ता कहती है कि पराये पुरुष का वर्णन सुनना ठीक नहीं है।

चतुर्थ अङ्क

(१७) दत्तं वेतनमस्य परिखेदस्य।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के चतुर्थ अंक से उद्धृत किया गया है। यह वासवदत्ता की उक्ति है।

जब उदयन और विदूषक परस्पर वार्त्ता कर रहे हैं तब विदूषक उदयन से पूछता है कि आपको कौन प्रिय है—वासवदत्ता अथवा पद्मावती ? उदयन कुछ नहीं कहना चाहता। विदूषक आग्रह करता है—वासवदत्ता जीवित नहीं हैं; पद्मावती वहाँ उपस्थित नहीं। अतः विदूषक के प्रश्नोत्तर में उदयन को त्रस्त होना नहीं चाहिए। तब उदयन अपने हृदय के भाव को व्यक्त करता है—

"रूप, शील और माधुर्य होने के कारण यद्यपि पद्मावती आदरणीय है तो भी वासवदत्ता में आसक्त मेरे मन को वह आकृष्ट नहीं कर सकी।"—उदयन की इस उक्ति से प्रफुल्ल होकर वासन्ती लता मंडप में छिपी हुई वासवदत्ता अपने मन में कहती है कि अज्ञातवास में मैंने जितना भी कष्ट उठाया, आज उसका वेतन मिल गया; क्योंकि उदयन समझते हैं कि मैं मर चुकी हूँ तो भी वे मुझे भूले नहीं और पद्मावती की अपेक्षा मुझे विशेष गौरव प्रदान किया। अज्ञातवास में मेरा रहना आज सफल हुआ; क्योंकि मुझे पति का प्रेम परोक्ष में प्रकट हुआ।

(१८) अनतिक्रमणीयो हि विधिः।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के चतुर्थ अंक में से उद्धृत किया गया है। यह विदूषक की उक्ति है।

विदूषक के कथन का अभिप्राय यह है कि विधि-विधान अवश्य होकर रहेगा। हम उसे हटा नहीं सकते।

यह प्रसंग उस समय का है जब उदयन विदूषक से पूछ रहा है कि 'तुझे कौन प्रिय है—वासवदत्ता अथवा पद्मावती ?' विदूषक कहता है कि वासवदत्ता का मैं अवश्य आदर किया करता था, किन्तु पद्मावती रूपवती है, मधुरवाक् है, क्रोध और अहंकार नहीं करती। उसमें एक भव्य गुण यह है कि वह उत्तम स्वादिष्ट भोजन से मेरा अभिनन्दन करती है। इसपर उदयन कहता है कि यह मैं वासवदत्ता से कह दूँगा। विदूषक कहता है कि वासवदत्ता कहाँ है ! वह तो मर चुकी हैं। तब उदयन शोक से व्याकुल हो जाता है। इसपर विदूषक उसे धैर्य बँधाता है और कहता है कि दैवगति दुर्निवार है। दैवी

विधान अतिक्रान्त नहीं हो सकता। जो भाग्य में लिखा है, वह होकर रहेगा। मनुष्य के अधीन कुछ भी नहीं है।

(१६) दुःखं त्यक्तुं बद्धमूलोऽनुरागः
स्मृत्वा स्मृत्वा याति दुःखं नवत्वम्।
यात्रा त्वेषा यद् विमुच्येह बाष्पं
प्राप्तानृण्या याति बुद्धिः प्रसादम्॥

यह पद्य भासकृत स्वप्नवासवदत्त के चतुर्थ अंक से उद्धृत किया गया है। यह उदयन की उक्ति है।

वासवदत्ता की याद में उदयन शोकातुर है। विदूषक उसे धैर्य बँधा रहा है। उदयन उससे कहता है कि मुझे धैर्य का उपदेश मत दो, तुम मेरी दशा को नहीं जानते।

दृढ़ प्रेम को भुलाना सरल नहीं है। प्रियजन की याद में दुख नया हो जाता है। प्रेम की यह रीति है कि हम वियोग में आँसू बहाकर उऋण हो जाते हैं और हमारा दुःखी मन शान्त हो जाता है।

(२०) **सदाक्षिण्यस्य जनस्य परिजनोऽपि सदाक्षिण्य एव भवति।**

यह वाक्य 'स्वप्नवासवदत्त' के चौथे अंक से उद्धृत किया गया है। यह पद्मावती की उक्ति है।

प्रमदवन की वाटिका में वासवदत्ता की स्मृति में उदयन अश्रुपात कर रहे हैं। उनका मुख आँसुओं के गिरने से मलिन हो गया है। विदूषक मुँह धोने का जल लाने जाता है। जब वह जल ला रहा है, मार्ग में पद्मावती से भेंट हो जाती है। वह विदूषक से पूछती है कि यह क्या है? पहले तो विदूषक बतलाना नहीं चाहता, किन्तु जब पद्मावती आग्रह करती है तब वह कहता है कि हवा में उड़ी हुई कास के फूल की धूलि राजा की आँख में पड़ गई है और उनका मुख अश्रुपात से मलिन हो गया है। अतः उनके लिए मुँह धोने का जल ले जा रहा हूँ। अच्छा होगा कि यह जल आप ही ले जावें।

वासन्तीलता-मण्डप में छिपी हुई पद्मावती ने जान लिया था कि वास्तव में वासवदत्ता की स्मृति में आँख से निकले हुए आँसुओं से उदयन का मुख मलिन हुआ है, न कि कास के फूल की धूलि के आँख में पड़ने से। वह समझती है कि विदूषक उससे झूठ बोल रहा है। वह उससे कैसे कहता कि वासवदत्ता की स्मृति में उदयन रोया है। वह स्वयं मन में कहती है कि शिष्ट जन का सेवक भी शिष्ट होता है। शिष्टाचार के अनुसार रहस्य का गोपन ही उचित था।

(२१) स्त्रीस्वभावस्तु कातरः।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के चतुर्थ अंक से उद्धृत किया गया है। यह उदयन की उक्ति है।

प्रमदवन की वाटिका में वासवदत्ता की स्मृति में उदयन अश्रुपात कर रहे हैं। उनका मुख आँसुओं के गिरने से मलिन हो गया है। विदूषक मुँह धोने का जल लाने जाता है। जब वह जल ला रहा है, मार्ग में पद्मावती से भेंट हो जाती है। वह विदूषक से पूछती है कि यह क्या है? पहले तो विदूषक मौन रहता है, किन्तु जब पद्मावती आग्रह करती है तब वह कहता है कि वायु से उड़ी हुई कास-पुष्प की रेणु राजा के नेत्र में पड़ गई है। मुँह धोने का जल ला रहा हूँ। अच्छा होगा कि यह जल आप ही ले चलें।

माधवीलता-मंडप में छिपी हुई पद्मावती ने जान लिया था कि वास्तव में वासवदत्ता की स्मृति में आँख से स्रवित अश्रु से उदयन का मुख मलिन हुआ था, न कि कास-कुसुम की रेणु के आँख में पड़ जाने से।

किन्तु जब वह जल लेकर पहुँचा तब उदयन ने उससे झूठ कह दिया कि वायु से प्रकम्पित कास-कुसुम की रेणु के आँख में पड़ जाने से मेरे मुँह पर आँसू आ गिरे।

इस प्रकार उदयन तथ्य को छिपाना चाहता है। वह मन में सोच रहा है कि यदि इसे सत्य कह दिया जाय तब सम्भव है कि यह उस सत्य को सहन न कर सके। यद्यपि यह गंभीर स्वभाव की नारी है तो भी स्त्रियों का स्वभाव अधीर होता है।

(२२) सत्कारो हि नाम सत्कारेण प्रतीष्टः प्रीतिमुत्पादयति ।

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के चतुर्थ अंक से उद्धृत किया गया है। यह विदूषक की उक्ति है।

विदूषक उदयन से कह रहा है कि महाराज दर्शक ने अपने मित्र राजाओं की एक बैठक बुलाई है। हमें चाहिए कि हम स्वयं महाराज दर्शक को साथ लेकर वहाँ चलें। महाराज दर्शक ने बैठक बुलाकर हमें सम्मानित किया है। हमें महाराज दर्शक के साथ स्वयं वहाँ उपस्थित होकर दर्शक को सम्मान देना चाहिए। हमें आमंत्रण की प्रतीक्षा करना उचित नहीं। जब कोई व्यक्ति हमें आदर देता है तो हमें भी उसका आदर करना चाहिए। प्रेम से प्रेम बढ़ता है।

(२३) गुणानां वा विशालानां सत्काराणां च नित्यशः ।
कर्त्तारः सुलभा लोके विज्ञातारश्च दुर्लभाः ॥

यह पद्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के चतुर्थ अंक से उद्धृत किया गया है। यह महाराज उदयन की उक्ति है। उदयन विदूषक से कह रहे हैं कि परोपकार आदि विशाल गुणों का तथा निरन्तर सम्मान का प्रदर्शन करने वाले लोग जगत् में बहुत पाये जाते हैं, किन्तु उनके जानकार विरले ही मिलते हैं।

प्रसंग इस प्रकार है—उदयन का विवाह पद्मावती से हो गया है। अनन्तर वत्सराज के भूभाग को, जिसे आरुणि ने छीन लिया था, लौटाने के लिए महाराज दर्शक ने मित्र-राष्ट्रों के राजाओं की एक बैठक बुलाई है। विदूषक उदयन से कह रहा है कि हम आमंत्रण की प्रतीक्षा में न रहें अपितु स्वयं महाराज दर्शक को साथ लेकर बैठक में उपस्थित हो जायँ। महाराज दर्शक ने सभा का आयोजन करके हमें सम्मान दिया है। हम उस सम्मान को पहचानें और बैठक में उपस्थित होकर इस बात का परिचय दें कि हमने उनके सम्मान का स्वागत किया है।

विदूषक ने इस पद्य से पूर्व उदयन से कहा था कि जब कोई व्यक्ति हमें

आदर देता है तब हमें भी उसका आदर करना चाहिए। प्रस्तुत पद्य में उदयन द्वारा विदूषक के कथन का समर्थन है।

षष्ठ अङ्क

(२४) **कातरा येऽप्यशक्ता वा नोत्साहस्तेषु जायते।**
प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते॥

यह पद्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के छठे अंक से उद्धृत किया गया है। यह काञ्चुकीय की उक्ति है। काञ्चुकीय उदयन को महासेन प्रद्योत का सन्देश दे रहा है। अतः वास्तव में महासेन प्रद्योत की यह उक्ति है।

महासेन के सन्देश का तात्पर्य यह है कि निर्बल और कायर मनुष्यों में उत्साह नहीं होता। राज्य का उपभोग प्रायः उत्साही मनुष्य ही करते हैं।

प्रसंग इस प्रकार है—राजा दर्शक की सहायता और मंत्रियों की नीति के फलस्वरूप उदयन ने शत्रु पर विजय पाई। महासेन प्रद्योत सन्देश भेजकर उदयन की प्रशंसा कर रहे हैं। उनके सन्देश का तत्त्व कौटिल्य के इस कथन पर आधारित है कि पृथ्वी का उपभोग वीर पुरुष ही कर सकता है—'वीरभोग्या वसुन्धरा।'

(२५) **कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले**
रज्जुच्छेदे के घटं धारयन्ति।
एवं लोकस्तुल्यधर्मो वनानां
काले काले छिद्यते रुह्यते च॥

यह पद्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' नाटक के छठे अंक से उद्धृत किया गया है। यह काञ्चुकीय की उक्ति है।

महासेन प्रद्योत ने काञ्चुकीय और धाय को वासवदत्ता और उदयन के चित्र देकर उदयन के पास भेजा। वे आकर उदयन से मिले और उसे महासेन प्रद्योत और अंगारवती का सन्देश दिया। चित्र को देखकर उदयन का सन्ताप पुनर्जागृत हो गया। उसे वासवदत्ता की याद आई। तब काञ्चुकीय ने उससे कहा कि आप सन्ताप मत करें क्योंकि मृत्यु अनिवार्य है।

जब मौत का समय निकट आता है तब कोई भी व्यक्ति उसे नहीं बचा सकता। जब घड़े की रस्सी टूट जाती है तब घड़ा कुएँ में गिर जाता है। हम उसे पकड़ नहीं सकते। मनुष्य उस वन के समान है, जो प्रतिदिन कटता है और फिर से उगता है।

(२६) परस्परगता लोके दृश्यते रूपतुल्यता।

यह पंक्ति भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के छठे अंक से उद्धृत की गई है। यह उदयन की उक्ति है।

प्रद्योत महासेन ने वासवदत्ता और उदयन के चित्र देकर काञ्चुकीय और धाय को उदयन के पास भेजा। जब पद्मावती ने वासवदत्ता के चित्र को देखा तब उसने कहा कि उस चित्र की आकृति आवन्तिका से मिलती है, जिसे एक ब्राह्मण ने उसके हाथ सौंपा था और कहा था कि जबतक उसका पति विदेश से नहीं लौटता तब तक वह पद्मावती के पास रहेगी।

इसपर उदयन ने कहा कि यदि आवन्तिका किसी ब्राह्मण की बहन है, तो स्पष्ट ही वासवदत्ता नहीं होगी। जगत् में समान रूप और समान आकृति के व्यक्ति भी मिलते हैं।

(२७) साक्षिमन्न्यासो निर्यातयितव्यः।

यह वाक्य भासकृत स्वप्नवासवदत्त के छठे अंक से उद्धृत किया गया है। यह उदयन की उक्ति है।

जब पद्मावती, उदयन, काञ्चुकीय और धाय बातचीत कर रहे थे तब पद्मावती ने कहा कि वासवदत्ता का जो चित्र महासेन ने भेजा है, उस चित्र की आकृति के सदृश आकृति की एक नारी उसके पास रहती है। एक ब्राह्मण ने उसे सौंपा था कि जबतक उसका पति विदेश से नहीं लौटता तबतक वह पद्मावती के पास रहेगी।

पद्मावती की इस बात को सुनकर उदयन को सन्देह हुआ कि सम्भव है, वह वासवदत्ता हो।

इतने में ब्राह्मण के वेष में यौगन्धरायण उनके समक्ष उपस्थित हुआ।

उसने अपनी बहन लौटाने की माँग की। आवन्तिका को वहाँ लाया गया। वह घूँघट किये थी।

उदयन ने पद्मावती से कहा कि घरोहर को लौटाते समय कोई गवाह होना चाहिए। आवन्तिका को लौटाते समय कांचुकीय और धाय—दोनों गवाह होंगे।

(२८) **अर्थिस्वं नाम शरीरमपराध्यति।**

यह वाक्य भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' के छठे अङ्क से उद्धृत किया गया है। यह वासवदत्ता की उक्ति है।

पद्मावती ने वासवदत्ता से क्षमा माँगी और कहा कि मैंने आपकी वास्तविकता को न जानकर भूल की। मैंने आपके साथ सखी-जैसा व्यवहार किया जबकि मुझे गुरुजन के सदृश व्यवहार करना था। अतः मैं नमन द्वारा आपको मनाती हूँ।

ऐसा कहते हुए जब पद्मावती ने अपना सिर झुकाया तब वासवदत्ता ने पद्मावती से कहा कि आप अपराधिनी नहीं हैं। अपराध मेरा ही था; क्योंकि मैंने अपने को अज्ञात रखा। इस परिस्थिति में आपने यदि मेरे साथ कभी अनुचित व्यवहार किया तो इसमें मेरा ही अपराध है। "प्रार्थी यौगन्धरायण द्वारा आपको सौंपा गया मेरा शरीर ही अपराधी है।"

अथवा उक्त वाक्य प्रश्नात्मक है। वासवदत्ता पद्मावती से कह रही है कि मेरे शरीर की स्वामिनी होकर क्या आप अपराधिनी हो सकती हैं? अर्थात् नहीं हो सकतीं। प्रभु का दास पर पूर्ण अधिकार होता है।

———

टिप्पणियाँ

प्रथम अंक

नान्दी—भास के नाटकों में नान्दी का अर्थ 'पूर्वरंग' है। नाटक के आरंभ से पूर्व, पर्दे के पीछे विघ्न-निवारणार्थ देवताओं की अर्चा की जाती थी।

नन्दन्ति देवता यस्मात्तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥

कालिदास और उसके परवर्त्ती नाटकों में नाटक के आरम्भ में नमस्कारात्मक अथवा शुभाशंसात्मक पद्य को ही 'नान्दी' कहा जाने लगा।

प्रस्तुत नाटक में 'उदयनवेन्दुसवर्णा०' यह पद्य नान्दी नहीं है; क्योंकि इस पद्य के पूर्व, भास ने नान्दी का होना कहा है—'नान्द्यते ततः प्रविशति सूत्रधारः'। किन्तु भास के परवर्त्ती साहित्यिकों ने इसे नान्दी कहा है क्योंकि उनके द्वारा स्वीकृत नान्दी के सभी लक्षण इसमें मिलते हैं। यह पद्य 'आशीर्वादात्मिका नान्दी' कहा जा सकता है।

सूत्रधार—रंगमञ्च का प्रबन्धक। लक्षण इस प्रकार है—

नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते ॥

(१) **उदयेति**। अन्वयः—उदयनवेन्दुसवर्णौ आसवदत्ताबलौ पद्मावतीर्णपूर्णौ वसन्तकस्रौ बलस्य भुजौ त्वां पाताम् ॥

शब्दार्थ—सवर्ण=सदृश। आसव=मदिरा। अवतीर्ण=आगमन। कम्र=कमनीय, रम्य। पाताम्=रक्षा करें।

समास—उदयनवेन्दुसवर्णौ—(उदयकालिकः नवेन्दुः नवः इन्दुः—कर्मधारय)=उदयनवेन्दुः (कर्म०—मध्यमपदलोपी); उदयनवेन्दुना समानः वर्णः ययोः (बहुव्रीहिः) तौ। आसवदत्ताबलौ—आसवेन दत्तम् अबलं याभ्यां (बहु०) तौ; अथवा—आसवेन दत्तम् आ (समन्तात्) बलं याभ्याम् (बहु०), तौ। पद्मावतीर्णपूर्णौ=पद्मायाः अवतीर्णम् (=अवतारः) (ष० तत्पु०), अथवा

पद्मस्य अवतीर्णम् (ष० तत्पु०), तेन पूर्णौ (तृ० तत्पु०)। वसन्तकश्रौ—वसन्त इव कश्रौ (उपमित कर्म०)।

विशेष—आर्या वृत्तम्।

इस पद्य में उदयन, वासवदत्ता, पद्मावती और वसन्तक—इन चार मुख्य पात्रों का नामनिर्देश किया गया है। अतः यह मुद्रा अलंकार है। [१]

आर्यमिश्र। मिश्र=पूज्य।

नेपथ्य—पर्दे के पीछे नाट्य के उपकरण रखने का स्थान; सज्जाकक्ष।

(२) **भृत्यैरिति। अन्वयः**—मगधराजस्य स्निग्धैः कन्यानुगामिभिः भृत्यैः तपोवनगतः सर्वः जनः धृष्टम् उत्सार्यते।

शब्दार्थ—स्निग्ध=प्रिय। धृष्टम्=कठोरता से, न कि नम्र भाव से।

वाच्य-परिवर्त्तन—मगधराजस्य स्निग्धाः कन्यानुगामिनः भृत्याः तपोवनगतं सर्वं जनं धृष्टम् उत्सारयन्ति॥

समास—मगधराजस्य=मगधानां राजा मगधराजः, (ष० तत्पु०) तस्य।

कन्यानुगामिभिः—कन्याम् अनुगन्तुं शीलम् एषाम् इति तैः, कन्याम् अनुगच्छन्तीति (उपपद तत्पु०) ते कन्यानुगामिनः तैः। तपोवनगतः=तपोवनं गतः (द्वि० तत्पु०)।

विशेष—'मगधराज' शब्द से पद्मावती के भाई तथा मगध देश के राजा दर्शक का निर्देश है। अनुष्टुप् वृत्तम्। [२]

स्थापना—परवर्त्ती साहित्यिकों ने इसे प्रस्तावना कहा है। इसे 'आमुख' भी कहते हैं। कथावस्तु की स्थापना होने से ही इस अंश को 'स्थापना' कहा गया है। भास के नाटकों में सूत्रधार के द्वारा स्थापना की गई है, किन्तु भरत के नाट्यशास्त्र में सूत्रधार से भिन्न ही स्थापक के होने का विधान मिलता है—'स्थापकः प्रविशेत्तत्र'। भास ने सामान्यतः भरत के नियमों का का ही परिपालन किया है, किन्तु कहीं-कहीं स्वतंत्रता का भी परिचय दिया है।

(३) **धीरस्येति। अन्वयः**—धीरस्य आश्रमसंश्रितस्य वसतः वन्यैः फलैः तुष्टस्य मानार्हस्य वल्कलवतः जनस्य त्रासः समुत्पाद्यते। भोः विनयाद् अपेतपुरुषः चलैः भाग्यैः विस्मितः कः अयम् उत्सिक्तः इदं निभृतं तपोवनम् आज्ञया ग्रामीकरोति।

शब्दार्थ—वसतः=तपोवन में निवास करते हुए । वन्य=वन में उत्पन्न । वल्कलवतः=वल्कलधारी । त्रास=भय । उत्सिक्त=घमंडी । अपेत=रहित । विस्मित=अतिगर्वित । निभृत=शान्त । ग्रामीकरोति—गाँव-जैसा बना रहा है ।

समास—आश्रमसंश्रितस्य=आश्रमं संश्रितः (द्वि० तत्पु०) तस्य । अपेत-पुरुषः अपेताः पुरुषाः यस्य (बहु०) सः ।

विशेष—शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ।

ग्रामीकरोति=अग्रामं ग्रामं करोति । च्विप्रत्ययः । [३]

वक्तुकामा—वक्तुं कामो यस्याः सा (बहु०) । 'काम' शब्द से पूर्व 'तुं' के मकार का लोप हो जाता है—'तुं काममनसोरपि' ।

भुक्तोज्झितः—(पूर्वं) भुक्तः (पश्चाद्) उज्झितः (कर्म०) ।

(४) **पूर्वमिति । अन्वयः**—पूर्वं त्वया अपि एवम् अभिमतं गतम् आसीत् । पुनः भर्तुः विजयेन श्लाघ्यं गमिष्यसि । कालक्रमेण परिवर्त्तमाना गतः भाग्यपङ्क्तिः चक्रारपङ्क्तिः इव गच्छति ॥

शब्दार्थ—अभिमत—स्वेच्छानुरूप । श्लाघ्यम्—प्रशंसापूर्वक । परिवर्त्तमाना=बदलती हुई । चक्रारपङ्क्तिः=चक्र के पहियों की श्रेणी ।

समास—कालक्रमेण=कालस्य क्रमः (ष० तत्पु०), तेन । चक्रारपङ्क्तिः=चक्रस्य अराणां पंक्तिः (ष० तत्पु०) । भाग्यपङ्क्तिः—भाग्यस्य पङ्क्तिः (ष० तत्पु०) ।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम् । [४]

(५) **परिहरतु इति । अन्वयः**—भवान् नृपापवादं परिहरतु । आश्रम-वासिषु परुषं न प्रयोज्यम् । मनस्विनः एते नगरपरिभवान् विमोक्तुं वनम् अभिगम्य वसन्ति ।

शब्दार्थ—अपवाद=निन्दा । परुष=कठोर । परिभव=अपमान । मन-स्विनः—स्वात्माभिमानी ।

समास—नृपापवादम्=नृपस्य अपवादः (ष० तत्पु०) तम् । आश्रम-वासिषु=आश्रमे वसन्तीति (उपपद तत्पु०) ते आश्रमवासिनः, तेषु । नगर-परिभवान्—नगरोत्पन्नाः परिभवाः (कर्म०) तान् ।

विशेष—पुष्पिताग्रा वृत्तम्। विमोक्तुम्—वि+मुच्+तुम्। मनस्विनः =प्रशस्तं मनः तेषां ते, मनस्+विन्।

अभिगम्य=अभि+गम्+क्त्वा (=ल्यप्)। [५]

काञ्चुकीय=कञ्चुकी। लक्षण इस प्रकार है—

ये नित्यं सत्त्वसम्पन्नाः कामदोषादिवर्जिताः।
ज्ञानविज्ञानकुशलाः काञ्चुकीयास्तु ते स्मृताः॥
अन्तःपुरचरो वृद्धो विप्रो गुणगणान्वितः।
सर्वकार्यार्थकुशलः कञ्चुकीत्यभिधीयते॥

काञ्चुकीय अथवा कञ्चुकी को निपुण, कामादि दोष-रहित, सत्त्वनिष्ठ, गुणान्वित तथा सभी कार्यों में दक्ष होना चहिए। अन्तःपुर के कार्यों में ही प्रायः उसकी नियुक्ति की जाती है।

अभिहितनामधेयस्य—अभिहितं (कृतं) नामधेयं यस्य (बहु०)।

(६) **तीर्थोदकानीति। अन्वयः**—(तद् भवन्तः) तीर्थोदकानि, समिधः, कुसुमानि, दर्भान्—(इमानि) तपोधनानि स्वैरं वनाद् उपनयन्तु। धर्मप्रिया नृपसुता तपस्विषु धर्मपीडां नहि इच्छेत् एतत् अस्याः कुलव्रतम्।

शब्दार्थ—स्वैरम्=स्वेच्छानुसार, स्वच्छन्द। कुलव्रतं=कुलपरम्परागत धर्म।

समास—तीर्थोदकानि—तीर्थस्य उदकम्=तीर्थोदकम् (ष० तत्पु०), तानि। तपोधनानि=तपसे धनानि (चतुर्थी तत्पु०)। धर्मप्रिया=धर्मः प्रियः यस्याः (ष० तत्पु०) सा। 'वा प्रियस्य' इस वार्तिक के अनुसार 'प्रियधर्मा' भी हो सकता है। धर्मपीडाम्—धर्मस्य पीडा (ष० तत्पु०) ताम्। कुलव्रतम् —कुलागतं व्रतम् (मध्यमपदलोपी कर्म०)।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम्। [६]

(७) **प्रद्वेष इति। अन्वयः**—प्रद्वेषः बहुमानः वा सङ्कल्पात् उपजायते। भर्तृदाराभिलाषित्वात् मे अस्यां महती स्वता।

शब्दार्थ—प्रद्वेषः=वैर। बहुमानः=आदर। सङ्कल्प=मन की इच्छा। भर्तृ=स्वामी। दार=पत्नी। अभिलाषित्व=इच्छा का होना। स्वता—आत्मीयता।

समास—भर्त्तृदाराभिलाषित्वात् — भर्त्तुः दाराः=भर्त्तृदाराः (ष० तत्पु०); भर्त्तृदारा इत्यभिलाषोऽस्यास्तीति (बहु०) भर्त्तृदाराभिलाषी, तस्य भावः भर्त्तृदाराभिलाषित्वं तस्मात् ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [७]

(८) कस्यार्थ इति । अन्वयः—कस्य कलशेन अर्थः ? कः वासः मृगयते ? कः यथानिश्चितं दीक्षां पारितवान् ? पुनः किम् इच्छति यद् गुरोः देयं भवेत् ? इह धर्माभिरामप्रिया, नृपजा आत्मानुग्रहम् इच्छति । यस्य यत् समीप्सितम् अस्ति तद् वदतु । अद्य कस्य किं दीयताम् ?

शब्दार्थ—वासः=वस्त्र को । मृगयते=चाहता है । पारितवान्=समाप्त किया है । धर्माभिराम=धर्म में रुचि रखने वाले (तापस लोग) । नृपजा=राजकुमारी । समीप्सित=अभीष्ट ।

समास—यथानिश्चितम्—निश्चितमनतिक्रम्य (अव्ययी०) । आत्मानुग्रहम्—आत्मनि अनुग्रहः (स० तत्पु०) तम् । धर्माधिरामप्रिया—धर्मेऽभिरामो येषां (बहु०) ते धर्माभिरामाः, धर्माभिरामाः प्रियाः यस्याः (बहु०) सा । अथवा—धर्मः अभिरामः प्रियश्च यस्याः (बहु०) सा । अथवा—धर्मेण अभिरामा चासौ प्रिया च (कर्म०) ।

विशेष—शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् । भास की सरल शैली का यह उत्तम उदाहरण है । [८]

आगन्तुक=नवागत । प्रोषितभर्तृका—प्रोषिता भर्त्ता यस्याः (बहु०)सा । लक्षणं यथा—नानाकार्यवशाद् यस्या दूरदेशं गतः पतिः । सा मनोभवदुःखार्ता भवेत्प्रोषितभर्तृका ।

(९) कार्यमिति । अन्वयः—अर्थैः कार्यं नैव, भोगैः अपि न, वस्त्रैः न, अहं वृत्तिहेतोः काषायं न प्रपन्नः । धीरा दृष्टधर्मप्रचारा इयं कन्या मे भगिन्याः चारित्रं रक्षितुं शक्ता ।

शब्दार्थ—अर्थ=धन । काषाय=गेरुआ वस्त्र । वृत्ति=आजीविका । प्रपन्न=प्राप्त, स्वीकृत । धीरा=विदुषी । चारित्र=चरित्र ।

समास—दृष्टधर्मप्रचारा=दृष्टः धर्मस्य प्रचारः यस्याः (बहु०) सा ।

विशेष—वैश्वदेवी वृत्तम् । अर्थैः, भोगैः, वस्त्रैः—ये तीनों 'हेतौ तृतीया' के उदाहरण हैं ।

काषायेण=कषायेण रक्तं वस्त्रम्, कषाय+अण् । चारित्रम्=चरित्रमेव चारित्रम्—स्वार्थेऽण् । [९]

निक्षेप्तुकामः—नि+क्षिप्+तुम्+काम । 'तुं' काममनसोरपि' इस नियम से 'तुम्' के मकार का लोप हो जाता है ।

क्रम=कार्य । व्यपाश्रयणा=वि+अप+आ+श्रि+युच्+टाप्,प्रार्थना ।

(१०) सुखमिति । अन्वयः—अर्थः सुखं दातुं भवेत् । प्राणाः सुखं दातुं (भवेयुः) । तपः सुखं दातुं भवेत् । अन्यत् सर्वं सुखं भवेत् । न्यासस्य रक्षणं दुःखम् ।

शब्दार्थ—न्यास=धरोहर, थाती ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१०]

अवसितम्=समाप्त । अव+सो+क्त । विश्वासस्थानम्=विश्वासहेतुः ।

(११) पद्मावतीति । अन्वयः—यैः प्रथमं विपत्तिः दृष्टा अथ (तैः) पद्मावती नरपतेः महिषी भवित्री प्रदिष्टा । तत्प्रत्ययात् इदं कृतम् । विधिः सुपरीक्षितानि सिद्धवाक्यानि उत्क्रम्य नहि गच्छति ॥

शब्दार्थ—भवित्री—(भू+तृच्+ङीप्) कालान्तर में होनेवाली । प्रत्यय=विश्वास । उत्क्रम्य=[उत्+क्रम्+क्त्वा=ल्यप्], लाँघकर ।

समास—तत्प्रत्ययात्=तेषु प्रत्ययः (स० तत्पु०) तस्मात् । सिद्धवाक्यानि=सिद्धानां वाक्यं सिद्धवाक्यम् (ष० तत्पु०) तानि ।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम् । इस पद्य में आदेशिकों के कथन की दैव द्वारा भी अनतिक्रमणीयता का निर्देश किया गया है । [११]

ततः प्रविशति ब्रह्मचारी—यौगन्धरायण और वासवदत्ता के लावाणक से चले आने के बाद उदयन की दशा का वर्णन ब्रह्मचारी द्वारा कराना महाकवि भास के कलावैशिष्ट्य का योग्यतम परिचायक है । अतीत और वर्त्तमान की भविष्य के साथ योजना करने में भासकवि अद्वितीय हैं । काव्य शास्त्र में इसे निरुक्ति कहते हैं ।

(१२) **विस्रब्धमिति। अन्वयः**—हरिणाः देशागतप्रत्ययाः अचकिताः विस्रब्धं चरन्ति। सर्वे वृक्षाः पुष्पफलैः समृद्धविटपाः दयारक्षिताः। कपिलानि गोकुलधनानि भूयिष्ठम्। दिशः अक्षेत्रवत्यः। इदं तपोवनम् (इति) निस्सन्दिग्धम्। हि अयं धूमः बह्वाश्रयः।

शब्दार्थ—देश=तपोवन। अचकित=निर्भय। समृद्ध=भरी हुई। विटप=शाखा। गोकुलधन=सम्पत्ति-रूपी गो-समूह। भूयिष्ठम्=बहुत। अक्षेत्रवत्यः—क्षेत्र (खेत) रहित। बह्वाश्रय—कई स्थानों से निर्गत।

समास—देशागतप्रत्ययाः—देशेन (तपोवनेन) आगतः प्रत्ययः येषां (बहु०) ते।

अचकिताः=न चकिताः। (नञ् तत्पु०)। पुष्पफलैः—पुष्पाणि च फलानि च (इतरेतरद्वन्द्व) पुष्पफलानि तैः। समृद्धविटपाः=समृद्धाः विटपाः येषां (बहु०) ते। दयारक्षिताः—दयया रक्षिताः (तृ० तत्पु०)। गोकुलधनानि—गवां कुलम् (ष० तत्पु०)=गोकुलम् गोकुलानि धनानि इव (उपमितकर्मधारय)। अक्षेत्रवत्यः—न क्षेत्रवत्यः (नञ् तत्पु०)। बह्वाश्रयः—बहूनि (स्थानानि) आश्रयः यस्य (बहु०) सः।

विशेष—शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम्। भास की सरल शैली का यह उत्तम उदाहरण है। [१२]

अभ्यवपत्तुकामः—बचाने का इच्छुक। अनुक्रोशत्व=दयाभाव।

(१३) **नैवेति। अन्वयः**—इदानीं तादृशाः चक्रवाकाः नैव। स्त्रीविशेषैः वियुक्ताः अन्ये अपि नैव। भर्त्ता यां तथा वेत्ति सा स्त्री धन्या। हि भर्त्तृस्नेहात् सा दग्धा अपि अदग्धा।

शब्दार्थ—चक्रवाक=चकवा।

समास—स्त्रीविशेषैः=स्त्रीषु विशेषाः=स्त्रीविशेषाः,(निर्धारणे सप्तमी), अथवा स्त्रीणां विशेषाः (निर्धारणे षष्ठी), स्त्रीविशेषाः तैः स्त्रीविशेषैः।

भर्त्तृस्नेहात्=भर्त्तुः स्नेहः (ष० तत्पु०) भर्त्तृस्नेहः तस्मात्।

विशेष—शालिनी वृत्तम्। [१३]

पर्यवस्थापयितुम्—होश में लाने के लिए। परि+अव+स्था+णिच्+तुम्।

(१४) **अनाहारे इति । अन्वयः**—(सः हि) अनाहारे तुल्यः प्रतत-रुदितक्षामवदनः शरीरे नृपतिसमदुःखं संस्कारं परिवहन् दिवा वा रात्रौ वा यत्न नरपतिं परिचरति, नृपः सद्यः प्राणान् त्यजति यदि तस्य अपि उपरमः ।

शब्दार्थ—प्रतत=सतत, निरन्तर । क्षाम=क्षीण । संस्कार=वेषभूषा । परिचरति=सेवा करता है । सद्यः=शीघ्र । उपरमः=मृत्यु ।

समास—अनाहारः=न आहारः (नञ् तत्पु०) तस्मिन् । प्रततरुदित-क्षामवदनः—प्रततं (यथा स्यात्तथा) रुदितेन क्षामं वदनं यस्य (बहु०) सः । नृपतिसमदुःखम्—नृपतिना समं दुःखं यस्मिन् (बहु०) तत् ।

विशेष—शिखरिणी वृत्तम् । क्षाम=क्षै+क्त । इस पद्य से रुमण्वान् के बुद्धि-वैभव का पर्याप्त परिचय मिलता है । [१४]

(१५) **सविश्रम इति । अन्वयः**—हि अयं भारः सविश्रमः, तस्य तु श्रमः प्रसक्तः । हि यत्र नराधिपः अधीनः तस्मिन् सर्वम् अधीनम् ।

शब्दार्थ—सविश्रम=सान्त, जिसका अन्त अथवा विराम हो सके । प्रसक्त=निरन्तर, जिसका विराम न हो ।

समास—सविश्रमः=विश्रमेण सह वर्त्तते इति(बहु०)सः । नराधिपः=नराणाम् अधिपः (ष० तत्पु०) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । इस पद्य में यौगन्धरायण ने अपनी अपेक्षा रुमण्वान की अधिक प्रशंसा की है । [१५]

(१६) **खगा इति । अन्वयः**—खगाः वासोपेताः, मुनिजनः सलिलम् अवगाढः । प्रदीप्तः अग्निः भाति । धूमः मुनिवनं प्रविचरति । अपि च असौ दूरात् परिभ्रष्टः रविः सङ्क्षिप्तकिरणः रथं व्यावर्त्य शनैः अस्तशिखरं प्रविशति ।

शब्दार्थ—खग=पक्षी । अवगाढ=स्नात । भाति=मालूम देती है । प्रदीप्त=प्रज्वलित । प्रविचरति=व्याप रहा है । परिभ्रष्ट=गिरा हुआ । सङ्क्षिप्तकिरणः=किरणों को समेटे हुए । व्यावर्त्य=लौटाकर ।

समास—वासोपेताः=वासम् उपेताः (द्वि० तत्पु०) । मुनिवनम्=मुनीनां वनम् (ष० तत्पु०) । सङ्क्षिप्तकिरणः=संक्षिप्ताः किरणाः येन (बहु०)सः । अस्तशिखरम्=अस्तस्य (अस्ताचलस्य) शिखरम् (ष० तत्पु०) ।

विशेष—शिखरिणी वृत्तम्। इस पद्य में सूर्यास्त होने की वेला का बहुत सुन्दर, स्वाभाविक चित्र खींचा गया है। [१६]

द्वितीय अंक

शब्दार्थ—माधवीलता=वासन्तीलता। मण्डप=कुंज। उत्कृत=ऊपर किये हुए। कर्णचूलिक=कर्णकुण्डल। स्वेद=पसीना। राग=ललाई। निर्वर्त्यताम्=व्यतीत करो। अपहसितुम्=हँसी उड़ाने को। निध्यायसि=सोच रही हो। तूष्णीका=चुप। निर्वृत्त=सम्पन्न। सानुक्रोश=दयालु। समुदाचार=शिष्टाचार। प्रतीष्ट=स्वीकृत। पर्यवस्थान=धीरता। कौतुक=विवाह।

तृतीय अंक

शब्दार्थ—संकुल=परिपूर्ण। चतुश्शाल=चौसाल। नीहार=कुहरा। प्रतिहत=अभिभूत। अमण्डितभद्रक=बिना अलंकृत किये भी सुन्दर। सङ्कीर्त्तन=प्रशंसा।

चतुर्थ अंक

शब्दार्थ—आवर्त्त=भँवरे। अनप्सरस्संवास=अप्सराओं के सहवास से रहित। उत्तरकुरु=देवभूमि, स्वर्ग। प्रच्छदन=गद्दा। वातशोणित=वातरक्त का रोग। आमय=रोग। परिभूत=ग्रस्त। कल्यवर्त्त=प्रातः भोजन।

अक्षिपरिवर्त्त=आँखों का उलट-पुलट होना। कुक्षिपरिवर्त्त—पेट का उलट-पुलट होना। प्रवाल—मूँगा। लम्बक—माला। आचित=व्याप्त। दक्षिणता=शिष्टाचरण, अनुकूलता। प्रचित=अवचित, जिसे चुन लिया हो। बन्धुजीव=पुष्प का नाम।

(१) कामेनेति। अन्वयः—तदा उज्जयिनीं गते अवन्तिराजतनयां स्वैरं दृष्ट्वा कामपि अवस्थां गते मयि कामेन पञ्च इषवः पातिताः। तैः अद्यापि हृदयं सशल्यम् एव। भूयः च वयं विद्धाः। यदा मदनः पञ्चेषुः, अयं षष्ठः शरः कथं पातितः?

शब्दार्थ—अवन्तिराजतनया=मालवराजकुमारी वासवदत्ता। स्वैरं=

स्वेच्छापूर्वक । काम्=अनिर्वचनीय । इषु=बाण । सशल्य=घाव से जनित पीड़ा से युक्त ।

समास—अवन्तिराजतनयाम्=अवन्तीनां राजा=अवन्तिराजः (ष० तत्पु०), अवन्तिराजस्य तनया (ष० तत्पु०) ताम् । सशल्यम्—शल्येन सह वर्त्तते इति तत् (बहु०) । पञ्चेषुः—पञ्च इषवो यस्य (बहु०) सः ।

विशेष—शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ।

पञ्चेषु—कामदेव के पांच पुष्प-बाण हैं । जैसे—

अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका ।
नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः ॥

अथवा

उन्मादनस्तापनश्च शोषणः स्तम्भनस्तथा ।
सम्मोहनश्च कामस्य पञ्च बाणाः प्रकीर्तिताः ॥ [१]

शब्दार्थ—असन=वृक्षविशेष । सञ्चित=व्याप्त । अवगुण्ठित=आच्छादित । सप्तच्छद=विशेष प्रकार का वृक्ष, जिसकी प्रत्येक शाखा पर सात ही पुष्प होते हैं । आलिखित=चित्रित । प्रसारित=फैलाई हुई । समाहितम्=व्यवस्थित रूप से ।

(२) **ऋज्वायतामिति । अन्वयः**—ऋज्वायतां च विरलां च नतोन्नतां च निवर्त्तनेषु सप्तर्षिवंशकुटिलां च निर्मुच्यमानभुजगोदरनिर्मलस्य अम्बरतलस्य विभज्यमानां सीमाम् इव एनां पश्यामि ।

शब्दार्थ—ऋजु=सीधी । आयत=दीर्घ । नत=नीची । उन्नत=ऊँची । निवर्त्तन=मोड़ । निर्मुच्यमान=कंचुक से रहित । भुजगोदर=साँप का पेट । विभज्यमानाम्=विभाजित की जा रही ।

समास—ऋज्वायताम्=ऋजुः च आयता चेति ऋज्वायता (कर्म०) ताम् । नतोन्नताम्—नता च उन्नता चेति (कर्म०) नतोन्नता ताम् । सप्तर्षिवंशकुटिलाम्—सप्त ऋषयः सप्तर्षयः, सप्तर्षीणां वंश इव कुटिला (उपमितकर्म०) ताम् । निर्मुच्यमानभुजगोदरनिर्मलस्य—भुजगस्य उदरम्=भुजगोदरम् (ष० तत्पु०), निर्मुच्यमानं भुजगोदरम् (कर्म०) निर्मुच्यमानभुजगोदरम्, निर्मुच्यमानभुजगोदरमिव निर्मलम् (उपमितकर्म०) तस्य ।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम् । केंचुली छोड़ते समय साँप के स्वच्छ उदर से गगन-तल की तुलना अति सुन्दर है । [२]

अवलम्बलता=आश्रयलता । अवधूय=हिलाकर ।

(३) **मधुमदेति । अन्वयः**—मधुमदकलाः मदनार्त्ताभिः प्रियाभिः उपगूढाः मधुकराः पादन्यासविषण्णाः वयम् इव कान्तावियुक्ताः स्युः ॥

शब्दार्थ—मधुमद—पुष्परसपान से जनित मस्ती । कल=अव्यक्त मधुर कूजन । आर्त्त—पीड़ित । उपगूढ=आलिङ्गित । मधुकर=भ्रमर । विषण्ण=शोकाकुल ।

समास—मधुमदकलाः=मधुनः मदः (ष० तत्पु०) मधुमदः, मधुमदेन कलाः (तृ० तत्पु०) । मदनार्त्ताभिः=मदनेन आर्त्ताः (तृ० तत्पु०) मदनार्त्ताः ताभिः । पादन्यासविषण्णाः—पादयोः न्यासः=पादन्यासः (ष० तत्पु०), पादन्यासेन विषण्णाः (तृ० तत्पु०) ।

विशेष—आर्या वृत्तम् । विरह की दुस्सह दशा का वर्णन प्रस्तुत किया गया है । [३]

यहाँ 'उभौ उपविशतः' के बाद स्वप्नवासवदत्तम् के कुछ संस्करणों में अधिक पाठ मिलता है, जैसे—

राजा—(अवलोक्य)

पादाक्रान्तानि पुष्पाणि सोष्म चेदं शिलातलम् ।
नूनं काचिदिहासीना मां दृष्ट्वा सहसा गता ॥

इस अंश का हिन्दी अनुवाद इस प्रकार होगा—"राजा—(देखकर) पुष्प पाँवों तले दब गए हैं । यह शिलातल भी गर्म है । निश्चित ही यहाँ बैठी हुई कोई मुझे देखकर सहसा चली गई ।"

(४) **पद्मावतीति । अन्वयः**—यद्यपि पद्मावती रूपशीलमाधुर्यैः मम बहुमता, वासवदत्ताबद्धं मे मनः तु तावत् न हरति ।

शब्दार्थ—बहुमता=आदरणीय । बद्ध=आकृष्ट ।

समास—रूपं च शीलं च माधुर्यं च इति रूपशीलमाधुर्याणि (द्वन्द्व) तैः । वासवदत्ताबद्धम्=वासवदत्तायां बद्धम् (स० तत्पु०) ।

विशेष—आर्या वृत्तम् । [४]

(५) **अनेनेति । अन्वयः**—अनेन परिहासेन त्वया मे मनः व्याक्षिप्तम् । ततः पूर्वाभ्यासेन इयं वाणी तथा एवं निस्सृता ।

शब्दार्थ—परिहास=नर्मभाषित । व्याक्षिप्त—अस्थिर । पूर्वाभ्यास—पूर्वकालिक अभ्यास ।

समास—पूर्वाभ्यासेन—पूर्वः अभ्यासः=पूर्वाभ्यासः (कर्म०) तेन ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [५]

(६) **दुःखं त्यक्तुम् इति । अन्वयः**—बद्धमूलः अनुरागः त्यक्तुं दुःखम् । स्मृत्वा स्मृत्वा दुःखं नवत्वं याति । एषा तु यात्रा यद् इह बाष्पं विमुच्य प्राप्तानृण्या बुद्धिः प्रसादं याति ।

शब्दार्थ—बद्धमूलः—चिरपरिचित होने से दृढ़ । अनुराग—प्रेम । बाष्पं विमुच्य=आँसू बहाकर । प्राप्तानृण्या=उऋण होकर । प्रसाद—स्वच्छता, निर्मलता ।

समास—बद्धमूलः=बद्धं मूलं येन (बहु०) यस्य वा सः । प्राप्तानृण्या—प्राप्तम् आनृण्यं यया (बहु०) सा ।

विशेष—शालिनी वृत्तम् । [६]

(७) **शरच्छशाङ्केति । अन्वयः**—भामिनि ! शरच्छशाङ्कगौरेण वाताविद्धेन काशपुष्पलवेन इदं मम मुखं साश्रुपातम् ।

शब्दार्थ—भामिनि=सुन्दरि । आविद्ध=प्रेरित । लव=कण ।

समास—शरच्छशाङ्कगौरेण—शरत्कालीनः शशाङ्कः (मध्यमपदलोपी कर्म०) शरच्छशाङ्कः, शरच्छशाङ्कवत् गौरः (उपमित कर्म०) तेन । वाताविद्धेन—वातेन आविद्धः (तृ० तत्पु०) वाताविद्धः, तेन । काशपुष्पलवेन—काशा एव पुष्पाणि काशपुष्पाणि (कर्म०), काशपुष्पाणां लवः (ष० तत्पु०) तेन । साश्रुपातम्—अश्रूणां पातः (ष० तत्पु०) अश्रुपातः, अश्रुपातेन सह (वर्तते इति) (बहु०) तत् ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [७]

(८) **इयमिति । अन्वयः**—इयं बाला नवोद्वाहा, सत्यं श्रुत्वा व्यथां व्रजेत् । इयं कामं धीरस्वभावा । स्त्रीस्वभावः तु कातरः ।

शब्दार्थ—उद्वाह=विवाह ।

समास—नवोद्वाहा=नवः उद्वाहः यस्याः (बहु०), सा । धीरस्वभावा =धीरः स्वभावो यस्याः (बहु०) सा । स्त्रीस्वभावः=स्त्रीणां स्वभावः (ष० तत्पु०) स्त्रीस्वभावः ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [८]

(९) **गुणानामिति । अन्वयः**—विशालानां गुणानां वा सत्काराणां च लोके नित्यशः कर्त्तारः सुलभाः, विज्ञातारः तु दुर्लभाः ।

शब्दार्थ—विज्ञातारः—जानकार ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [९]

पञ्चम अंक

(१) **श्लाघ्यामिति । अन्वयः**—कालक्रमेण पुनरागतदारभारः लावाणके हुतवहेन हृताङ्गयष्टिं श्लाघ्याम् अवन्तिनृपतेः सदृशीं तनूजां तां हिमहतां पद्मिनीम् इव चिन्तयामि ।

शब्दार्थ—कालक्रम=समयगति । हुतवह=अग्नि । अङ्गयष्टि=सुन्दर अंग । हृत=खण्डित ।

समास—कालक्रमेण=कालस्य क्रमः (ष० तत्पु०) तेन । पुनरागतदारभारः=पुनः आगतः दाराणां भारः यस्य (बहु०) सः । हृताङ्गयष्टिः=हृता अङ्गयष्टिः (अङ्गानि यष्टिरिव) यस्याः (बहु०) सा । हिमहताम्=हिमेन हता (तृ० तत्पु०) ताम् ।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम् । [१]

(२) **रूपश्रियेति । अन्वयः**—रूपश्रिया समुदितां गुणतः च युक्तां प्रियां लब्ध्वा पूर्वाभिघातसरुजः अपि मम शोकः अद्य तु मन्दः इव । अनुभूतदुःखः पद्मावतीम् अपि तथैव समर्थयामि ।

शब्दार्थ—समुदित=युक्त । अभिघात=चोट । सरुज=पीडित । समर्थयामि=समझता हूँ ।

समास—रूपश्रिया=रूपस्य श्रीः (ष० तत्पु०) रूपश्रीः, तया। पूर्वाभिघातसरुजः—पूर्वः अभिघातः (कर्म०)=पूर्वाभिघातः, पूर्वाभिघातेन सरुक् (तृ० तत्पु०) तस्य।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम्।

'पूर्वाभिघात' से वासवदत्ता के विनाश का तात्पर्य है। [२]

काकोदर=साँप; क=ईषत्; अकति=गच्छति; अक कुटिलायां गतौ। क+अकः=काकः। काकस्य उदरमिव उदरं यस्य (बहु०) सः। वैधेय=मूर्ख।

(३) **ऋज्वायतामिति। अन्वयः**—मूर्ख! ऋज्वायतां क्षितौ भ्रष्टां मुखतोरणलोलमालां त्वं सर्पम् अवगच्छसि। या निशि मन्दानिलेन परिवर्त्तमाना भुजगस्य विचेष्टितानि किञ्चित् करोति।

शब्दार्थ—ऋजु=सरल। आयत=दीर्घ। भ्रष्ट=पतित। मुखतोरण=गृह का बहिर्द्वार। लोल=चञ्चल। अवगच्छसि=समझ रहे हो। परिवर्त्तमाना=उलट-पुलट होती हुई। चेष्टित=गति।

समास—ऋज्वायताम्=ऋजुः च असौ आयता चेति (कर्म०) ऋज्वायता, ताम्। मुखतोरणलोलमालाम्=मुखं तोरणम् (कर्म०) मुखतोरणम्। लोला माला (कर्म०) लोलमाला, मुखतोरणे लोलमाला (स० तत्पु०) मुखतोरणलोलमाला, ताम्। मन्दानिलेन=मन्दः अनिलः(कर्म०)मन्दानिलः, तेन।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम्। [३]

(४) **शय्येति। अन्वयः**—शय्या न अनवता, तथाऽऽस्तृतसमा, न व्याकुलप्रच्छदा। अमलं शिरोपधानं शीर्षाभिघातौषधैः नहि क्लिष्टम्। रोगे दृष्टिविलोभनं जनयितुं काचित् शोभा न कृता। प्राणी रुजा शयनं प्राप्य पुनः स्वयं द्रीघ्र न मुञ्चति।

शब्दार्थ—अवनता=दबी हुई। प्रच्छद=चद्दर। व्याकुल=सिकुड़ी हुई। उपधान=तकिया। उपघात=पीड़ा। दृष्टिविलोभन=मनोविनोद। रुज्=रोग।

समास—आस्तृतसमा=आस्तृता चासौ समा च (कर्म०)। व्याकुलप्रच्छदा=व्याकुलः प्रच्छदः यस्यां (बहु०) सा। शिरोपधानम्=शिरसः

उपधानम् (ष० तत्पु०)। शीर्षाभिघातौषधैः=शीर्षस्य अभिघातः (ष०तत्पु०) शीर्षाभिघातः, शीर्षाभिघातस्य औषधानि (ष० तत्पु०), तैः। दृष्टिविलोभनम् =दृष्टेः विलोभनम् (ष० तत्पु०)।

विशेष—शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम्। [४]

(५) **स्मरामीति। अन्वयः**—प्रस्थानकाले स्वजनं स्मरन्त्याः नयनान्त-लग्नं प्रवृत्तं बाष्पं स्नेहात् मम एव उरसि पातयन्त्याः अवन्त्याधिपतेः सुतायाः स्मरामि।

शब्दार्थ—स्वजन=आत्मीय बन्धुजन। नयनान्त=नेत्रकोण। उरस् =वक्षःस्थल।

समास—प्रस्थानकाले=प्रस्थानस्य कालः (ष० तत्पु०) प्रस्थानकालः तस्मिन्। स्वजनम्=स्वः जनः(कर्म०)तम्। नयनान्तलग्नम्—नयनयोः अन्तौ =नयनान्तौ (ष० तत्पु०), नयनान्तयोः लग्नम् (स०तत्पु०)। अवन्त्याधिपतेः अवन्त्याः आ (समन्तात्) अधिपतिः=अवन्त्याधिपतिः (ष० तत्पु०), तस्य।

विशेष—उपजातिवृत्तम्। 'अवन्त्याधिपतेः'—इस वाक्यांश में कुछ विद्वानों ने समास नहीं माना है। इनके मत से 'अवन्त्या' तृतीया एकवचन है। 'हेतौ तृतीया' मानकर 'अवन्त्याधिपतेः' का अर्थ होगा—'अवन्ति का शासक होने के कारण स्वामी।'

किन्तु 'अवन्त्याधिपतेः' को समस्त पद अथवा 'अवन्त्या' को तृतीयान्त पद मानने की कल्पना क्लिष्ट है। अतः 'अवन्त्या' को षष्ठ्यन्त प्रयोग मानकर 'अधिपतेः' के साथ दीर्घ सन्धि को आर्ष मानना ही युक्त होगा। [५]

(६) **बहुशः इति। अन्वयः**—उपदेशेषु बहुशः अपि माम् ईक्षमाणया यया स्रस्तकोणेन हस्तेन आकाशवादितं कृतम्।

शब्दार्थ—कोण—वीणा बजाने का साधन, अर्थात् वह यन्त्र, जिसे हाथ में लेकर वीणा बजाई जाती है। आकाशवादित—शून्य में वीणा बजाना।

समास—स्रस्तकोणेन—स्रस्तः कोणः यस्मात् (बहु०), तेन। आकाश-वादितम्=आकाशे वादितम् (सप्तमी तत्पु०)।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [६]

(७) **निष्क्रामन्निति । अन्वयः**—सम्भ्रमेण निष्क्रामन् अहं द्वारपक्षेण ताडितः । ततः अयं मनोरथः भूतार्थः इति व्यक्तं न जानामि ।

शब्दार्थ—सम्भ्रम=सहसा । द्वारपक्ष=द्वार का पार्श्व भाग । भूतार्थ =सत्यार्थ ।

समास—द्वारपक्षेण=द्वारस्य पक्षः (ष० तत्पु०), तेन । भूतार्थः= भूतः अर्थः (कर्म०) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [७]

(८) **शय्यायामिति । अन्वयः**—सखे ! शय्यायाम् अवसुप्तं मां बोधयित्वा गता । 'दग्धा' इति पूर्वं ब्रुवता रुमण्वता वञ्चितः अस्मि ।

शब्दार्थ—अवसुप्त=सुप्त । रुमण्वत्=उदयन के एक कुशल अमात्य का नाम ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [८]

(९) **यदिति । अन्वयः**—यदि तावत् अयं स्वप्नः अप्रतिबोधनं धन्यम् । अथ अयं विभ्रमः वा स्यात्, विभ्रमः मे चिरं हि अस्तु ।

शब्दार्थ—अप्रतिबोधन=अजागरण । विभ्रम—भ्रान्ति ।

समास—अप्रतिबोधनम्=न प्रतिबोधनम् (नञ् तत्पु०)

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [९]

(१०) **स्वप्नस्येति । अन्वयः**—स्वप्नस्य अन्ते विबुद्धेन मया चारित्रम् अपि रक्षन्त्याः नेत्रविप्रोषिताञ्जनं दीर्घालकं मुखं दृष्टम् ।

शब्दार्थ—विबुद्ध—जागृत । चारित्र=चरित्र । विप्रोषित=निर्गत । अलक=केश ।

समास—नेत्रविप्रोषिताञ्जनम्=नेत्राभ्यां विप्रोषितम् अञ्जनं यस्मिन् (बहु०) तत् । दीर्घालकम्—दीर्घाः अलकाः यस्मिन् (बहु०) तत् ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१०]

(११) **योऽयमिति । अन्वयः**—सन्त्रस्तया तया देव्या योऽयं बाहुः निपीडितः स्वप्ने अपि उत्पन्नसंस्पर्शः रोमहर्षं न मुञ्चति ।

शब्दार्थ—निपीडितः=धीरे से पकड़ा। रोमहर्ष=रोमाञ्च।

समास—उत्पन्नसंस्पर्शः=उत्पन्नः संस्पर्शः यस्य (बहु०) सः। रोमहर्षम्=रोम्णां हर्षः तम् (ष० तत्पु०)।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम्। [११]

(१२) **भिन्ना इति। अन्वयः**—ते रिपवः भिन्नाः, भवद्गुणरताः पौराः समाश्वासिताः। भवत्प्रयाणसमये या अपि पार्ष्णीं तस्याः विधानं कृतम्। यद् यद् अरिप्रमाथजननं साध्यं तत् तत् मया अनुष्ठितम्। अपि च बलैः त्रिपथगा नदी तीर्णा। वत्साः च तव हस्ते।

शब्दार्थ—भिन्नाः=भेदनीति से अलग-अलग कर दिए गए। समाश्वासिताः=धीरज बँधाए गए। प्रयाण=युद्धयात्रा। पार्ष्णी=सेना का पृष्ठभाग। विधान=रक्षा की व्यवस्था। अरिप्रमाथ=शत्रु-संहार। जनन=साधक; साध्य=उपाय। बल=सेना। त्रिपथगा=गंगा।

समास—भवद्गुणरताः=भवतः गुणेषु रताः(स०तत्पु०)। भवत्प्रयाणसमये—भवतः प्रयाणम् (ष० तत्पु०); भवत्प्रयाणस्य समयः (ष० तत्पु०) तस्मिन्। अरिप्रमाथजननम्—अरेः प्रमाथः (ष० तत्पु०) अरिप्रमाथः, अरिप्रमाथस्य जननम् (ष० तत्पु०)। त्रिपथगा—त्रयाणां पथां समाहारः (द्विगु) त्रिपथम्। त्रिपथेन गच्छतीति (उपपदसमासः); अथवा त्र्यवयवः पन्थाः त्रिपथः (मध्यमपदलोपी कर्मधारय); त्रिपथेन गच्छतीति सा।

विशेष—शार्दूलविक्रीडितम्। [१२]

(१३) **उपेत्येति। अन्वयः**—नागेन्द्रतुरङ्गतीर्णे विकीर्णबाणोग्रतरङ्गभङ्गे महार्णवाभे युधि दारुणकर्मदक्षम् आरुणिम् उपेत्य नाशयामि।

शब्दार्थ—दारुणकर्म=भयानक कर्म अर्थात् युद्ध में नरसंहार-रूपी कर्म। आरुणि=उदयन के शत्रु का नाम। नागेन्द्र=गजराज। विकीर्ण=फेंके गये। भङ्ग=खण्ड। आभ=सदृश।

समास—दारुणकर्मदक्षम्=दारुणानि कर्माणि (कर्म०) तेषु दक्षः (स० तत्पु०), तम्। नागेन्द्रतुरङ्गतीर्णे—नागेषु इन्द्राः=नागेन्द्राः (स० तत्पु०), अथवा नागानाम् इन्द्राः (ष० तत्पु०); नागेन्द्राश्च तुरङ्गाश्चेति नागेन्द्रतुरङ्गाः (इतरेतरद्वन्द्व); अथवा नागेन्द्राणां तुरङ्गाणां च समाहारः नागेन्द्रतुरङ्गम्;

(समाहारद्वन्द्व) नागेन्द्रतुरङ्गैः अथवा नागेन्द्रतुरङ्गेण तीर्णः (तृ० तत्पु०) तस्मिन् । यद्वा—नागेन्द्रतुरङ्गाः तीर्णाः यस्मिन् (बहु०) तस्मिन् ।

विकीर्णबाणोग्रतरङ्गभङ्गे—उग्राः तुरङ्गाः (कर्म०); उग्रतरङ्गाणां भङ्गाः (ष० तत्पु०); बाणाः उग्रतरङ्गभङ्गाः इव (उपमितकर्मधारय) । विकीर्णाः बाणोग्रतरङ्गभङ्गाः यस्मिन् (बहु०) ।

महार्णवाभे—महान् अर्णवः=महार्णवः (कर्म०); महार्णवस्य आभा इव आभा यस्य (बहु०) सः, तस्मिन् ।

विशेष—उपेन्द्रवज्रा वृत्तम् । रणभूमि की समुद्र से तुलना अतीव सुन्दर है । [१३]

षष्ठ अंक

विष्कम्भक—भूत और भविष्य की छोटी-छोटी घटनाओं को सूचित करने का यह एक प्रकार है । यदि एक अथवा दो मध्यम पात्र इन घटनाओं को सूचित करते हैं तो यह शुद्ध विष्कम्भक होता है । किन्तु जब नीच और मध्यम पात्रों द्वारा ये घटनाएँ सूचित होती हैं तब यह मिश्र विष्कम्भक होता है । प्रस्तुत विष्कम्भक में कांचुकीय मध्यम पात्र है और प्रतीहारी नीच पात्र है । संस्कृत और प्राकृत भाषाओं का भी मिश्रण हुआ है, अतः यह मिश्र विष्कम्भक है । लक्षण इस प्रकार है—

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः ॥
एकानेककृतः शुद्धः संकीर्णो नीचमध्यमैः ॥

(१) **श्रुतीति । अन्वयः**—श्रुतिसुखनिनदे ! देव्याः स्तनयुगले जघनस्थले च सुप्ता त्वं विहगगणरजोविकीर्णदण्डा कथं नु प्रतिभयम् अरण्यवासम् अध्युषिता असि ।

शब्दार्थ—श्रुति=कान । जघनस्थल= सुन्दर जाँघें; स्थल शब्द प्रशंसावाचक है । विहग=पक्षी । रजस्=धूल । विकीर्ण=व्याप्त । प्रतिभय= भयङ्कर । अध्युषिता=रही हो ।

समास—श्रुतिसुखनिनदे= श्रुतिभ्यां सुखः (च० तत्पु०), श्रुतिसुखः

निनदो यस्याः (बहु०) सा, तत्सम्बुद्धौ । स्तनयुगले=स्तनयोः युगलम् (ष० तत्पु०) स्तनयुगलम्, तस्मिन् । विहगगणरजोविकीर्णदण्डा—विहगानां गणः (ष० तत्पु०) विहगगणः; विहगगणस्य रजः (ष० तत्पु०) विहगगणरजः, विहगगणरजसा विकीर्णः दण्डः यस्याः (बहु०) सा । प्रतिभयम्—प्रतिगतं भयम्, (प्रादितत्पु०) । अरण्यवासम्—अरण्ये वासः (स० तत्पु०) अरण्यवासः तम् ।

विशेष—पुष्पिताग्रा वृत्तम् । [१]

(२) **श्रोणीति । अन्वयः**—श्रोणीसमुद्वहनपार्श्वनिपीडितानि, खेदस्तनान्तरसुखानि उपगूहितानि विरहे मां च उद्दिश्य परिदेवितानि वाद्यान्तरेषु सस्मितानि कथितानि च (न स्मरसि) ।

शब्दार्थ—श्रोणी=गोद, जाँघें । समुद्वहन=उठाना । अन्तर=बीच । परिदेवित=विलाप ।

समास—श्रोणी० श्रोण्यां समुद्वहनानि (स० तत्पु०), पार्श्वेन निपीडितानि (तृ० तत्पु०); श्रोणीसमुद्वहनानि च पार्श्वनिपीडितानि च (द्वन्द्व) । खेदस्तनान्तरसुखानि—खेदे स्तनान्तरे सुखानि (स० तत्पु०) । वाद्यान्तरेषु—अन्यत् वाद्यं वाद्यान्तरम् (नित्यसमास) तेषु ।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम् । [२]

(३) **चिरप्रसुप्त इति । अन्वयः**—चिरप्रसुप्तः मे कामः वीणया प्रतिबोधितः । यस्याः घोषवती प्रिया तां देवीं तु न पश्यामि ।

शब्दार्थ—प्रतिबोधितः=जगा दिया ।

समास—चिरप्रसुप्तः=चिरं प्रसुप्तः (द्वि० तत्पु०) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [३]

(४) **किं वक्ष्यतीति । अन्वयः**—किं वक्ष्यति इति मे हृदयं परिशङ्कितम्, सा कन्या मया अपहृता, अपि च न रक्षिता । चलैः भाग्यैः महदवाप्तगुणोपघातः पितुः जनितरोषः पुत्रः इव भीतः अस्मि ।

शब्दार्थ—अवाप्त=प्राप्त । गुणोपघात=दोष, अपराध ।

समास—महदवाप्तगुणोपघातः=गुणानाम् उपघातः (ष० तत्पु०); महत् अवाप्तः (सुप्सुपासमास) महदवाप्तः; महदवाप्तः गुणोपघातः येन (बहु०) सः। जनितरोषः—जनितः रोषः येन (बहु०) सः।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम्। [४]

(५) **सम्बन्धीति। अन्वयः**—इदं सम्बन्धिराज्यम् एत्य महान् प्रहर्षः। नृपसुतानिधनं श्रुत्वा विषादः। दैव! यदि परैः अपहृतं राज्यं (प्राप्तं भवेत्) देव्याः कुशलं च (भवेत्), भवता किं नाम कृतं न स्यात्।

समासः—सम्बन्धिराज्यम्=सम्बन्धिनः राज्यम् (ष० तत्पु०), नृपसुतानिधनम्—नृपस्य सुता (ष० तत्पु०) नृपसुता, नृपसुतायाः निधनम् (ष० तत्पु०)।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम्। [५]

(६) **पृथिव्यामिति। अन्वयः**—पृथिव्यां राजवंश्यानाम् उदयास्तमयप्रभुः मया काङ्क्षितबान्धवः स राजा अपि कुशली?

समास—राजवंश्यानाम्—राज्ञां वंश्याः=राजवंश्याः तेषाम्। उदयास्तमयप्रभुः=उदयश्च अस्तमयश्च तौ उदयास्तमयौ (द्वन्द्व) तयोः प्रभुः (ष० तत्पु०)। काङ्क्षितबान्धवः=काङ्क्षितं बान्धवं येन (बहु०) सः।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम्। [६]

(७) **कातरा इति। अन्वयः**—ये कातराः अपि वा अशक्ताः तेषु उत्साहः न जायते। प्रायेण हि सोत्साहैः एव नरेन्द्रश्रीः भुज्यते।

समासः—अशक्ताः=न शक्ताः (नञ् तत्पु०)। सोत्साहैः—उत्साहेन सह वर्त्तन्ते इति सोत्साहाः (बहु०) तैः। नरेन्द्रश्रीः=नराणाम् इन्द्रः (ष० तत्पु), नरेन्द्रस्य श्रीः (ष० तत्पु०)।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम्। 'साहसे श्रीः प्रतिवसति।' [७]

(८) **अहमिति। अन्वयः**—पूर्वं तावत् अहम् अवजितः, सुतैः सह लालितः, मया कन्या दृढम् अपहृता, भूयः च न रक्षिता। तस्याः निधनम् अपि च श्रुत्वा मयि तथैव स्वता। ननु यद् उचितान् वत्सान् प्राप्तुम् अत्रः नृपः हि कारणम्।

शब्दार्थ—उचितान्=अर्थात् वत्सदेश का वह भू-भाग, जो शत्रु ने छीन लिया था।

विशेष—हरिणी वृत्तम् । [८]

(९) **षोडशेति । अन्वयः**—ननु षोडशान्तःपुरज्येष्ठा पुण्या नगरदेवता, मम प्रवासदुःखार्त्ता माता कुशलिनी ?

समास—षोडशानाम् अन्तःपुराणां ज्येष्ठा (ष० तत्पु०), नगरदेवता नगरस्य देवता (ष० तत्पु०) । प्रवासदुःखार्त्ता=प्रवासस्य दुःखं प्रवासदुःखम् (ष० तत्पु), प्रवासदुःखेन आर्त्ता (तृ० तत्पु०) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [९]

(१०) **क इति । अन्वयः**—मृत्युकाले कः कं रक्षितुं शक्तः? रज्जुच्छेदे के घटं धारयन्ति ? एवं वनानां तुल्यधर्मः लोकः काले काले छिद्यते रुह्यते च ।

समास—मृत्युकाले=मृत्योः कालः (ष० तत्पु०) तस्मिन् । रज्जुच्छेदे=रज्ज्वाः छेदः (ष० तत्पु०) तस्मिन् । तुल्यधर्मः=तुल्यः धर्मः यस्य (बहु०) सः ।

विशेष—शालिनी वृत्तम् । [१०]

(११) **महासेनस्येति । अन्वयः**—महासेनस्य दुहिता मे प्रिया शिष्या देवी च । कथं देहान्तरेषु अपि सा मया स्मर्तुं न शक्या ?

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [११]

(१२) **वाक्यमिति । अन्वयः**—राज्यलाभशतात् अपि एतत् वाक्यं प्रियतरम् यत् अपराद्धेषु अपि अस्मासु स्नेहः न विस्मृतः ।

समास—राज्य०—राज्यस्य लाभः (ष० तत्पु०) तस्मात् ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१२]

(१३) **कस्येति । अन्वयः**—अस्य स्निग्धस्य वर्णस्य दारुणा विपत्तिः कथम् ? इदं च मुखमाधुर्यम् अग्निना कथं दूषितम् ?

समास—मुखमाधुर्यम्—मुखस्य माधुर्यम् (ष० तत्पु०) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१३]

(१४) **यदीति । अन्वयः**—यदि विप्रस्य भगिनी व्यक्तम् अन्या भविष्यति । लोके परस्परगता रूपतुल्यता दृश्यते ।

समास—परस्परगता=परस्परं गता (द्वि० तत्पु०) । रूपतुल्यता—रूपाणां, रूपयोर्वा तुल्यता (ष० तत्पु०) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१४]

(१५) **प्रच्छाद्येति । अन्वयः**—नृपतेः हितार्थं राजमहिषीं प्रच्छाद्य मया इदं हितम् इति अवेक्ष्य कामं कृतम् । मम कर्मणि सिद्धे अपि मम हृदयम् 'असौ पार्थिवः किं वक्ष्यति' इति परिशङ्कितम् ।

समास—हितार्थम्=हिताय इदम् (नित्यसमास), राजमहिषीम्—राज्ञः महिषी (ष० तत्पु०) ताम् ।

विशेष—वसन्ततिलका वृत्तम् । [१५]

(१६) **भरतानामिति । अन्वयः**—भरतानां कुले जातः, विनीतः, ज्ञानवान्, शुचिः, राजधर्मस्य देशिकः (असि) । तत् बलात् हर्तुं न अर्हसि ।

समास—राजधर्मस्य—राज्ञः धर्मः (ष० तत्पु०), तस्य ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१६]

(१७) **किन्विति । अन्वयः**—किन्नु इदं सत्यम्, स्वप्नः, सा मया भूयः दृश्यते । अनया दृष्टया अपि तदा अहम् एवम् एव वञ्चितः ।

विशेषः—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१७]

(१८) **मिथ्योन्मादैरिति । अन्वयः**—मिथ्योन्मादैः च, युद्धैः च, शास्त्रदृष्टैः मन्त्रितैः च, भवद्यत्नैः वयं खलु मज्जमानाः समुद्धृताः ।

शब्दार्थ—उन्माद=पागलपन । मज्जमानाः—डूबते हुए ।

समास—मिथ्योन्मादैः—मिथ्या उन्मादः (सुप्सुपा समासः) मिथ्योन्मादः तैः । शास्त्रदृष्टैः=शास्त्रेषु दृष्टानि (स० तत्पु०) तैः ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१८]

(१९) **इमामिति । अन्वयः**—सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् एकातपत्राङ्काम् इमां महीं नः राजसिंहः प्रशास्तु ।

समास—सागरपर्यन्ताम्=सागराः पर्यन्ताः यस्याः (बहु०) सा, ताम् । हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्=हिमवद्विन्ध्यौ कुण्डले यस्याः (बहु०) ताम् । एकातपत्राङ्काम्=एकम् आतपत्रम् एकातपत्रम् (कर्म०), एकातपत्रम् अङ्को यस्याः (बहु०) ताम् । राजसिंहः=राजा सिंह इव (उपमितकर्मधारय) ।

विशेष—अनुष्टुप् वृत्तम् । [१९]

———

(जिनमें मूल पाठ के साथ संस्कृत-हिन्दी टीका, भूमिका,
नोट्स एवं अन्य छात्रोपयोगी सामग्री हैं)

अभिषेक-नाटक (भासकृत) (संस्कृत-हिन्दी टीका) : सं० मोहनदेव पंत
अमरुशतकम्—अमरुक
उत्तररामचरित : आनन्दस्वरूप
कथासरित्सागर : सोमदेव-सं० जगदीशलाल शास्त्री
काव्यप्रकाश : (प्रथम भाग)-रामसागर त्रिपाठी
कादम्बरी : मोहनदेव पंत
किरातार्जुनीयम् (१-४ सर्ग) : जनार्दन शास्त्री पाण्डेय
कुमारसंभव (१-२ सर्ग) : जगदीशलाल शास्त्री
चन्द्रालोक (संस्कृत-हिन्दी टीका)-सुबोधचन्द्र पन्त
चित्रकाव्यकौतुक (संस्कृत) : रामरूप पाठक, सं० प्रेमलता शर्मा
दशकुमारचरित (सम्पूर्ण) : सुबोधचन्द्र पन्त एवं विश्वनाथ झा
दशरूपक (संस्कृत-हिन्दी टीका) : बी० एन० पाण्डेय
ध्वन्यालोक (संस्कृत-हिन्दी टीका) (तृतीय व चतुर्थ उद्योत) : रामसागर त्रिपाठी
पंचतन्त्र (सम्पूर्ण) : श्यामाचरण पाण्डेय
प्रसन्नराघव : रमाशंकर त्रिपाठी
प्रतिमानाटक (संस्कृत-हिन्दी टीका) : श्रीधरानन्द शास्त्री
मालविकाग्निमित्र : सं० संसारचन्द्र एवं मोहनदेव पन्त
मेघदूत : संसारचन्द्र
मृच्छकटिकम् (सं० हिन्दी टीका): रमाशंकर त्रिपाठी
विक्रमोर्वशीय : रामविलास त्रिपाठी
वेणीसंहार : रमाशंकर त्रिपाठी
शिशुपालवध (१-४ सर्ग) : जनार्दन शास्त्री पाण्डेय
साहित्यदर्पण : शालिग्राम शास्त्री
सौन्दरनन्द (अश्वघोष कृत) : अनु० सूर्यनारायण चौधरी
स्वप्नवासवदत्त : जयपाल विद्यालंकार
हितोपदेश (मित्रलाभ) : विश्वनाथ शर्मा

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली वाराणसी पटना बंगलौर चेन्नई
पुणे मुम्बई कलकत्ता

मूल्यः रु० १५